# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# यातायात नियम तोड़ रहे वाहन चालक

## शहर में निर्माण कार्य की वजह से 13 चौराहों से हटा ली गई हैं ट्रैफिक लाइटें

सतीश पांडेय • जागरण

गोरखपुरः शहर में ट्रैफिक लाइट व्यवस्था पटरी पर नहीं चढ़ पा रही है। निर्माण कार्य की वजह से 13 प्रमुख चौराहों से पोल हटने के साथ ही लाइट भी हटा लिए गए हैं। ऐसे में वाहन चालक नियम तोड़कर वाहन चला रहे हैं। एसपी यातायात का कहना कि सड़क चौड़ीकरण की वजह से दिक्कत आयी है। नगर निगम के अधिकारियों से बात चल रही है। 15 दिन में स्थित ठीक हो जाएगी।

हर रोज 50 हजार से ज्यादा वाहन शहर की सड़कों से गुजरते हैं। सोमवार को संख्या 60 हजार तक पहुंच जाती है। सुबह स्कूल व सरकारी कार्यालय खुलने के समय नौ से 11 बजे व दोपहर दो से तीन बजे के बीच में जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए शहर में नगर निगम की ओर से 22 जगह ट्रैफिक लाइट लगाई गई हैं। जिसके जरिये नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस की है।

लेकिन, वर्तमान समय में शहर के प्रमुख 13 चौराहों पर चौड़ीकरण की वजह से ट्रैफिक लाइट को हटा दिया गया है। जिसकी वजह से लाइट वाले पोल पर लगे आइटीएमएस कंट्रोल रूम से जुड़े 49 सीसी कैमरे को स्टोर में रखा गया है।



पैडलेगंज में निर्माण के कारण हटाए गए ट्रैफिक सिग्नल • जागरण



जिन चौराहों पर सड़क का चौड़ीकरण व नाला निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है वहां ट्रैफिक लाइट पोल लगवाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों से बात हुई है। 15 दिन के भीतर इस पर अमल होने की उम्मीद है। ट्रैफिक पोल लगने के बाद आइटीएमएस कंट्रोल रूम से जुड़े सीसी कैमरे भी लग जाएंगे।

– संजय कुमार, एसपी यातायात

**इन चौराहों पर मैनुअल चल रही यातायात व्यवस्था :** शहर के अंदर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था पटरी पर नहीं है। ट्रैफिक लाइट का पोल गायब होने के साथ ही पुलिसकर्मी भी दिखाई नहीं देते। पैडलेगंज, रुस्तमपुर, टीपीनगर, आजाद चौक, असुरन, खजांची, पादरी बाजार में पुलिसकर्मी खुद वाहन नियंत्रित करते हैं।

**आठ माह में काटा 68 हजार वाहनों का चालान :** यातायात पुलिस ने इस वर्ष एक जनवरी से 31 अगस्त तक नियमों की अनदेखी करने पर 68 हजार वाहनों का चालान काटा है। जिसमें अधिकांश स्टाप लाइन वायलेशन, दो पहिया वाहन पर हेलमेट न पहनने और तीन सवारी चलने पर कार्रवाई हुई है।

# अलाउद्दीन ने न्यायालय में दी अर्जी, एक सप्ताह में करेगा समर्पण

## डिग्री चुराने का मामला

- गुलरिहा पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम कर रही तलाश
- डाक्टरों की डिग्री चुरा पैथोलाजी खुलवाता था कुशीनगर जिले का जालसाज

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : डाक्टरों की डिग्री चुराकर फर्जी तरीके से पैथोलाजी खुलवाने वाले जालसाज अलाउद्दीन ने न्यायालय में समर्पण करने के लिए फिर अर्जी दी है। तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए एक सप्ताह का समय मांगा है। गुलरिहा थाना पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम जालसाज की तलाश में कुशीनगर के साथ ही आसपास के जिलों में छापेमारी कर रही है।

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज में रहने वाला अलाउद्दीन गुरुवार को न्यायालय में समर्पण करने वाला था। भनक लगने पर गुलरिहा व कैंट थाना पुलिस घेराबंदी की तो कचहरी में नहीं आया। अपने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अलाउद्दीन ने बताया कि उसे वायरल फीवर है। ठीक होने में एक सप्ताह का समय लगेगा जिसके बाद वह न्यायालय में समर्पण कर देगा। अलाउद्दीन से डाक्टर की डिग्री खरीदकर कितने लोगों ने पैथोलाजी सेंटर खोला यह उसके पकड़े जाने के बाद ही स्पष्ट होगा। गाजीपुर व वाराणसी में रहने वाले उसके तीन साथियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि अलाउद्दीन के पकड़े जाने के बाद पूरे नेटवर्क का पता चलेगा। उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कराई जाएगी।

वह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# हत्या के जुर्म में चार को उम्रकैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश विजय बहादुर यादव ने खोरावार थाना क्षेत्र के लालपुर टिकर बड़का भठवा निवासी अभियुक्त रामलक्षन निषाद, शक्ति निषाद,जितेंद्र निषाद व मनोहर निषाद को आजीवन कारावास एवं अभियुक्त रामलक्षन निषाद व मनोहर निषाद को ₹30 हजार तथा शक्ति निषाद व जितेंद्र निषाद को ₹32 हजार अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र सिंह का कहना था कि वादी रविंद्र निषाद खोरावार थाना क्षेत्र के लालपुर टिकर बड़का भठवा का निवासी है। घटना 1 जुलाई 2021 की शाम की है। वादी के पड़ोसी कृष्णा के घर लड़की की शादी थी। जिसमे वादी परिवार के सभी लोग हाथ बंटा रहे थे। कृष्णा और अभियुक्त रामलक्षन निषाद का पहले से विवाद चल रहा था। जिस कारण वह नाराज होकर शादी में हाथ बंटा रहे लोगों को गाली-गुप्ता देने लगा। वादी और शादी में मौजूद रहे लोगों ने मना किया तो अभियुक्तगण लाइसेंसी बंदूक,नाजायज तमंचा,लाठी-डंडा व राड लेकर एकाएक अमादा फौजदारी हो गए। अभियुक्त रामलक्षन निषाद के ललकारने पर अभियुक्त शक्ति व जितेंद्र ने दौड़ाकर रघुनाथ व विकास को गोली मार दी। जिससे रघुनाथ की मौके पर ही मौत हो गई और विकास गंभीर रूप से घायल हो गया तथा गांव के बजरंगी और राकेश को राड व डंडे से गंभीर चोटे आई।

# चौरीचौरा थाना से गायब बाइक महदेवा जंगल स्थित गोदाम से बरामद

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना परिसर से गायब बाइक को स्थानीय थाना पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर बरामद कर लिया। अफसरों के निर्देश और सीओ सर्किल चौरीचौरा की सक्रियता की वजह से बाइक महदेवा जंगल स्थित एक गोदाम से बरामद हो सकी है। यहां सवाल यह है कि आखिर लापता बाइक को थाने से किसने, किसको और क्यों दिया ? थाने से यह बाइक गोदाम तक कैसे पहुंची और इसे छिपाकर किसने और क्यों रखा था। सीओ की जांच के बाद ही यह पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोपा बाजार निवासिनी अनुराधा पत्नी देवानन्द ने एडीजी तथा एसएसपी से लिखित शिकायत कर बताया कि मेरी बाइक चौरीचौरा थाने से लापता हो गई। एसएसपी ने शिकायत की जांच सीओ चौरी चौरा को जांच सौंपी। सीओ ने मामले की जांच गंभीरता से शुरू की। सीओ की जांच पड़ताल के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लातपा बाइक को ग्राम सभा महादेवा जंगल स्थित एक गोदाम से बरामद कर लिया गया। पुलिस को मिली बाइक का नंबर प्लेट गायब था। लापता बाइक का चेचिस व इंजन नम्बर का मिलान करने के बाद पुलिस को अस्पष्ट हो गया कि शिकायतकर्ता की ही यह बाइक है।

# गैंगस्टर एक्ट में नियमों की अनदेखी पर डीएम गोरखपुर से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में नियमानुसार कार्रवाई न होने को लेकर दाखिल याचिका पर गोरखपुर के जिलाधिकारी से जवाब मांगा है। साथ ही देवरिया निवासी याची हेमवंती पटेल के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर लगी रोक अगली सुनवाई तक बढ़ा दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति वीके बिड़ला एवं अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने याची के अधिवक्ता सुनील चौधरी और सरकारी वकील को सुनकर दिया है। हेमवंती के खिलाफ गोरखपुर के चिलुवाताल थाने में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज है।

इस मामले की प्राथमिकी को चुनौती दी गई है। अधिवक्ता सुनील चौधरी ने कोर्ट को बताया कि याची के विरुद्ध तीन झूठे केस दर्ज कराए गए थे, जिनमें वह जमानत पर है। साथ ही याची के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई नियमानुसार नहीं है। डीएम ने संयुक्त मीटिंग कर गैंगस्टर चार्ट नहीं तैयार कराया है।

कोर्ट ने पिछली सुनवाई में इस मामले में जवाब मांगा था और याची के विरुद्ध उत्पीड़न की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। याची के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो व ठगी के झूठे केस दर्ज कराने व इसमें सहयोग करने का आरोप में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# पादरी बाजार में पहरा दे रहे दहशतजदा लोग

- आधी रात को आ रहे हाफ पैंट पहने नकाबपोश,पुलिस की तीन टीमें बनी
- किसी की शरारत या वारदात की फिराक में घूम रहा गिरोह

जागरण संवाददाता,गोरखपुर: पादरी बाजार क्षेत्र के दर्शन भर मोहल्लों में पिछले 10 दिन से एक अजीब सी दहशत में हैं। दहशत की वजह आधी रात को मोहल्ले में अर्द्धनग्न नुकीला हथियार लेकर घूमने वाले नकाबपोश हैं। दो पहिया व चार पहिया से रात में आने के बाद दहशत फैलाने के लिए यह पटाखा फोड़ रहे हैं। इनकी दशहत लोगों के जेहन में इस कदर बैठ चुकी है कि रात को लोग लाठी,कुल्हाड़ी व डंडा लेकर पहरा दे रहे हैं वहीं शाहपुर थाना पुलिस की तीन टीम गश्त करने के साथ तलाश में जुटी है।

14 सितंबर की रात में 12:30 बजे पादरी बाजार के हनुमंत नगर मोहल्ले में लगे सीसी कैमरे में चेहरे पर नकाब लगाए हाफ पैंट पहनकर घूम रहे दो अर्द्धनग्न युवक दिखे। दोनों कालोनी में घूम रहे थे उनके हाथ में नुकिला हथियार व पटाखा था। अगले दिन यह फुटेज स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ ही आसपास के मोहल्ले में पहुंचायी।

खोजबीन करने पर पता चला कि नकाब पहनकर आए युवकों ने दहशत फैलाने के लिए पटाखा भी फोड़ा था। 22 सितंबर की रात को 1:30 बजे दोनों नकाबपोश के फिर से दिखने के बाद शाहपुर थाना पुलिस की एक टीम ने हनुमतनगर कालोनी में डेरा डाल दिया है। नकाबपोश को लेकर स्थानीय लोगों में दहशत है। यह किसी की शरारत है या कोई गिरोह घूम रहा है पुलिस इसकी छानबीन कर रही है।

इस संबंध में एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि पादरी बाजार क्षेत्र में दिखे नकाबपोश युवकों की तलाश चल रही है। सीओ गोरखनाथ की निगरानी में तीन टीम गठित करने के साथ ही गश्त के लिए अलग से टीम बनाई गई है। जल्द ही आरोपितों को पकड़ लिया जाएगा।



हनुमत नगर में घूमते नकाबपोश की सीसी कैमरे में कैद हुई तस्वीर• सौ. इंटरनेट मीडिया

## मामले की जांच में जुटी है पुलिस, नहीं मिल रहा कोई सुराग

पादरी बाजार के कलेद्री, हनुमंत नगर, विवेकानंद, मुसलमान टोला के साथ ही आस-पास लगे सीसी कैमरे का फुटेज देख रही है। फोरेंसिक टीम को भी सुराग जुटाने के लिए बुलाया गया है। गश्त कर रहे पुलिसकर्मी लोगों से अपील कर रहे हैं कि अगर किसी को नकाबपोश के बारे में कोई सुराग मिले तो उन्हें बताएं। हालांकि, अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं और नकाबपोश युवकों का कोई सुराग नहीं मिला है।

पुलिस के हूटर वजाने पर छिप जा रहे संदिग्ध : मंगलवार की रात में पहरा दे रहे सालिकराम नगर कलेद्री के शुभकरन, छोटू साहनी, रिशु सोनकर ने बताया कि 20 सितंबर की रात में बिना नंबर की दो बाइक से नकाबपोश चार युवक आए थे जिनके पास हथियार था। कुछ देर बाद हूटर बजाते हुए पुलिसकर्मी पहुचे तो उन्हे देखकर छिप गए।पुलिस के जाने पर अपने काम में जुट गए। मोहल्ले के लोगों ने शोर मचाया तो भाग गए।

### हनुमंत नगर में कार से पहुंचे थे

हनुमंत नगर कालोनी में रहने वाले अर्जुन मिश्रा ने बताया कि नकाबपोश युवक चोरी करने के इरादे से कार व बाइक से आए थे। दहशत फैलाने के लिए उन्होंने पटाखा फोड़ा था।

सीसी कैमरे के फुटेज में दिख रहा है कि उनके हाथ में टूटी हुई बोतल व धारदार हथियार है।

# टूट गई थी मासूम के सिर की हड्डी, आरोपित को जेल

जासं, गोरखपुर : बांसगांव के भैंसा रानी गांव में रंजीत के ईंट मारने से मासूम विद्यांश के सिर की हड्डी टूट गई थी। मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका पर्दाफाश हुआ। उधर, विद्यांश की मां नीलू देवी की तहरीर पर पुलिस हत्या का केस दर्ज आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

सोमवार की शाम घर से कुछ दूरी पर खेल रहे डेढ़ वर्ष के विद्यांश की आरोपित रंजीत ने ईंट मारकर हत्या कर दी थी। पूरी रात हुई पूछताछ में आरोपित पागल बना रहा। पुलिस के पूछने पर कहता रहा कि अब गलती हो गई, क्या करें। बताया कि एक चिकित्सक से उसने आपरेशन कराया। जिसमें डाक्टर ने उसकी नसबंदी कर दी। जानकारी होने के बाद से मानसिक रूप से बीमार हो गया। उधर, मंगलवार की देर शाम देर शाम विद्यांश का शव घर पहुंचा तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

बच्चों को पढ़ाता था आरोपित : गांव में आरोपित रंजीत की पहचान मास्टर जी के नाम से है। वह गांव के बच्चों को पढ़ाने के साथ विद्यांश को खेलाता भी था। चाकलेट देता था। मासूम की दादी विमला देवी ने बताया कि आरोपित घर पर अकेला रहता था।

किस बेटे के लिए रखूंगी व्रत: शव घर पहुंचने पर विद्यांश की मां नीलू रोते हुए एक ही बात दोहरा रही थी, बुधवार को बेटे की लंबी उम्र के लिए व्रत रखना था, अब किसके लिए व्रत रखुंगी। जिस व्यक्ति को घर पर भोजन कराया, उसके दुख में मदद की, उसी ने बेटे की हत्या कर दी।

# युवक को अगवा कर फर्जी चोरी का वीडियो बनाने वालों पर केस

जासं, गोरखपुर : खान अधिकारी के मुकदमा दर्ज कराने से नाराज मनबढ़ों ने बड़गहन निवासी मोनू यादव को अगवा किया था। वह खजनी थाना क्षेत्र में स्थित सियर में चल रहे काम को देखने गए थे। उसे एक कमरे में बंद कर फर्जी चोरी का वीडियो बनाकर छपिया पशु बाजार के पास छोड़ दिया था। इस मामले में उसकी तहरीर पर पुलिस ने छपिया निवासी अर्जुन यादव, करन, छताई निवासी जयकरन यादव, नंदपार निवासी आशीष यादव, गीडा के एकला निवासी फागु यादव व रवि यादव और 12 अज्ञात पर केस दर्ज किया।

# पत्नी का बयान लेने दिल्ली जाएगी एसआइटी

## गंगेश हत्याकांड

- पूर्व अधिवक्ता को भी बयान देने के लिए लखनऊ से बुलाया गया
- अभी तक की जांच में किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाए हैं अधिकारी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गंगेश हत्याकांड की जांच कर रही एसआइटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) को दिल्ली भेजा जाएगा। गंगेश की पत्नी अपूर्वा अपने बच्चे के साथ दिल्ली में ही है। विवेचक ने बयान देने के लिए उन्हें कई बार बुलाया लेकिन परेशानी के चलते वह गोरखपुर नहीं आ पाईं।

मुकदमा दर्ज कराने वाली गंगेश की भाभी पुष्पा ने लखनऊ में रहने वाले पूर्व अधिवक्ता की भूमिका पर सवाल उठाए थे। नाम सामने आने के बाद एसआइटी के प्रभारी की ओर से विवेचक ने पूर्व अधिवक्ता को बयान देने के लिए नोटिस भेजा था। पूर्व अधिवक्ता ने एक सप्ताह में गोरखपुर आकर बयान देने की बात कही है।

### यह है मामला

महेवा में रहने वाले गंगेश पांडेय के भाई योगेश दत्त की वर्ष 2017 में हत्या कर दी गई। इस मामले में वह गवाह थे। 11 मई की सुबह 10.30 बजे केस के संबंध में बात करने घर से निकले लेकिन एक घंटे में उनकी मृत्यु हो गई। परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए इस मामले में 13 जून को सेवानिवृत्त प्रोफेसर समेत छह लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। फोरेंसिक जांच रिपोर्ट में गंगेश की मृत्यु जहर से होने की पुष्टि के बाद परिवार अब आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहा है।



गंगेश • फाइल फोटो

गोलघर व खोवा मंडी के दुकानदारों से भी बातचीत की जा रही है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि जल्द ही गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

**दो घंटे ही रहता है सुरक्षाकर्मी :** विसरा रिपोर्ट में गंगेश की जहर से मृत्यु होने की पुष्टि के बाद परिवार की सुरक्षा के लिए एसएसपी ने गनर दिया था। पुष्पा पांडेय का कहना है कि पुलिस लाइन से आने वाला गनर एक से दो घंटे ही घर पर रहता है। शाम तक रहने के लिए अगर कोई कहता है तो जवाब देता है कि जब जरूरत होगी तब बुला लीजिएगा।

# पुलिस ने खंगाले कैमरे, रहस्य बरकरार

## पादरी बाजार में नकाबपोशों से दहशत का मामला, कॉलोनी के लोग रात में दे रहे पहरा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर इलाके के पादरी बाजार की हनुमंत नगर, वैष्णो विहार, मानस विहार समेत अन्य कालोनियों में नकाबपोश की दहशत बरकरार है।

मंगलवार को भी पुलिस ने कई जगह के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन नकाबपोश की कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई। पुलिस का कहना है की जांच पड़ताल चल रही है, बहुत जल्द नकाबपोश की पहचान हो जाएगी।

हनुमंत नगर और कुंदन नगर में अलग-अलग दिनों में सीसीटीवी कैमरे में चार नकाबपोश अब तक कैद हो चुके हैं। इसको लेकर कालोनीवासियों ने मंगलवार को बैठक की और घर-घर जाकर कुछ लोगों को जागरूक किया। रात के समय साथ मिलकर पहरा देने की बात पर सहमति बनी।

### पुलिस ने भी बढ़ाई गश्त, नहीं मिल पाई नकाबपोश की कोई जानकारी

देर रात अर्धनग्न हाल में नकाबपोश घूमते सीसीटीवी कैमरे में दिखे हैं। वे मुंह पर नीला कपड़ा या प्लास्टिक लपेटे हुए हैं, केवल उनकी आंखें दिख रही हैं। एक हाथ में नुकीला हथियार और दूसरे में कोई पाउडर लिए हुए हैं।

इनकी हरकतें किसी बड़ी गैंग की तरफ इशारा कर रही हैं। लोगों के बीच चर्चा है कि नकाबपोश के सामने आने पर वे हमला भी कर सकते हैं। इसलिए रात के समय कालोनीवासी भीड़ के साथ पहरा देने निकल रहे हैं।


पादरी बाजार में देर रात घूम रहे हैं दो अर्धनग्न नकाबपोश...लोग दहशत में

24 सितंबर को प्रकाशित खबर।

पादरी बाजार इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर नकाबपोश को ट्रेस करने का प्रयास पुलिस कर रही है। रात में कालोनियों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।
**योगेंद्र कुमार सिंह,**
सीओ

### पहरा देने के लिए खरीदी सीटी और टॉर्च

नकाबपोश की दहशत शाहपुर से लगायत गुलरिहा थाना अंतर्गत आने वाली कॉलोनियों में देखने को मिल रही है। गुलरिहा इलाके के हरसेवकपुर नंबर दो स्थित विवेकानंद कॉलोनी में संदिग्धों के डर से रात में जगकर घरों की रखवाली लोग कर रहे हैं। एक-एक घंटे पहरा देने का टाइम टेबल बनाया है। पहरा के लिए 10 सीटी और टॉर्च खरीदे गए हैं। दो दिन पहले एक संदिग्ध को पकड़कर गुलरिहा पुलिस को सौंपा गया था, लेकिन पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया था।

## युवती से छेड़खानी करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**जासं, झंगहा** : थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 22 साल की युवती रविवार की रात छत पर सो रही थी। उसी दौरान गांव का एक मनबढ़ छत पर चढ़कर उससे छेड़खानी करने लगा। युवती के शोर मचाने पर वह गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। युवती के भाई ने झंगहा पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के रहने वाले आरोपित सर्वदेव राय पर मुकदमा दर्ज किया है।

# देवर पर दर्ज कराया छेड़खानी का मुकदमा

**जासं, हरपुर-बुदहट** : थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर देवर पर छेड़खानी व विरोध पर पिटाई का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए तहरीर में पीड़िता ने लिखा है कि देवर रोहित मुझे हमेशा छेड़ता रहता है। 12 सितंबर की रात नौ बजे वह मुझसे छेड़खानी करने लगा। विरोध पर रोहित व कृष्णमोहन, नेहा देवी व चांदनी ने मिलकर मेरी पिटाई की। बचाने आए पति की भी आरोपितों ने पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपती को अस्पताल भिजवाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रोहित पर छेड़खानी व अन्य आरोपितों पर मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# अलाउद्दीन को वायरल फीवर, कोर्ट में करेगा सरेंडर

**फर्जी डिग्री प्रकरण:** गुलरिहा थाने से वांछित है कुशीनगर का अलाउद्दीन, कोर्ट को दिया प्रार्थना पत्र

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डॉक्टरों की फर्जी डिग्री के मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन ने सोमवार को सिविल कोर्ट में एक और प्रार्थना पत्र दिया है। उसने प्रार्थना पत्र देकर वायरल फीवर होने का हवाला देकर कोर्ट से सात दिन के अंदर सरेंडर करने की मोहलत मांगी है।

ऐसे में अब पुलिस की चुनौती और बढ़ गई है। हाजिर होने से पहले उसकी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट के आस-पास पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है।

गुलरिहा थाने का वांछित कुशीनगर जिले के तमकुहीराज निवासी अलाउद्दीन ने कोर्ट में सरेंडर करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। बीते बृहस्पतिवार को वह सरेंडर करने वाला था, इसकी सूचना पुलिस को पहले ही मिल गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट के चारों तरफ पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम तैनात हो गई। भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया था।

पुलिस की मानें तो अलाउद्दीन का नेटवर्क दूर-दूर तक फैला है। इसमें गोरखपुर के भी कुछ लोग शामिल हैं। अलाउद्दीन के पकड़े जाने के बाद इन लोगों के बारे में जानकारी मिलने की उम्मीद पुलिस को है। साथ ही प्रयागराज, मऊ और गाजीपुर में भी अलाउद्दीन का कनेक्शन मिला है। इस आधार पर वहां जांच भी कराई जा रही है।

### सात दिन बढ़ा पुलिस का सिरदर्द, कैंट क्षेत्र में पुलिस ने बढ़ाया पहरा

अलाउद्दीन की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हैं। वह सरेंडर करने की फिराक में है। इस बात की खबर लगी है। उसकी तलाश चल रही है, बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
**-अभिनव त्यागी, एसपी सिटी**

### 17 मई को गुलरिहा थाने में दर्ज हुआ था केस

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को अलाउद्दीन और राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। इस केस में गुलरिहा पुलिस बीते एक सितंबर को गाजीपुर के भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के पट्टमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर सिराईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

# दिल्ली में गंगेश की पत्नी से पूछताछ करेगी एसआईटी

गोरखपुर। गंगेश हत्याकांड में उसकी पत्नी अपूर्वा पांडेय ने दिल्ली से आकर बयान देने से इन्कार कर दिया है। अब एसआईटी (स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम) दिल्ली जाकर अपूर्वा का बयान दर्ज करेगी। इसके लिए टीम बुधवार को रवाना भी हो जाएगी।

उधर, इस मामले में गंगेश की भाभी व केस की वादी पुष्पा पांडेय ने पति योगेश दत्त पांडेय की हत्या का केस देख चुके पूर्व अधिवक्ता पर भी शक जताया था। इसके बाद एसआईटी ने लखनऊ निवासी अधिवक्ता को बयान देने के लिए नोटिस भेजा था। अधिवक्ता ने पुलिस को नोटिस का जवाब दे दिया है। वह एक सप्ताह में गोरखपुर आकर बयान दर्ज कराएंगे।

**दो घंटे घर पर रहकर कोरम पूरा कर रहा सुरक्षाकर्मी :** केस की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने वादी पुष्पा पांडेय की सुरक्षा के लिए एक गनर दिया था। परिवार का कहना है कि गनर एक या दो घंटे में कोरम पूरा करके पुलिस लाइंस लौट जाता है। उससे बार-बार कहा जाता है कि वह शाम तक तो रुके, लेकिन वह नहीं रुकता है। ब्यूरो

### गंगेश हत्याकांड की जांच कर रही एसआईटी

# अलाउद्दीन को वायरल फीवर, एक हफ्ते में कोर्ट में करेगा सरेंडर

## फर्जी डिग्री प्रकरण : गुलरिहा थाने से वांछित कुशीनगर के अलाउद्दीन ने कोर्ट को भेजा एक और प्रार्थना पत्र, दिया बीमारी का हवाला

गोरखपुर। डॉक्टरों की फर्जी डिग्री के मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन ने सोमवार को सिविल कोर्ट में एक और प्रार्थना पत्र दिया है। उसने प्रार्थना पत्र देकर वायरल फीवर होने का हवाला देकर कोर्ट से सात दिन के अंदर सरेंडर करने की मोहलत मांगी है। ऐसे में अब पुलिस की चुनौती और बढ़ गई है। हाजिर होने से पहले उसकी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट के आस-पास पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है।

**सात दिन बढ़ा पुलिस का सिरदर्द, कैंट क्षेत्र में पुलिस ने बढ़ाया पहरा**

गुलरिहा थाने का वांछित कुशीनगर जिले के तमकुहीराज निवासी अलाउद्दीन ने कोर्ट मे सरेंडर करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। बीते बृहस्पतिवार को वह सरेंडर करने वाला था, इसकी सूचना पुलिस को पहले ही मिल गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट के चारों तरफ पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम तैनात हो गई। भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया था।

पुलिस की मानें तो अलाउद्दीन का नेटवर्क दूर-दूर तक फैला है। इसमें गोरखपुर के भी कुछ लोग शामिल हैं। अलाउद्दीन के पकड़े जाने के बाद इन लोगों के बारे में जानकारी मिलने की उम्मीद पुलिस को है। साथ ही प्रयागराज, मऊ और गाजीपुर में भी अलाउद्दीन का कनेक्शन मिला है। इस आधार पर वहां जांच भी कराई जा रही है।

**17 मई को गुलरिहा थाने में दर्ज हुआ था केस**

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को अलाउद्दीन और राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। इस केस में गुलरिहा पुलिस बीते एक सितंबर को गाजीपुर के भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

> अलाउद्दीन की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हैं। वह सरेंडर करने की फिराक में है। इस बात की खबर लगी है। उसकी तलाश चल रही है, बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> -अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

# युवक को अगवा कर फर्जी चोरी का वीडियो बनाने वालों पर केस

**IMPACT**

**घटना के बाद युवक को आया था हार्ट अटैक, पल्स हास्पिटल में उपचार**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 Sept):** खान अधिकारी के मुकदमा दर्ज कराने से नाराज मनबढ़ों ने ब्रह्मगहन निवासी मोनू यादव को अगवा किया था. वह खजनी थाना क्षेत्र में स्थित सियर में चल रहे काम को देखने गए थे. उसे एक कमरे में बंद कर फर्जी चोरी का वीडियो बनाकर छपिया पशु बाजार के पास छोड़ दिया था. इस घटना से आहत मोनू को हार्ट अटैक आ गया था.


चोरी के फर्जी वीडियो से घबरा युवक को आ गया हार्ट अटैक

### थाना में दी तहरीर

पल्स हार्ट सेंटर में उसका उपचार हुआ. मंगलवार को उसने खजनी थाने में तहरीर दी. जिसके बाद पुलिस ने छपिया निवासी अर्जुन यादव, करन, छताई निवासी जयकरन यादव, नंदपार निवासी आशीष यादव, गीडा के एकला निवासी फागु यादव व रवि यादव और 12 अज्ञात पर केस दर्ज किया.

### कर रहे अवैध खनन

मोनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 सितंबर को नंदपार व सियर के बीच कुछ लोग अवैध मिट्टी खनन कर रहे थे. जहां पर खनन विभाग ने छापेमारी कर उनकी गाड़ी को गीडा पुलिस को सिपुर्द करते हुए केस दर्ज कराया. इसी बीच रात के 1:30 बजे सियर से काम देखकर वह घर जा रहा था.

### छीन ली बाइक

आरोपितों ने उसे रोकते हुए बाइक छीन ली, कहने लगे कि खनन विभाग को सूचना देकर क्यों पकड़वाए हो. इसके बाद सभी मिलकर मारे पीटे. अर्जुन व फागू ने पिस्टल सटाकर कार में बैठा लिया और अलग-अलग जगहों पर ले जाकर पीटे. अंत में अर्जुन अपने घर ले गया और एक कमरे में कुर्सी पर बैठा दिया, आलमारी से सामान निकालकर बिखेर दिया. एक अन्य युवक ने उसका वीडियो बनाया.

### धमकाया भी था

धमकी दी कि फर्जी चोरी के मुकदमे में फंसाया जाएगा. एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर बंधक बनाने, मारपीट समेत अन्य धारा में आरोपितों पर केस दर्ज किया गया है.

# ट्रेन पर पत्थर फेंक मोबाइल फोन लूटने वाले तीन गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : ट्रेन पर पत्थर फेंक कोच में गेट के पास खड़े यात्रियों का मोबाइल फोन लूटने वाले तीन बदमाशों को जीआरपी ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया। कुशीनगर, महराजगंज व संत कबीर नगर जिले के रहने वाले आरोपितों के कब्जे से चोरी व लूट के चार मोबाइल फोन, 2000 रुपये नगद बरामद हुए।

प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी विजय प्रताप सिंह को सूचना मिली के ट्रेन पर पत्थर फेंक यात्रियों का मोबाइल फोन लूटने वाले गिरोह के तीन बदमाश रेलवे स्टेशन के गेट नंबर चार के पास खड़े हैं। प्रभारी निरीक्षक ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी पहचान कुशीनगर जिले के खड्डा,



पकड़े गए आरोपितों के साथ जीआरपी व आरपीएफ की टीम • जागरण

गोनहा में रहने वाले अनुराग मौर्य, महराजगंज जिले के फरेंदा, चौतरवा के शशांक उर्फ सन्नी गुप्ता और संत कबीर नगर जिले के मेंहदावल, बेलवली गांव के गोविंद गौड़ उर्फ रुद्र के रूप में हुई। जांच में पता चला कि मोबाइल फोन लूटने वाला शशांक पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारी के नौकर क्वार्टर में मां व पिता के साथ रहता था।

# फरार अलाउद्दीन जल्द कर सकता है आत्मसमर्पण

## फर्जी डिग्री मामला

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। फर्जी डिग्री का इस्तेमाल कर पैथोलॉजी संचालन करने के मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन ने कोर्ट में हाजिर होने की अर्जी दी है। उसने खुद को बीमार बताया है और सात दिन में हाजिर होने का हवाला दिया है। उधर, इसकी जानकारी होने के बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की कोशिश तेज कर दी है। कचहरी के आसपास पुलिस ने पहरा बढ़ा दिया है।

जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा थाने का वांछित कुशीनगर जिले के तमकुहीराज निवासी अलाउद्दीन ने कोर्ट में सरेंडर करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। बृहस्पतिवार को वह सरेंडर करने वाला था, इसकी सूचना पुलिस को पहले ही लग गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट के चारो तरफ पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम तैनात हो गई। भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया था।

### यह हुआ था

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को अलाउद्दीन और राम पांडेय के खिलाफ धोखाधडी का केस दर्ज कराया था। इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# मासूम की हत्या के आरोपित सिरफिरे को पुलिस ने दबोचा

**फॉलोअप**

- बांसगांव के भैंसा रानी में बच्चे की ईंट से कूंचकर की गई थी हत्या

**बांसगांव, हिन्दुस्तान संवाद।** बांसगांव के भैंसा रानी में डेढ़ साल के बच्चे की हत्या के आरोपित रंजीत को गिरफ्तार कर पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पूछताछ में हत्या की वजह सामने नहीं आई। आशंका यह है कि सिरफिरे युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह उसी बच्चे के साथ पहले खेलता था और उसी पर ईंट से हमला कर दिया।

बांसगांव थाना क्षेत्र के भैंसा रानी निवासिनी नीतू देवी ने तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही रंजीत पुत्र रामसूरत ने घर समीप खेल रहे मेरे डेढ़ वर्षीय पुत्र विद्यांश की ईंट कूंचकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त रंजीत को न्यायलय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया। बांसगांव थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह ने न्यायालय में उपस्थित होकर पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड पर देने की मांग की है।

## बच्ची की मौत के मामले की होगी जांच

गोरखपुर। चौरीचौरा के निजी अस्पताल में मासूम की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मरीज के परिजनों की शिकायत को स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया है। चौरीचौरा निवासी नौ वर्षीय पुत्री सना की निजी अस्पताल में हुई मौत के मामले की जांच के लिए सीएमओ ने तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। बोर्ड बुधवार को सीएमओ कार्यालय में जांच शुरू करेगा। सद्दाम की 9 वर्षीय पुत्री सना खातून की मौत बीते 11 सितंबर को चौरीचौरा बस स्टेशन के सामने स्थित निजी हॉस्पिटल में हुई थी। परिजनों का आरोप है कि सना की मौत के बाद डॉक्टर ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## थाने से गायब बाइक बरामद, एक हिरासत में

**चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद।** चौरीचौरा थाने से गायब हुई बाइक को पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के महादेवा स्थित एक गोदाम से बरामद कर लिया है। पुलिस ने एक युवक को भी हिरासत में लिया है। युवक के पास यह बाइक कैसे पहुंची, इसकी जांच की जा रही है। अब तक की जांच में जालसाजी का बड़ा मामला सामने आया है। फिलहाल सीओ की जांच में ही यह गुत्थी सुलझेगी।

चौरीचौरा थानाक्षेत्र के भोपा बाजार निवासी अनुराधा पत्नी देवानंद ने थाने से बाइक गायब होने की एडीजी से शिकायत की थी। मामले की जानकारी होने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सीओ चौरीचौरा को न सिर्फ मामले की जांच सौंपी, बल्कि बाइक तलाश करने को कहा। सोमवार की देर रात सीओ ने महादेवा स्थित एक गोदाम में छापा डालकर बाइक बरामद कर लिया। पुलिस बाइक को रखने वाले एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिया गया युवक एक जालसाज का साथी बताया जा रहा है।

बाइक बरामद होने के बाद जब पुलिस ने जांच की तो एक नए जालसाजी का मामला सामने आया। पता चला कि बाइक अनुराधा के नाम से मुंडेरा बाजार निवासी इंद्रदेव नामक एक व्यक्ति ने फाइनेंस कराई थी। धोखाधड़ी करके बाइक बेचने के आरोप में इंद्रदेव पहले से जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि इंद्रदेव लोगों से कागजात लेकर उनके नाम से बाइक फाइनेंस कराता और उसे बेच देता था। इस बात की जानकारी उन लोगों को तब होती जब बैंक को किश्त जमा न करने पर वसूली के लिए नोटिस आती थी। इंद्रदेव ने अनुराधा के नाम पर फाइनेंस कराई गई बाइक हिरासत में लिए गए युवक के माध्यम से एक युवक को 70 हजार रुपए में बेच दी थी। बताया जा रहा है कि इंद्रदेव ने जेल में रहते हुए सेटिंग से यह बाइक बेचवा दी है।

### इस तरह से सामने आया मामला

अनुराधा नामक महिला की बाइक को 14 अगस्त को मुंडेरा बाजार में पुलिस ने पकड़ा था। अनुराधा का कहना है कि उसके पति बाइक से बाजार करने गए थे वहीं पुलिसवालों ने चेकिंग के दौरान पेपर न होने का हवाला देकर पकड़ लिया। पुलिसवालों ने बाइक को थाने पर भेज दिया। बाइक का पेपर लेकर जब अनुराधा पहुंचीं, तब तक थाने से बाइक गायब हो गई थी। उसके बाद उन्होंने अफसरों से शिकायत की फिर जांच शुरू हुई।

**सभासद की मध्यस्ता से बाइक थाने से निकालने का शक :** बताया जा रहा है कि थाने पर ले आई गई बाइक को एक युवक को दिलाने के लिए चौरीचौरा के एक सभासद ने भी पैरवी की थी। फिलहाल सीओ की जांच जारी है, इसमें और कई राज सामने आने की बात कही जा रही है।

# फरार पशु तस्करों पर इनाम घोषित

**गोरखपुर।** फरार चल रहे चार पशु तस्करों के गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने इनाम घोषित कर दिया। बांसगांव थाने में दर्ज केस में फरार उरुवा बाजार के कोटिया निवासी दीपू पर 25 हजार रुपये, गीडा थाने में दर्ज केस में फरार मुरादाबाद के तारिक नगर निवासी मोहम्मद यासीन, हरपुर बुदहट थाने में दर्ज केस में फरार गोपलगंज निवासी मुश्ताक और तिवारीपुर में दर्ज केस में फरार शाहिद पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया।

# मोतीराम अड्डा क्षेत्र में सड़क हादसे में एक की मौत

**मोतीराम अड्डा।** खोराबार थानाक्षेत्र के मोतीराम अड्डा-कुसम्ही बाजार मार्ग पर मंगलवार को सड़क हादसे में एक की मौत हो गई। भैसहां बाढन निवासी सुभान अली (55) साइकिल से मोतीराम अड्डा से अपने घर जा रहे थे। अचानक एक ट्रक ने कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ट्रक को पुलिस कब्जे में ले लिया है। वह घूम घूम कर बाल काटने का काम करते थे। वह अपने परिवार का एकमात्र सहारा थे।

# कार और ऑटो में टक्कर, सात लोग घायल

**कैंपियरगंज।** कैंपियरगंज के महावनखोर चौराहे के पास मंगलवार की सुबह करीब सात बजे कार और ऑटो रिक्शा में आमने-सामने की टक्कर में 7 लोग घायल हो गये। कैंपियरगंज के महावनखोर चौराहे से दो सौ मीटर पहले सोकनी तिराहे के पास गोरखपुर से आ रही कार और कैंपियरगंज की ओर से जा रही आटो की आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिसमें आटो सवार रामबेचन, गोलू निवासी पिपरा तहसीलदार महराजगंज, अभिषेक पुत्र सुग्रीव 4 वर्ष,अनुराधा पत्नी सुग्रीव 28 वर्ष निवासी नौडिहवा फरेंदा महराजगंज, लालमति पत्नी संजय 35 वर्ष मुड़ियारी बृजमनगंज महराजगंज, गीता शर्मा पत्नी अर्जुन 30 वर्ष व अर्जुन शमा 35 वर्ष निवासी भरवलिया कोल्हुई महराजगंज घायल हो गए।

# मांगों को लेकर प्रदर्शन 27 सितंबर को

**गोरखपुर।** ईपी एस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के केंद्रीय नेतृत्व आह्वान पर पीएम कार्यालय पर पेंशनर 27 सितम्बर को प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी समिति के जिलाध्यक्ष हनुमान सहाय ने दी। उन्होंने कहा कि 30 सितम्बर तक सरकार सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो पहली अक्तूबर को मुम्बई में विशाल प्रदर्शन होगा।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी पर वकीलों में आक्रोश

चौरीचौरा। चौरीचौरा तहसील बार एसोसिएशन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर निषाद परिवार के एक ग्रुप में अधिवक्ताओं पर अभद्र टिप्पणी की गई है।

अधिवक्ताओं ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओं के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। टिप्पणी में वकीलों का व्यक्तिगत काम नहीं होने के कारण एसडीएम चौरीचौरा का विरोध करने की बात लिखी गई है। अधिवक्ताओं का कहना है पोस्ट देखकर तहसील के अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार राठौर ने फोन किया तो आरोपी धमकी देने लगा।

# फर्जी डिग्री प्रकरण में फरार अलाउद्दीन कर सकता है आत्मसमर्पण

गोरखपुर। फर्जी डिग्री का इस्तेमाल कर पैथोलॉजी संचालन करने के मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन ने कोर्ट में हाजिर होने की अर्जी दी है। उसने खुद को बीमार बताया है और सात दिन में हाजिर होने का हवाला दिया है। उधर, इसकी जानकारी होने के बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की कोशिश तेज कर दी है। कचहरी के आसपास पुलिस ने पहरा बढ़ा दिया है। गुलरिहा थाने का वांछित कुशीनगर जिले के तमकुहीराज निवासी अलाउद्दीन ने कोर्ट में सरेंडर करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। गुरुवार को वह सरेंडर करने वाला था, इसकी सूचना पुलिस को पहले ही लग गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट के चारों तरफ पुलिस तैनात हो गई। भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया था।

# भीटी रावत में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

घघसरा, हिन्दुस्तान संवाद। सहजनवां क्षेत्र के भीटी रावत में हाइवे के किनारे स्थित पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार को विस्फोट हो गया। इसके कारण फैक्ट्री की छत का कुछ हिस्सा उड़ गया और पीछे के तरफ की दीवार भी गिर गई। साथ ही शीशे भी टूट गए। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जन हानि नहीं हुई।

सहजनवां थाना क्षेत्र के भीटी रावत में हाइवे किनारे अब्दुल कलाम पटाखा वर्क्स के नाम से लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री संचालित होती है। यहां पटाखा बनाने के साथ ही थोक में बिक्री भी की जाती है। मंगलवार की शाम को चार बजे के आसपास सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। इस दौरान आग लगने से नजदीक में मौजूद पटाखों में भी विस्फोट होने लगा। घटना के बाद लोगों ने मौके पर मौजूद संसाधनों से कुछ देर में आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के बाद तहसीलदार आरके कन्नौजिया ने मौके का निरीक्षण किया।



हाईवे के किनारे स्थित पटाखा फैक्ट्री में धमाके बाद गिरी चहारदीवारी।

# हत्या के अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश विजय बहादुर यादव ने खोराबार थाना क्षेत्र के लालपुर टिकर बड़का भटवा निवासी अभियुक्त रामलक्षन निषाद,शक्ति निषाद,जितेंद्र निषाद व मनोहर निषाद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अभियुक्त रामलक्षन निषाद व मनोहर निषाद को 30 हजार रुपये तथा शक्ति निषाद व जितेंद्र निषाद को 32 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष का कहना था कि वादी रविंद्र निषाद खोराबार थाना क्षेत्र के लालपुर टिकर बड़का भटवा का निवासी है।

# फर्जी वीडियो बनाने वाले खनन माफिया पर एफआईआर

**असर**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खनन विभाग की कार्रवाई के बाद खनन माफिया ने एक युवक को निशाना बनाया था। खनन माफिया को शक है कि युवक ने ही उसकी मुखबिरी कर पकड़वाया है और इसके बाद चोरी का एक फर्जी वीडियो बनाकर युवक को चोर बताया गया। इससे डरे युवक को हार्ट अटैक आ गया और उसे एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।

अब एसएसपी के निर्देश पर छपिया निवासी अर्जुन यादव, करन यादव, एकला निवासी फागू यादव, छताई निवासी जयकरन यादव, नंदापार निवासी आशीष, रवि यादव व 10-12 अज्ञात पर केस दर्ज कर खजनी

> तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी
>
> -जितेंद्र कुमार, एसपी साउथ

पुलिस छानबीन में जुटी है।

बड़गहल निवासी मोनू यादव ने केस दर्ज कराया है। उसने पुलिस को बताया कि 15 सितंबर को नंदापार और सियर गांव के बीच में आरोपितों ने रोक लिया। बाइक छीन ली और मारपीट कर बंधक बना लिया। इसके बाद फागू यादव ने पिस्टल सटाकर कार में बैठा कर अगवा कर लिया।

घर ले जाकर आलमारी में रखा सामान बिखेर दिया और वीडियो बना कर चोरी में फंसाने की धमकी दी।

# जंगली जानवरों से बचाने के लिए पुलिस ने संभाला मोर्चा

■ अरविन्द कुमार राय

**केस 1** घटना 7 फरवरी 2024 की है। सिद्धार्थनगर जिले के इटवा थाना क्षेत्र स्थित बरगदवा पश्चिमी गांव निवासी अबिद की 10 वर्षीया पुत्री तरन्नुम बकरी चराने गई थी। कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्तों ने उसे नोंचकर मार डाला।

**केस 2** घटना 26 अगस्त 2024 की है। महाराजगंज जिले के नौतनवां थाना क्षेत्र स्थित रामनगर गांव के भवई टोला निवासी वीरेंद्र पासवान पर तेंदुए ने हमला कर दिया। वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**केस 3** बहराइच जिले के महसी क्षेत्र में थिपरी मोहन गांव की घटना है। 16 सितंबर को भेड़िए ने छत पर सो रहे 13 साल के अरमान पर हमला कर दिया। भेड़िए के हमले में अरमान बुरी तरह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**थानों से लगाई जा रही है फोर्स**

पुलिस लाइन से ही नहीं जिले के थानों से भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। प्रतिदिन 10 मोबाइल वाहन, एक निरीक्षक, 21 उप निरीक्षक, 27 हेड कांस्टेबल और 15 कांस्टेबल ड्यूटी दे रहे हैं।

**प्रभावित गांवों में होमगार्ड और चौकीदार भी तैनात**

प्रभावित गांवों में 46 होमगार्ड और पीआरडी जवानों को तैनात किया गया है। इतना ही नहीं 25 चौकीदारों से भी सेवा ली जा रही है।

गोरखपुर। ...ये घटनाएं तो महज बानगी हैं। नेपाल के सीमाई जनपदों में जंगली जानवरों और कुत्तों ने हमला कर कई लोगों को मार डाला या घायल कर दिया। वन विभाग की टीम जंगली जानवरों को पकड़ने में जुटी है। बहराइच में तो अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी जवानों को तैनात किया है जो जंगली जानवरों के हमले से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए दिन-रात पसीना बहा रहे हैं।

नेपाल सीमा पर स्थित सिद्धार्थनगर जिले में कुत्तों का आतंक है। कुत्तों के झुंड बच्चों और महिलाओं पर हमला कर उनकी जान ले रहे हैं या गंभीर रूप से घायल कर दे रहे हैं। कुत्तों के झुंड ने दो बच्चों समेत तीन को मार डाला, जबकि 100 से अधिक लोगों को घायल कर दिया। सिद्धार्थनगर में जहां कुत्तों का आतंक है वहीं महाराजगंज जिले में तेंदुए के लगातार हमले से लोग इस कदर डर गए हैं कि घर से नहीं निकल रहे हैं। तेंदुओं ने नौतनवां क्षेत्र में 4 लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सबसे खराब स्थिति बहराइच की है। बहराइच जिले में भेड़ियों के हमले में 3 पुरुषों और 5 महिलाओं की जान जा चुकी है। इतना ही नहीं भेड़ियों ने 5 पुरुषों और 15 महिलाओं को घायल भी कर दिया है।

जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम पसीना बहा रही है। बहराइच में कुछ भेड़ियों को वन विभाग के कर्मचारियों ने पकड़ा भी है। कुछ अभी भी घूम रहे हैं और हमले भी कर रहे हैं। इस कठिन घड़ी में जंगली जानवरों से जनहानि रोकने तथा लोगों को जागरूक करने का बीड़ा पुलिस ने उठा लिया है। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर बहराइच जिले के प्रभावित 60 गांवों में पुलिस और पीएसी जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

**पुलिस लाइन से रोज लग रही ड्यूटी :** जंगली जानवरों से जनहानि रोकने के लिए पुलिस लाइन से प्रतिदिन 7 मोबाइल वाहन दौड़ाए जा रहे हैं। 4 निरीक्षक, 11 उप निरीक्षक, 16 हेड कांस्टेबल और 11 कांस्टेबल ड्यूटी दे रहे हैं।

# गैंगस्टर के मामले में डीएम गोरखपुर से जवाब तलब

प्रयागराज, विधि संवाददाता। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में नियमानुसार कार्यवाही न होने को लेकर दाखिल याचिका पर गोरखपुर के जिलाधिकारी से जवाब मांगा है। साथ ही देवरिया निवासी याची हेमवंती पटेल के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर लगी रोक को अगली सुनवाई तक बढ़ा दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति वीके बिड़ला एवं अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने [illegible] पर अधिव[illegible]

■ **देवरिया के याची ने लगाया नियमानुसार कार्यवाही न करने का आरोप**

[illegible] सरकारी वकील को सुनकर दिया है। हेमवंती पटेल के खिलाफ गोरखपुर के चिलुआताल थाने में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज है। याचिका में इस मामले की एफआईआर को चुनौती दी गई है। अधिवक्ता सुनील चौधरी ने कोर्ट को बताया कि याची के विरुद्ध तीन झूठे केस दर्ज कराए गए थे, जिनमें वह जमानत पर है।



## छात्रसंघ चुनाव के लिए कुलपति दफ्तर पर हंगामा, 12 हिरासत में

**कुलपति कार्यालय के दरवाजे की कुंडी तोड़ घुस रहे छात्र नेताओं की पुलिस से हुई धक्का-मुक्की, दो घंटे तक चला प्रदर्शन**

**इंदिरा बाल विहार से दंडवत यात्रा निकाल विश्वविद्यालय पहुंचे थे छात्रनेता**

# सीटी बजा कर रहे हैं घर की पहरेदारी

पादरी बाजार। गुलरिहा इलाके के हरसेवकपुर नंबर दो स्थित विवेकानंद कॉलोनी के लोग इन दिनों नकाबपोश संदिग्धों से भयभीत हैं। लोगों ने बताया कि एक सप्ताह से कालोनी में रात के अंधेरे में कुछ संदिग्ध घूम रहें हैं। इनसे बचने के लिए मोहल्ले के लोग अपने घरों की रखवाली के लिए ग्रुप बनाकर रात में जगकर पहरेदारी कर रहे हैं।

व्हाट्सएप ग्रुप में पहरेदारी करते हुए डेट टाइम के साथ अपना फोटो शेयर कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि कुंदन नगर कॉलोनी, विवेकानंद कॉलोनी, हनुमंत नगर कॉलोनी, लक्ष्मीपुर समेत कई मोहल्ले में 10 दिनों से रात के अंधेरे में कपड़े से चेहरा छुपाकर अर्धनग्न होकर कुछ संदिग्ध घूम रहे हैं। जिसकी करतूत कैमरे में कैद है।

# हत्या के जुर्म में चार को आजीवन कारावास

**अदालत से**

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश विजय बहादुर यादव ने खोराबार थाना क्षेत्र के लालपुर टिकर बड़का भठवा निवासी आरोपी राम लक्षन निषाद, शक्ति निषाद, जितेंद्र निषाद व मनोहर निषाद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही आरोपी राम लक्षन निषाद व मनोहर निषाद को 30 हजार रुपए और शक्ति निषाद व जितेंद्र निषाद को 32 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। एक जुलाई को आरोपियों ने एक शादी समारोह में दो लोगों को गोली मारी थी, जिसमें रघुनाथ की मौके पर ही मौत हो गई थी। ब्यूरो

# एडीजी से शिकायत के बाद सीओ ने बरामद कराई बाइक

अमर उजाला ब्यूरो

## एसएसपी ने सीओ चौरीचौरा को दिया था जांच का आदेश

सरदार नगर। चौरीचौरा के भोपा बाजार की अनुराधा द्वारा एडीजी से की गई शिकायत के बाद सीओ ने थाने से गायब बाइक को सोमवार की देर रात में ही एक गोदाम से बरामद किया।

इसकी जांच एसएसपी ने सीओ चौरीचौरा को सौंपी थी। जानकारी के अनुसार, सीओ ने चौरीचौरा के महदेवा स्थित एक गोदाम से बाइक बरामद की। इसके बाद एक और जालसाजी का मामला सामने आया। जांच में पता चला है कि धोखाधड़ी में जेल में बंद मुंडेरा बाजार निवासी इंद्रदेव ने अनुराधा के पति देवानंद के माध्यम से बाइक अनुराधा के नाम पर फाइनेंस कराई थी। इसके बाद बाइक क्षेत्र में ही रहने वाले आकाश को 70 हजार रुपये में बेच दी थी।

बाइक आकाश के पास ही थी। इस दौरान इंद्रदेव के जालसाजी का मामला खुला और पुलिस सभी फर्जी तरीके से फाइनेंस कराई गई बाइक को जमा कराने लगी।

# दिल्ली जाकर गंगेश की पत्नी से पूछताछ करेगी एसआईटी

## लखनऊ के अधिवक्ता गोरखपुर आकर देंगे बयान

गोरखपुर। गंगेश हत्याकांड में उसकी पत्नी अपूर्वा पांडेय ने दिल्ली से आकर बयान देने से इन्कार कर दिया है। अब एसआईटी (स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम) दिल्ली जाकर अपूर्वा का बयान दर्ज करेगी। इसके लिए टीम बुधवार को रवाना भी हो जाएगी। अभी तक एसआईटी को इस केस में कोई ऐसा साक्ष्य नहीं मिला है, जिसके जरिए वह हत्याकांड का पर्दाफाश कर सके। इसलिए अब गंगेश की पत्नी से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जाएगी।

उधर, इस मामले में गंगेश की भाभी व केस की वादी पुष्पा पांडेय ने पति योगेश दत्त पांडेय की हत्या का केस देख चुके पूर्व अधिवक्ता पर भी शक जताया था। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि अधिवक्ता को बदलने के बाद ही यह घटना घटी है। इसके बाद एसआईटी ने लखनऊ निवासी अधिवक्ता को बयान देने के लिए नोटिस भेजा था।

**गंगेश हत्याकांड की जांच कर रही एसआईटी**

"गंगेश की पत्नी का बयान लेने एक टीम दिल्ली भेजी जा रही है। उन्होंने गोरखपुर आकर बयान देने से इन्कार कर दिया था। एक सप्ताह के अंदर लखनऊ के अधिवक्ता गोरखपुर आकर अपना बयान दर्ज कराएंगे। हर पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच चल रही है।

-**अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# पुलिस अभिरक्षा में कृष्णा बांसफोर की मौत से पुलिस महकमा हलकान

**भाटपाररानी (एसएनबी)।** खामपार थाना क्षेत्र के खामपार खटीक टोला निवासी आस्थानंद खटिक की हत्या में नामजद अभियुक्त कृष्णा बांसफोर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अभिरक्षा में ट्रेन से नोएडा से खामपार लाते समय गाजीपुर के दुल्लहपुर व नायकड़ीह स्टेशन के बीच पुलिस की शिथिलता का फायदा उठाकर चलती ट्रेन से कूद कर फरार होने की फिराक में था कि दुर्घटना में उसकी मौत हो गयी। इसे लेकर खामपार पुलिस सहित पूरा पुलिस महकमा समूचे दिन हलकान रहा।

बता दें कि 21 जुलाई की शाम उपजे मामूली विवाद में आस्थानंद को बांसफोर परिवारजनों द्वारा पीट कर लहूलुहान किए जाने के बाद इलाज दौरान गोरखपुर मेडिकल कालेज में हुई मौत के मामले में दर्ज मुकदमे के नामजद आरोपित कृष्णा, गोपाल, कन्हैया और जयप्रकाश में पुलिस तीन को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि किसी का संरक्षण पाकर फरार हुए कृष्णा को गिरफ्तारी को लेकर खामपार पुलिस के जाल में फंसे कृष्णा की मौत के मामले में खुद के बनाये चक्रव्यूह में पुलिस फंसती नजर आ रही है। पुलिस कृष्णा के स्वजन से मिलकर लापरवाही से हुई कृष्णा की मौत को दुर्घटना बताने में जुटी है। खामपार थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित बाँसफोरों व आवास मारपीट का स्थल स्थित है। पुलिस यदि सक्रिय रहती तो पहले ही इस घटना पर विराम लग गया होता। जिससे दो परिवारों के दो प्रमुख लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

मृतक आस्थानंद रिश्तेदारी के किसी वारदात में लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व ही 2 वर्षो की सजा काटकर घर लौटा था। जबकि कृष्णा की माता लक्ष्मीनिया व पिता जयप्रकाश भी आपराधिक मामले में बिहार जेल में बंद था। घटना के कुछ माह पूर्व ही दोनों घर आये थे। बाँसफोरों का यह कुनबा उस गांव में लम्बे समय से निवास करता रहा है। आस-पास के तकरीबन साढ़े सात सौ गांवों में जजमानी करते थे। जयप्रकाश के पिता मैनेजर ने चार शादियां की थी। जिसमें कमपिया, कुंती, लोबिया व चुहिया है। इसमें कंपिया की मृत्यु हो चुकी है। लोबिया लापता है। जबकि कुंती का मायका मधुबन है और चुहिया का मायका चंपारण है। चुहिया का परिवार इन दिनों थाने के बगल में ही रहता है। जयप्रकाश के मनबढ़ स्वभाव से पूरा कुनबा परेशान रहता है। किसी छोटी बात को लेकर उपजे विवाद में पूरे कुनबे ने मिलजुल कर आस्थानंद को बुरी तरह पीट कर मौत के घाट उतार दिया था। थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि चलती ट्रेन से फरार होने की नीयत से कृष्णा के कूदने पर उसकी मृत्यु हो गई। जिसका अंतिम संस्कार पीएम के बाद गांजीपुर में ही करा दिया गया। जबकि सीओ शिव प्रताप ने बताया कि घटना के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। अभी मैं इलाहाबाद से लौट रहा हूं।

# आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** एकौना थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपरहण कर लिये जाने के मामले में किशोरी की मां ने क्षेत्र के आरोपी युवक जवाहिर के खिलाफ एकौना थाने में मुकदमा दर्ज करायी थी। इस मामले में एकौना पुलिस ने आरोपी जवाहिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल, रेफर

**देवरिया( एसएनबी)**। सदर कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर दो चिंतामन चक निवासी वीरु खरवार(28 वर्ष) पुत्र राजेंद्र खरवार वाराणसी के ट्रामा सेंटर मे काम करता है। मंगलवार को वह वाराणसी से ट्रेन से देवरिया अपने घर आ रहा था। अपरा करीब 420 बजे ट्रेन प्लेटफार्म नंबर दो पर रुकने वाली थी, तब तक वह उतरने लगा। जिससे उसका पैर फिसल गया और ट्रेन की चपेट में आ गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्टेशन पर मौजूद लोगों ने आरपीएफ की मदद से उंसे स्थानीय महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कलेज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने उसे मेडिकल कलेज गोरखपुर रेफर कर दिया ।

# हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सवर्ण आर्मी का प्रदर्शन

**देवरिया(एसएनबी)**। तरकुलवा थाना क्षेत्र के कौला मुड़ेरा गांव निवासी सत्यप्रकाश पाण्डेय व उनके परिजनों को मारपीट कर घायल करने वाले हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल के नेतृत्व में मंगलवार को सुभाष चौक पर प्रदर्शन किया। उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों का ज्ञापन लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि तरकुलवा थाना क्षेत्र के कौला मुड़ेरा गांव निवास सत्यप्रकाश पाण्डेय को विगत दिनों कुछ लोगों ने बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया था। हमलावरों के खिलाफ तरकुलवा थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है, किन्तु आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। 24 घंटे के भीतर यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सवर्ण आर्मी उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य वेदप्रकाश तिवारी, अनिल मिश्र, ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र तिवारी, शैलेश उपाध्याय, दुर्गेश उपाध्याय, दुर्गेश पाण्डेय, सुधांशुरंजन मिश्र, राज दीक्षित, संजय पाठक, नितेश पाण्डेय, आशीष शुक्ल, बादशाह प्रेमी, मनीष चतुर्वेदी, रोशन तिवारी, दिनेश त्रिपाठी, पीयूषधर द्विवेदी, सोमेश पाण्डेय, सुभाष तिवारी, संजय तिवारी, बृजेश तिवारी, रौनक शुक्ल, राहुल सिंह, सहदेव पाण्डेय, धर्मेन्द्र पाण्डेय, उत्तेजनारायण मिश्र, दुर्गेश तिवारी, सुनील तिवारी, आशुतोष पाण्डेय, पुनीत उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**देवरिया (एसएनबी)।** मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया ने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ सुभाष चौक पर नेता विपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछड़ा समाज के प्रति कांग्रेस और गांधी परिवार सदैव अहित करती रही है। उसी परम्परा को राहुल गांधी ने विदेश में जाकर ओबीसी आरक्षण के खिलाफ जो बयानबाजी की है उससे पिछड़े समाज के अंदर काफी आक्रोश है।

इस दौरान भाजपा नेता हरेन्द्र जायसवाल, पवन जायसवाल शपिन्टूश, प्रभाकर तिवारी, सम्पूर्णानिन्द गुप्ता, महामंत्री विजय सिंह पटेल, विपिन यादव, रमेश मौर्या, अखण्ड यादव धर्मेन्द्र चौहान, विजय बेलदार, सुशील,सिंह, मन्ना सिंह,राधेश्याम पटेल, त्रिभुवन प्रजापति, शैलेश मद्धेशिया, दीपक वर्मा, आकाश मद्धेशिया, सत्यप्रकास सिंह, बंटी जायसवाल,रणविजय सिंह, त्रिभुवन प्रजापति, पिंटू चौधरी,पंकज विश्वकर्मा,छोटे चौहान मोनू यादव,टुन्नू सिंह,आदि भाजपा पिछड़ा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।




**सुभाष चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपाई।**

# अतिक्रमण के चलते लग रहा जाम, प्रशासन मौन

**भाटपाररानी/रूद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय नगर के प्रमुख आवागमन के मार्ग पर स्थित बेलपार रेलवे क्रासिंग के तिराहे पर ऊमस भरी गर्मी में राहगीर पूरे दिन जाम की समस्या से जूझते रहें।

बता दें कि भाटपाररानी कस्बे में प्रवेश के लिए बेलपार स्थित रेलवे ढ़ाला क्रासिग से प्रतिदिन क्षेत्र के हजारों लोग दुपहिया व चारपहिया वाहनों से यात्रा करते है। ऐसे में त्योहारों के मौसम में कस्बा में बाजार के लिए आने वालों की संख्या बढ़ते ही यह समस्या और बिकराल रूप ले लेती है। मंगलवार को सुबह तकरीबन 10 बजे सायं काल 6 बजे तक बेलपार ढ़ाला क्रासिंग पार करने में यात्रियों व राहगीरों सहित दुपहिया व चारपहिया वाहनों को जाम से निकलने में 2 घंटे तक का समय लगा। हालांकि कुछ लोग इस जाम की समस्या से निजात के लिए बड़का गांव विशुनपुरा स्थित अण्डर रेलवे लाइन पास का सहारा लेकर भी गंतव्य तक पहुंचे। लोगों कहना था कि पुलिस की लचर व्यवस्था के चलते यह समस्या और वृहद रूप ले रही है। पुलिस मुस्तैद रहती तो इतनी देर जाम नही लगता। इस बावत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने बताया कि पुलिस को जाम की सूचना मिलने पर भेजा गया था। ढ़ाला बंद होने यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

**रुद्रपुर कार्यालय के अनुसार** रुद्रपुर नगर पंचायत के मेन मार्केट एवं खजुहा चौराहे पर विगत कई वर्षों से जाम की समस्या बनी हुई है। जिससे आये दिन दोनों स्थानों पर घंटों-घंटों लम्बा



जाम लग जाता है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि मेन मार्केट में जाम लगने से स्थित सा. स्वा. केन्द्र पर मरीजों को लेकर आने जाने वाला एम्बुलेंस भी घंटों जाम में फंस जाता है। उसी रास्ते दिन भर स्थानीय प्रशासन का आना जाना लगा रहता है।

इसके बावजूद भी अतिक्रमण पर प्रशासन के मौन रहने से अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ गया है। जबकि इसके लिये समाजसेवी व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने एसडीएम, सीओ व स्थानीय नगर पंचायत के ईओ को पत्रक दे चुका है। इसके बावजूद में अतिक्रमण जस का तस पड़ा हुआ है। रुद्रपुर नगर के मेन मार्केट, जामुन चौराह, कोतवाली रोड, खजुहा चौराहा, आदर्श चौराहा, बस स्टेशन, इमामबाड़ा, भभौली चौराहे पर आये दिन जाम लग जा रहा है। जबकि मेन मार्केट में ही अस्पताल श्री दुग्धेश्वर नाथ इण्टर कालेज, रामजी सहाय पीजी कालेज, नगर पंचायत कार्यालय, कोतवाली व अन्य प्रतिष्ठान हैं। जहां दिन भर लोगों का आवागमन लगा रहता है। पटरियों पर कब्जा होने के कारण चार पहिया वाहन व एम्बुलेंस के आने जाने व बढ़ते हुए ई-रिक्शा जाम की समस्या लगा दे रहे हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में ठेले वाले सड़कों पर ही अपना ठेला लगाकर मनमानी तरीके से इधर उधर खड़ा कर बेचते हैं, जहां स्थानीय प्रशासन का डर इन लोगों को नहीं है, जिसके चलते जाम की समस्या बनीं हुई है।

# सभासद के मौत मामले में आरोपी ने किया समर्पण

**देवरिया।** बैतालपुर नगर पंचायत के वार्ड-13 गांधीनगर की सभासद संगीता सिंह के पति उपेंद्र सिंह की मौत में नामजद फरार आरोपी दूधनाथ मणि घटना के दिन से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। घटना के 72 वें दिन यानि मंगलवार को दूधनाथ मणि ने पुलिस से बचते हुए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। जबकि पुलिस ने इस घटना में नामजद पूर्व प्रधान अनिल मणि उर्फ गुल्लू को केस दर्ज होने के बाद छठें दिन बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# कृष्णा बांसफोर की मौत की होगी जांच, मांगी रिपोर्ट

**देवरिया।** हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी कृष्णा बांसफोर की मौत के मामले की जांच का एसपी ने निर्देश दिया है। इसकी जांच एएसपी दक्षिणि करेंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर मामले में दोषी मिलने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी। 21 सितंबर को नोयडा से देवरिया लाते समय कृष्णा बांसफोर गाजीपुर जिले में दुल्लहपुर से नायकडीह रेलवे स्टेशन के बीच कहीं कूद गया था। दो दिन बाद उसका शव मिला था। इस मामले में उसके परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# बस की टक्कर से टेम्पो सवार गम्भीर

**सलेमपुर (एसएनबी )।** लार से एक टेम्पो सवारी लेकर सलेमपुर जा रहा था। वह अभी सहजौर के पास पहुंचा था कि देवरिया डिपो की अनुबंधित आ रहे बस से टेम्पू में जोरदार ठोकर मार दी। जिसमें टेम्पू का आगे की हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चार लोग लार थाना क्षेत्र के मोहल्ला पच्चिम निवासी शारिक पुत्र हारून खान, रावतपार अमेठिया निवासी राधा किशोर पुत्र बद्री, दिवाढ़ार गांव निवासी उमेशन पुत्र कवलेश्वर, औरंगाबाद गांव निवासी कौसर सिद्दीकी पुत्र आशिक घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों अपने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही चारों घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# पचास हजार से भरे कैस बाक्स ले उड़े उचक्के

**लार (एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र के चनुकी -भाटपार रोड के किनारे रामनगर गांव के उत्तर स्थित एक गिट्टी बालू की दुकान से कुछ उचक्के पचास हजार रुपए और कुछ जरूरी कागजात से भरे कैश बक्स को उचक्के लेकर भाग गए। दुकानदार ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की। कई जगह सी सी टीवी कैमरे की जांच की गई। इस मामले में दुकानदार ने पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया है। लार थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी राम प्रकाश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य की गांव के उत्तर बगल चनुकी -भाटपार मार्ग के किनारे गिट्टी बालू की दुकान है। मंगलवार को दोपहर में कोई दुकान में घुसा और कैश बक्स लेकर भाग गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने कहा कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# ऋण दिलाने के नाम लाखों रुपया हड़पने के आरोप में केस

**भटनी (एसएनबी)।** स्थानीय नगर पंचायत के एक व्यवसायी से ऋण दिलाने के नाम पर लाखो रुपया हडपने के आरोप मे एक व्यक्ति के विरुद्ध थाने में जालसाजी का मुकदमा दर्ज हुआ है। बताया गया है कि नगर पंचायत के दुर्गा मन्दिर रोड पर स्थित सरार्फा व्यवसायी अभय कुमार वर्मा पुत्र अच्छेलाल वर्मा को विश्वास मे लेकर ग्राम बरसाथ थाना भटनी निवासी सोनू कुमार चौरसिया पुत्र जवाहर लाल चौरसिया द्वारा एक करोड़ पचास लाख रुपया का ऋण 35प्रतिशत छुट दिलाने के लिए कुल 59लाख 98हजार 500सौ रुपया व 1लाख 40हजार का जेवरात हडप लिया । रुपया माँगने पर इन्कार करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है । पुलिस ने तहरीक के आधार पर आरोपी के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

# भाजपा नेताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

देवरिया, निज संवाददाता। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया ने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ सुभाष चौक पर नेता विपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी की।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछड़ा समाज के प्रति कांग्रेस और गांधी परिवार सदैव अहित करती रही है। उसी परम्परा को राहुल गांधी ने विदेश में जाकर ओबीसी आरक्षण के खिलाफ जो बयानबाजी की है उससे पिछड़ा समाज के अंदर काफी आक्रोश है जिसको लेकर आज पिछड़ा मोर्चा देवरिया द्वारा टाउन हॉल से पैदल मार्च कर सुभाष चौक पर राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता हरेन्द्र जायसवाल, पवन जायसवाल पिन्टू (ब्लाक प्रमुख) प्रभाकर तिवारी, सम्पूर्णानन्द गुप्ता, महामंत्री विजय सिंह पटेल, विपिन यादव, रमेश मौर्या, अखण्ड यादव धर्मेन्द्र चौहान, विजय बेलदार सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## कोर्ट नोटिस

**न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय, तमकुहीराज, जनपद–कुशीनगर**

**वाद सं.–2023**

1. अजय धर दूबे, 2. विजय कुमार, 3. अखिलेश धर दूबे पुत्रगण गोपाल, साकिन सरपतही, तप्पा-चासी चिरगोड़ा,

# दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

खुखुन्दू। दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के भाई ने जुलाई माह में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बगल के गांव के रहने वाले आरोपी पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया था। भाई ने पुलिस को बताया था कि मेरी बहन को खुखुन्दू जाते समय रास्ते से आरोपी बहलाकर ले गया था। भाई को अपनी बहन को आरोपी द्वारा मार कर फेंक दिए जाने का भी डर सता रहा था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी सलीम खान उम्र 21 को रहीम नगर थाना महानगर लखनऊ से खुखुन्दू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# झांसा देकर किया दुष्कर्म, पांच पर केस

रुद्रपुर। एक साल से शादी का झांसा देकर युवक शारीरिक संबंध बनाता रहा। कोतवाली के रामलक्षन चौकी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि गांव के ही दूसरे टोला का रहने वाला युवक एक साल पहले उससे शादी करने के लिए कहा था। जिसके बाद उसे झांसा देकर एक साल से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। उसने आरोप लगाया है कि गर्भ ठहर जाने पर देवरिया एक प्राइवेट अस्पताल में उसे ले गए। जहां जबरदस्ती उसका गर्भपाल करा दिए। मना करने पर उसके मारने पीटने लगे। मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज की है।

# मारपीट के दो मामले में नौ के खिलाफ केस

देवरिया, निसं। मारपीट के दो मामले में पुलिस ने नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रजला व एक अन्य गांव में मारपीट हुई थी। एक मामले में दरवाजे पर चढ़ कर हमला किया गया, जबकि दूसरे मामले में खेत में पानी चला रही महिला से जबरजस्ती करने के विरोध पर पीटा गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के रजला निवासी मनोज निषाद ने पुलिस को तहरीर दिया कि 21 सितंबर को वह अपने दरवाजे पर शाम साढ़े सात बजे बैठे थे।

इसी दौरान उनके पट्टीदार रामाश्रय निषाद, संजय निषाद, अजय, गुड्डू व शत्रुघ्न नषाद पुरानी रंजीश को लेकर दरवाजे पर पहुंच कर गाली देने लगे। मना करने पर उक्त पांचों लोग लाठी, डंडा से हमला बोल दिये। इसमें वह घायल हो गये। शोर सुनकर मौके पर लोगों के पहुंचने पर धमकी देते हुए वह भाग गये। इस मामले में पुलिस ने उक्त पांचो के खिलाफ धारा 191(2), 115(2), 352 व 351(2) में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दिया कि 22 सितंबर की रात को वह अपने खेत में पानी चला रही थी। इस दौरान उनके गांव का सुरेन्द्र यादव पहुंचा और हाथ पकड़कर जोर जबरजस्ती करने लगा।

# थाना परिसर में ही भिड़े लोग, पुलिस ने दिखाई सख्ती

लार: थाना परिसर में मंगलवार की शाम दो पक्ष आपस में भिड़ गए। पुलिस ने सख्ती दिखाई और दोनों पक्ष के लोगों को हिरासत में ले लिया। भीखम छपरा में दो पक्ष जमीनी विवाद में आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनों पक्ष को बुलाया और समझा कर छोड़ दिया। शाम को दोनों पक्ष फिर से भिड़ गए।

लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्ष के लोगों को हिरासत में ले लिया। रात को दोनों पक्ष थाने में ही भिड़ गए।

प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्ष से लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कृष्णा की मौत के मामले में विभागीय जांच शुरू : जासं, भाटपाररानी: हत्यारोपित कृष्णा के गाजीपुर में पुलिस अभिरक्षा से फरार होने तथा दुल्लहपुर रेलवे के समीप से शव मिलने के मामले की जांच एएसपी ने शुरू कर दी है। कृष्णा की मौत के बाद संबंधित पुलिस कर्मियों की परेशानी बढ़ सकती है। इसलिए खलबली मची हुई है। खामपार थाना क्षेत्र के खामपार निवासी आस्थानंद की हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे कृष्णा बांसफोर को नोयडा से पुलिस ने चार दिन पहले गिरफ्तार किया।

देवरिया लाने से पहले ही वह दुल्लहपुर में पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। दो दिन पहले उसका शव भी बरामद रेलवे ट्रैक से हो गया है।

# बालिकाओं की सुरक्षा पर चिंतन करे समाज : अपर जिला जज



वन स्टाप सेंटर में जानकारी लेते अपर जिला जज मनोज कुमार तिवारी • सौ.सूचना विभाग

जासं, देवरिया: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज मनोज कुमार तिवारी ने वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निराश्रित महिला और पुलिस द्वारा रेस्क्यू की जाने वाली लड़कियों के रहने, खाने-पीने, उनकी काउन्सलिंग एवं सेन्टर की साफ-सफाई आदि की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के अधिकारों पर समाज को चिंतन करने की जरूरत है। वन स्टाप सेंटर आने वाली हर महिलाओं का ठीक से ख्याल रखें और उनकी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दें। सुरक्षा को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जाए। जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामलों को चिह्नित कर अधिक से अधिक संख्या में प्राधिकरण कार्यालय में भेजा जाए।

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जासं, खुखुंदू: थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने लखनऊ से मंगलवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भजे दिया गया।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के साथ एक युवक ने एक माह पहले दुष्कर्म किया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ, जिसके बाद आरोपित फरार हो गया। मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच में जुटी पुलिस को आरोपित का लोकेशन लखनऊ मिला। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपित शहजाद अली निवासी बालेपुर कला थाना खुखुंदू को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# किशोरी की बरामदगी को एसपी से लगाई गुहार

सलेमपुर। मटियरा गांव की एक किशोरी शुक्रवार की सुबह घर से पढ़ने के लिए घर से निकली थी। वह देर शाम घर नहीं पहुंची तो परिजन उसे तलाशने में जुट गए। माता पिता ने इसकी तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। किशोरी के गायब होने के चार दिन बाद भी उसका पता नहीं चल सका। इससे परेशान गायब किशोरी की मां व पिता जिला मुख्यालय पहुंच कर बेटी के साथ अनहोनी होने की आशंका व्यक्त किया और उसकी बरामदगी के लिए एसपी से मिलकर गुहार लगाई है।

# चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

देवरिया: सदर कोतवाली के गोपालपुर में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव की रहने वाली अतरवासी देवी ने पुलिस को तहरीर दी है कि 22 सितंबर को वह खेत में सिंचाई कर रही थीं। इस बीच कुछ लोगों ने पिटाई की। पुलिस ने सुरेन्द्र यादव, गुलाब यादव, विनोद यादव व रामध्यान का भांजा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का फूंका पुतला



शहर के सुभाष चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा नेता • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: भाजपा पिछड़ा मोर्चा के तत्वावधान में शहर के सुभाष चौक पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। साथ ही राहुल गांधी को पिछड़ा विरोधी होने की बात कही।

भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछड़े वर्ग का कांग्रेस और गांधी परिवार सदैव अहित करता रहा है। उसी परंपरा को राहुल गांधी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विदेश में जाकर ओबीसी आरक्षण के खिलाफ जो बयानबाजी की है, उससे पिछड़े वर्ग के लोगों के अंदर काफी आक्रोश है। राहुल गांधी को पिछड़े वर्ग के लोगों से माफी मांगी जानी चाहिए। इस दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया, भाजपा नेता हरेंद्र जायसवाल, पवन जायसवाल 'पिन्टू', प्रभाकर तिवारी, सम्पूर्णानन्द गुप्ता, महामंत्री विजय सिंह पटेल, विपिन यादव, रमेश मौर्या आदि मौजूद रहे।

## भागलपुर पुल से सरयू नदी में युवक ने लगाई छलांग

जासं, भागलपुर, देवरिया: भागलपुर पुल से मंगलवार की सुबह युवक ने नदी में छलांग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कराई, लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं चल सका था।

बलिया जनपद के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के देवकली माल्दह के रहने वाले 30 वर्षीय अविनाश पांडेय उर्फ छोटू पांडेय यूपी पुलिस की भर्ती की तैयारी करते थे। सुबह घर से दौड़ने के लिए निकले और किसी वाहन से भागलपुर पुल पर पहुंच गए। उन्होंने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन मांगा और अपने चचेरे भाई को फोन लगाया। फोन रिसीव नहीं हुआ। उस व्यक्ति को अपना नाम बताने के साथ ही उसने सरयू नदी में छलांग लगा दिया। यह देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। यह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# छात्राओं को सिखाया गया सुरक्षित रहने का गुर

खुखुंदू: नारी शक्ति मिशन एवं एंटी रोमिया के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को सरस्वती एकेडमी सरया में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को सुरक्षित रहने का गुर सिखाया गया।

उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि छात्राएं किसी तरह की दिक्कत आए तो सीधे 1090, 112 पर काल करें। इसके अलावा 1076 पर भी काल किया जा सकता है। चंद मिनट में पुलिस आपके पास पहुंचेगी और आप की समस्या का समाधान करेगी।

साइबर अपराध होने पर 1930 पर काल करें। इस दौरान सिपाही प्रदीप यादव, अजीत कुमार, शांति कुशवाहा, प्रबंधक सुबोध श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, सचिन यादव, सर्वेश गुप्ता, मुरारी यादव मौजूद रहे।

गैस, बदहज्मी, एसीडीटी,

# शिक्षकों के समर्थन में उतरा गुआक्टा, धरना जारी


स्वामी देवानंद पीजी कालेज में धरना को संबोधित करते शिक्षक नेता देवेंद्र मिश्र • जागरण

जागरण संवाददाता, लार, देवरिया: स्वामी देवानंद पीजी कालेज मठलार में कनिष्ठ शिक्षक डा. धीरज पांडेय को प्राचार्य का कार्यभार देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गोरखपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयी शिक्षकों के संगठन गुआक्टा भी आंदोलित शिक्षकों के समर्थन में उतर आया है। मंगलवार को गुआक्टा के अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मठलार पहुंचकर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के धरना-प्रदर्शन में प्रतिभाग किया। शिक्षकों ने प्रबंधक पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

प्रो. ब्रह्मानंद सिंह के प्राचार्य पद से त्यागपत्र देने के बाद प्रबंध तंत्र के विरुद्ध सभी शिक्षक लामबंद हो गए हैं। शिक्षकों का आरोप है कि प्रबंधक की तरफ से दैनिक कार्यों में हस्तक्षेप करने, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए अनुचित व अनैतिक दबाव डालने, अपमानित करते हुए धमकी देने के साथ ही प्राचार्य पद से त्याग-पत्र ले लिया गया। शिक्षकों के सामूहिक अनुरोध की भी प्रबंधक ने अनदेखी की। वरिष्ठता क्रम में 24वें स्थान पर असिस्टेंट प्रोफेसर डा. धीरज पांडेय को कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त कर दिया गया है। जिससे सभी शिक्षक मर्माहत व अपमानित महसूस कर रहे हैं।

प्रो. ब्रह्मानंद सिंह से प्राचार्य पद से त्यागपत्र लेने के बाद अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने को शिक्षक विवश हुए हैं। उधर, गुआक्टा अध्यक्ष प्रो. लोकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों ने मठलार कालेज पहुंचकर शिक्षकों के धरना का समर्थन किया, जिसमें गुआक्टा के महामंत्री डा. निरंकार राम त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष प्रो. केडी तिवारी, पूर्व महामंत्री प्रो. धीरेंद्र सिंह, संयुक्त मंत्री प्रद्योत कुमार सिंह, फुफुक्टा प्रतिनिधि डा. वेद प्रकाश सिंह, जनपदीय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. विनय रावत, महामंत्री प्रो. वाचस्पति द्विवेदी, प्रो. अरविंद कुमार, बीआरडीबीडी कालेज बरहज के प्रो. सूरज गुप्त, नपं लार के पूर्व अध्यक्ष श्रीराम सिंह, शिवदयाल सिंह, छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर सिंह, क्षत्रिय समाज के अरविन्द सिंह, पूर्व छात्रनेता अनिल सिंह, एसडी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शत्रुघ्न तिवारी, गजेंद्र चौबे आदि ने समर्थन किया।

# एसओजी ने बूथ अध्यक्ष को छोड़ा, कर्मी से पूछताछ जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

तरकुलवा। एसओजी टीम ने थाना क्षेत्र के एक गांव से सोमवार की देर शाम एक बूथ अध्यक्ष और फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को उठा लिया था। इसे लेकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। एसओजी ने देर रात पूछताछ कर बूथ अध्यक्ष को छोड़ दिया। वहीं, फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से पूछताछ की जा रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बरवा मीरछापर के आनंद नगर चौराहे पर एक फाइनेंस कंपनी में काम करता है। कुछ दिन पूर्व उसने गांव के एक युवक को छूट का प्रलोभन देकर बैंक से फाइनेंस कराकर बाइक दिलवा दी, लेकिन उसने फाइनेंस के कागजात पूरे करते समय युवक के आधार कार्ड को एडिट करके लगा

**बूथ अध्यक्ष और फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को उठा लिया था**

दिया। जब बैंक के फील्ड अफसर ने आधार कार्ड की जांच करवाई तो पता और फोटो दोनों अलग-अलग व्यक्तियों के निकले।

बैंक ने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिस पर कुशीनगर एसओजी ने सोमवार देर शाम मोटरसाइकिल की एजेंसी पर पहुंचकर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को हिरासत में ले लिया। उसकी निशानदेही पर बाइक खरीदने वाले बूथ अध्यक्ष को भी उठा लिया। एसओजी टीम दोनों को लेकर कप्तानगंज चली गई। जहां पूछताछ के बाद देर रात बूथ अध्यक्ष को छोड़ दिया, लेकिन फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से पूछताछ कर रही है।

# गिट्टी-बालू की दुकान से 50 हजार ले उड़े

चनुकी। लार थाना क्षेत्र के चनुकी-भाटपार रोड के किनारे रामनगर गांव के उत्तर स्थित एक गिट्टी बालू की दुकान से कुछ उचक्के पचास हजार रुपए और कुछ जरूरी कागजात से भरे कैश बॉक्स को उचक्के लेकर भाग गए। दुकानदार ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

कई जगह सी सी टीवी कैमरे की जांच की गई। इस मामले में दुकानदार ने पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया है। लार थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी राम प्रकाश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य की गांव के उत्तर बगल चनुकी-भाटपार मार्ग के किनारे गिट्टी बालू की दुकान है। मंगलवार को दोपहर में कोई दुकान में घुसा और कैश बॉक्स लेकर भाग गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने कहा कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# सभासद के पति की मौत मामले में आरोपी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

## पुलिस की लगातार दबिश के बीच, न्यायालय में पहुंच किया आत्मसमर्पण

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बैतालपुर नगर पंचायत के वार्ड-13 गांधीनगर की सभासद संगीता सिंह के पति उपेंद्र सिंह की मौत में नामजद फरार आरोपी दूधनाथ मणि घटना के दिन से फरार चल रहा था।

पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। घटना के 72 वें दिन यानि मंगलवार को दूधनाथ मणि ने पुलिस से बचते हुए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। जबकि पुलिस ने इस घटना में नामजद

**बैतालपुर नगर पंचायत के वार्ड513 की सभासद के पति की 12 जुलाई को हुई थी मौत**

पूर्व प्रधान अनिल मणि उर्फ गुल्लू को केस दर्ज होने के बाद छठे दिन बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बीते 12 जुलाई को गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बरारी गांधीनगर के सभासद पति उपेंद्र सिंह (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। लेकर परिजनों से लगायत पूरे बैतालपुर नगर क्षेत्र में अफवाहों का बाजार अब तक गर्म है।

सोशल मीडिया पर सभासद की इलाजरत की फोटो लगाकर दावत के बहाने बुलाकर जहर देने की सूचना वायरल हुई थी। हालांकि इसकी पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। उपेंद्र सिंह की तबीयत दो जुलाई की रात बिगड़ने पर देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार तो हुआ, लेकिन परिजनों ने उपेंद्र को लेकर गोरखपुर गोरखनाथ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां करीब पांच दिन इलाज के बावजूद हालत में सुधार न होता देख परिजन उन्हें एंबुलेंस से पीजीआई के लिए लेकर रवाना हुए। इस बीच ऑक्सीजन लेवल कमजोर होने के कारण रास्ते में ही उपेंद्र की मौत हो गई। पत्नी की तहरीर पर दूधनाथ मणि व अनिल मणि सहित दो अज्ञात लोगों पर भारतीय न्याय संहिता 103 (1) व 123 के तहत केस दर्ज कर लिया गया था।

# हत्याकांड के आरोपी की मौत मामले में जांच टीम गठित

## कृष्णा की मौत में पुलिस की लापरवाही की जांच करेगी टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

**भाटपार रानी।** क्या 21 सितंबर को हत्या में वांछित चल रहे आरोपी कृष्णा की ट्रेन दुर्घटना में गई जान पुलिसिया लापरवाही का नतीजा तो नहीं। घटना के बाद आखिर पुलिस के अधिकारी अपना मुंह क्यों नहीं खोल रहे, पूरे मामले में पुलिस क्या खेल खेल रही है। थानाध्यक्ष खामपार क्यों पूरे मामले को दबाने में लगे हैं। कृष्णा की मौत के बाद पुलिस पूरे मामले के डैमेज कंट्रोल में लग कर अपनी लापरवाही से अपने को बचा रही है।

पुलिस पर यह बड़ा सवालिया निशान है। खामपार थाना के खामपार कस्बा निवासी आस्थानंद खटीक और जयप्रकाश बांसफोर परिवार के बीच आपसी रंजिश ने जो बीज बोया उसमें दोनों परिवार के एक-एक लोग काल के गाल में समा गए। यह बात आज आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है। दोनों परिवार से एक-एक लोगों की हुई मौत ने इन परिवारों को सदमे में डाल दिया है। 21 जुलाई 2024 को आपसी रंजिश वस आस्था नंद व जयप्रकाश पहले आपस में भिड़े, फिर दोनों का परिवार आपस में भिड़ गया और यह घटना खामपार थाने से महज 200 मीटर पर हुई।



वीरान पड़ा कृष्णा का घर। संवाद

मारपीट की घटना में आस्था नंद की मौत हो गई। इसमें आस्था नंद के पुत्र नीतेश की तहरीर पर जयप्रकाश सहित उसके तीन पुत्रों कृष्णा, कन्हैया और गोपाल को आरोपी बनाया गया और जयप्रकाश सहित कन्हैया व गोपाल को पुलिस ने जेल भेज दिया। जबकि कृष्णा फरार चल रहा था और 21 सितंबर को पुलिस कस्टडी से भागने के चक्कर में ट्रेन एक्सीडेंट में गाजीपुर जनपद के दुल्लहपुर स्टेशन और नायकडीह स्टेशन के बीच कृष्णा की मौत हो गई। कृष्णा की मौत के बाद गांव में फिर एक बार चर्चाओं का बाजार गर्म है ।

### एक से दो दिन में जांच पूरी होने के बाद की जाएगी आगे की कार्रवाई

इस मामले की जांच की जिम्मेदारी एएसपी दक्षिणी को सौंपी गई है। एक से दो दिन में जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**-संकल्प शर्मा, एसपी**

लोग इस पर मुंह खोलने को तैयार नहीं वही जयप्रकाश के पिता मैनेजर ने चार शादियां की थी जिसमें से कुंती का पुत्र जयप्रकाश है वहीं उसकी सौतेली मां चुहिया देवी जीवित है। 20 साल पूर्व जयप्रकाश को उसके परिजनों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह पंचायत भवन में रहकर अपने बच्चों के साथ गुजर बसर करती है। जयप्रकाश के चार पुत्रों व दो पुत्रियों में बड़ा कृष्णा था, जिसकी शादी मधुबन में हुई थी। उसकी पत्नी लक्ष्मीनिया देवी है और कृष्णा से दो बच्चे हैं, एक पुत्र और पुत्री।

# गायब युवक की खोज में जुटी सुरौली पुलिस, एसओजी पहुंची नजदीक

**पैकौली।** सोशल मीडिया पर खून से लहूलुहान बताकर सुरौली थाना क्षेत्र के कतरारी गांव निवासी एक युवक ने वीडियो वायरल किया था। उसने गांव के ही दो लोगों पर चाकू से गोदने का आरोप लगाया था।

इसके बाद पुलिस ने गांव के दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के दो दिन बाद छोड़ दिया। इस मामले में पुलिस गायब युवक के नजदीक पहुंचने का दावा कर रही है। पुलिस की मानें तो एक से दो दिन के अंदर युवक को बरामद कर इस अपहरण व चाकूबाजी की वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल बरामदगी के लिए पुलिस ने दबिश देने की बात कही। कतरारी गांव निवासी अमन कश्यप पुत्र स्व. संजय निषाद का बृहस्पतिवार की रात में एक वीडियो वायरल हुआ।

इसमें वह रो रहा है। वीडियो में वह गांव के ही दो लोगों का नाम लेते हुए चाकू मारकर लहूलुहान करने की बात कह रहा है। इधर, शुक्रवार की सुबह उसकी मां कमलावती देवी ने सुरौली थाने की पुलिस को तहरीर दी। पुलिस केस दर्ज कर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। पुलिस ने शनिवार को गायब युवक के बारे में जानकारी लेने के लिए एक व्यक्ति को उठाया था, जिससे पूछताछ कर पुलिस ने छोड़ दिया।

पुलिस ने घटना के दिन से गौरीबाजार, चौरीचौरा, गोरखपुर सहित कई जगह दबिश दी। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने तीन दिन गोरखपुर में डेरा डाल रखा था। इस दौरान गायब युवक के संबंध में कई अहम जानकारी मिली है। पुलिस उसके करीब पहुंच गई है। एक से दो दिन के अंदर उसे बरामद कर इस घटना का खुलासा कर देगी। सीओ आदित्य कुमार ने बताया कि जल्द ही गायब युवक को पुलिस बरामद कर लेगी। पुलिस लगातार दबिश दे रही है। संवाद

# मारपीट के दो मामले में नौ के खिलाफ केस दर्ज

देवरिया। मारपीट के दो मामले में पुलिस ने नौ के खिलाफ केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रजला व एक अन्य गांव में मारपीट हुई थी। एक मामले में दरवाजे पर चढ़ कर हमला किया गया, जबकि दूसरे मामले में खेत में पानी चला रही महिला से जबरदस्ती करने के विरोध पर पीटा गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के रजला निवासी मनोज निषाद ने पुलिस को तहरीर दिया कि 21 सितंबर को वह अपने दरवाजे पर शाम साढ़े सात बजे बैठे थे। इसी दौरान उनके पट्टीदार रामाश्रय निषाद, संजय निषाद, अजय, गुड्डू व शत्रुघ्न नषाद पुरानी रंजिश को लेकर दरवाजे पर पहुंच कर गाली देने लगे। मना करने पर पांचों लोगों ने लाठी, डंडा से हमला बोल दिया। इसमें वह घायल हो गए। शोर सुनकर लोगों के पहुंचने पर धमकी देते हुए वह भाग गए। संवाद

# 74 लाख की ठगी के आरोपी के परिजनों को पुलिस ने उठाया

## एसपी के निर्देश पर पुलिस व एसओजी भी आरोपी की तलाश में जुटी

संवाद न्यूज एजेंसी

**भटनी।** बैंक लोन में 35 प्रतिशत छूट का झांसा देकर दुकानदार से 74 लाख रुपये की ठगी करने वाला आरोपी फरार है। धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में छापे मार रही है।

मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के परिजनों को थाने लाकर पूछताछ की और छोड़ दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस के अलावा एसओजी भी लगाई गई है। भटनी नगर के दुर्गा मंदिर रोड निवासी अभय कुमार वर्मा सराफा की दुकान चलाते हैं। करीब एक साल पूर्व बरसात गांव निवासी सोनू चौरसिया से उनकी मुलाकात हुई। दोनों में दोस्ती हो गई और सोनू अक्सर शाम को अभय की दुकान पर बैठने लगा। एक दिन बातों ही बातों में सोनू ने दिल्ली स्थित एक बैंक से 35 प्रतिशत छूट के साथ लोन दिलाने में लोगों की मदद करने की बात कही। लोन लेकर दुकान को भव्य रूप देने के लिए सोनू से लोन दिलाने में मदद करने को कहा।

**धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में मार रही है छापे**

आरोपी ने दुकानदार के मजबूरी का फायदा उठाकर झांसे में ले लिया। वह पीड़ित से कई बार में 59 लाख 98 हजार रुपये नकद, और 14 लाख रुपये के गहने लेकर दिल्ली जाने की बात कह निकल गया। पांच महीने बीत जाने के बाद दुकानदार को ठगी का अहसास हुआ तो वह रुपये मांगने लगा। इसके बाद आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल स्विच ऑफ कर लापता हो गया।

इधर पीड़ित को जानकारी हुई कि आरोपी दुकानदार से लिए रुपयों को बाजार में ब्याज पर देकर मौज की जिंदगी जी रहा है। दुकानदार सक्रिय हुआ और मामला पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के पास ले गया। एसपी के आदेश पर आरोपी सोनू चौरसिया पर धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि डेढ़ करोड़ के लोन में 35 प्रतिशत छूट के चक्कर में दुकानदार ठगी का शिकार हुआ है। केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# दंपती को पीटने के आरोपी पूर्व प्रधान पर लगेगा गैंगस्टर

## पूर्व प्रधान का आपराधिक इतिहास खंगाल रही पुलिस, पूर्व में भी एक व्यक्ति की पिटाई कर हाथ-पैर तोड़ने सहित दर्ज हैं तीन मामले

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया/ पैकौली।** सुरौली थाने के परसा जंगल में दंपती को पेड़ में बांध कर पिटाई करने के मामले में आरोपित पूर्व प्रधान पर पुलिस महकमा गैंगस्टर लगाने की तैयारी में है। एसपी का कहना है कि पूर्व प्रधान का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। उसके बाद उस पर कार्रवाई की जाएगी।

गैंग बनाकर इस तरह की वारदात को अंजाम देने वाले पूर्व प्रधान पर नकेल कसने के लिए पुलिस यह कार्रवाई कर रही है। उसरा बाजार निवासी उमाशंकर के पुत्र गुड्डू मद्धेशिया की पत्नी संजू देवी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसका गोरखपुर से इलाज चल रहा था। 13 सितंबर की रात में वह घर से अचानक निकल गई और भटकते हुए परसा जंगल गांव पहुंच गई, जहां देर रात में अनजान महिला को देख ग्रामीणों ने चोर समझ कर पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी थी।

बाद में बगल के गांव उसरा बाजार की होने की जानकारी हुई तो सुबह उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उसी दिन शाम को परसा जंगल का पूर्व प्रधान कमलेश यादव दो साथियों के साथ उसरा बाजार पहुंचा और महिला संजू देवी व उसके पति गुड्डू को लेकर अपने गांव पहुंचा और दोनों को पेड़ में बांध कर पिटाई शुरू कर दी।

परिजनों को जानकारी हुई तो गांव के प्रधान से संपर्क कर दंपती को मुक्त कराकर घर लाए। पिटाई से गंभीर महिला को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इसी बीच किसी ने सोशल मीडिया पर पिटाई का वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर पूर्व प्रधान कमलेश यादव सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अब पुलिस पूर्व प्रधान का पुराना आपराधिक इतिहास देख उन पर गैंगस्टर लगवाने की तैयारी में है। पूर्व प्रधान पर पहले भी एक व्यक्ति की पिटाई कर हाथ-पैर तोड़ने सहित तीन केस दर्ज हैं। दंपती की पिटाई को मिलाकर कुल चार मामले दर्ज हो गए हैं। सूत्रों की मानें तो पुलिस गोपनीय तरीके से प्रधान के विरुद्ध सारे साक्ष्य एकत्रित कर गैंगस्टर लगवाने की तैयारी में है।

### 2008 में पूर्व प्रधान पर दर्ज हुआ था पहला केस

पेड़ में बांध दंपती को पीटने के आरोप में जेल जाने वाला परसा जंगल का पूर्व प्रधान कमलेश यादव पर पूर्व में भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पेड़ में बांधकर पीटने का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी वर्ष 2018 में रुद्रपुर कोतवाली में उस पर एक मामला दर्ज हुआ था। इसमें उसने एक व्यक्ति की बेरहमी से मारपीट कर हाथ व पैर तोड़ डाले थे। पूर्व प्रधान पर पहला मामला वर्ष 2008 में रुद्रपुर कोतवाली में एससी-एसटी के तहत केस दर्ज हुआ है। वर्ष 2012 में दहेज प्रतिबंधित अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ था।

पूर्व प्रधान का आपराधिक इतिहास एकत्रित किया जा रहा है। पूर्व में उसने एक व्यक्ति को बांध का पिटाई की थी। उस मामले सहित तीन अन्य मामले रुद्रपुर व सुरौली थाने में दर्ज हैं। पूरे आपराधिक इतिहास की रिपोर्ट तैयार कर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

–संकल्प शर्मा, एसपी, देवरिया

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# दो वांछित गिरफ्तार

हाटा। एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को हाटा कोतवाली पुलिस अलग अलग मुकदमों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। एसआई चन्द्रभूषण पांडेय ने पुलिस टीम के साथ वांछित रामप्रकाश निवासी दरबपुर थाना पिलुआ जिला एटा को ढाढा टेंपो स्टैंड से गिरफ्तार किया वहीं एसआई ओमप्रकाश गुप्त ने वांछित मंजीत सिंह निवासी सकरौली कोतवाली हाटा को पगरा मोड़ से गिरफ्तार किया।

# चौबीस घंटे में चोरी की घटना का खुलासा

**पडरौना।** जिले की चौराखास थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुए चोरी की घटना का खुलासा चौबीस घंटे के अंदर कर दिया। पुलिस घटना में शामिल शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया।

जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को चौराखास थाने की पुलिस ने चोरी के मुकदमे से संबंधित अभियुक्त सद्दाम अंसारी पुत्र अमीर अंसारी निवासी अशोगवा थाना पटहेरवा को गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की ग्राइंडर मशीन, वेल्डिंग मशीन, कामर्शियल सिलेंडर, वेल्डिंग रॉड एवं दो छिन्नी बरामद किया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ चन्द्रभूषण प्रजापति, एसआई आकाश कुमार ग्वाल, कांस्टेबल आकाशदीप शुक्ल, रामभोज साहनी एवं दिलीप चौरसिया रहे।

# अपहरण के मुकदमे में वांछित को दबोचा

कुशीनगर। पडरौना कोतवाली पुलिस ने अपहरण के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुट गयी।

रामकोला थाना क्षेत्र के सोहरौना बसंतपुर निवासी सुजीत कुमार गौतम पुत्र पारस प्रसाद के खिलाफ पडरौना कोतवाली में अपहरण का मुकदमा दर्ज है, जिसमें उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कोतवाल आशुतोष सिंह, चौकी प्रभारी मिश्रौली विवेक पांडेय, कांस्टेबल पंकज यादव एवं रमेश पाल शामिल रहे।

# चोरी के मुकदमे में वारंटी गिरफ्तार

कुशीनगर। जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में हनुमानगंज थाने की पुलिस ने मंगलवार को चोरी के मुकदमे में वारंटी अभियुक्त बबलू यादव पुत्र सुभाष यादव निवासी बोधीछपरा थाना हनुमानगंज को गिरफ्तार किया।

### गोरखपुर-बस्ती मंडल के जनपदों के साथ गोंडा और चित्रकूट में दर्ज है दोनों बदमाशों के खिलाफ मुकदमा

# मुठभेड़ में बरुआर गैंग के दो इनामी बदमाश घायल

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** जाली करेंसी गिरोह का भंडाफोड़ करने के अगले ही दिन पुलिस ने मुठभेड़ में अंतरजनपदीय टप्पेबाज व चोरों के शातिर गिरोह बरुआर गैंग का खुलासा किया है। मुठभेड़ में गैंग के दो सदस्यों के पैर में गोली लगी है। इस गैंग का चेहरा पुलिस के सामने पहली बार हाटा में चोरी के बाद सीसी कैमरे की फुटेज देखने के बाद आया था। एसपी ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। दोनों बदमाशों पर कुशीनगर से लेकर चित्रकूट कर्वी तक जिलों के थानों में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने मंगलवार को जिला पुलिस कार्यालय में मुठभेड़ की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों हाटा में हुई चोरी के बाद सीसी कैमरे से दो बदमाशों के चेहरे प्रकाश में आए थे। उन दोनों पर ईनाम घोषित करते हुए गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया था। मंगलवार को भोर में कोतवाली हाटा, अहिरौली बाजार थाने व स्वाट की संयुक्त टीम मुखबिर की सूचना पर हाटा महुआडीह रोड पर ग्राम पटनी पुलिया के पास घेराबंदी कर संदिग्धों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल वाहन आते दो लोग दिखे। पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार कुछ दूर पहले ही रुक गए और लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी जिसमें दोनों घायल हो गये। घायल बदमाशों की पहचान राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व मंहगू प्रसाद निवासी ग्राम मुडाडीहा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा व हरिश्चन्द्र बरुवार पुत्र स्व निबरे निवासी ग्राम बल्दुपुरवा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा के रुप में हुई। उनके कब्जे से 2 अवैध देशी तमन्चा 315 बोर, 2 फायर शुदा खोखा व दो जिंदा कारतूस, 2 मोबाइल फोन, अपराध में प्रयुक्त एक बिना नम्बर की बाइक व 25 हजार रुपये नकद की बरामद किए गए हैं। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर हाटा कोतवाली में केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पकड़े जाने के बाद दोनों ने स्वीकार किया है कि बीते हाटा कोतवाली में हुई चोरी की घटना को इन्हीं बदमाशों ने अंजाम दिया था। पूछताछ में अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि वे बैंक के सामने रेकी कर आने जाने वाले कस्टमर्स को रुपये लेकर बाहर आने तक निगरानी करते थे। में पैसे लेकर डिग्गी व पर्स में रखने के उपरांत झपट्टा मारकर छीन लेते थे। रुपये यदि डिग्गी में रखे हों तो पलक झपकते ही तोड़कर पैसा निकाल लेते हैं।

**मुठभेड़ में शामिल टीम:** प्रभारी निरीक्षक हाटा कोतवाली सुशील कुमार शुक्ला, अहिरौली बाजार थाने के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय, स्वाट प्रभारी आलोक यादव व सिर्पलांस सेल प्रभारी दरोगा शरद भारती तथा इनकी टीम शामिल रही। एसपी ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाशों के बारे में एसपी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में दी जानकारी ।



व्हील चेयर पर पुलिस कार्यालय लाए गए बदमाशों ने कान पकड़ कर मांगी माफी।

## महराजगंज, बस्ती और देवरिया में भी दर्ज है बदमाशों पर मुकदमा

**कुशीनगर।** महराजगंज, बस्ती और देवरिया में भी दर्ज है कएसपी ने बताया कि राजेन्द्र प्रसाद पर कुशीनगर के हाटा, महराजगंज, बस्ती व देवरिया जिले के कई थानों में 12 मुकदमे दर्ज हैं। महराजगंज व देवरिया में गुंडा व गैंगस्टर के मुकदमे भी दर्ज हैं। हरिश्चंद्र बरुआर पर गोंडा, बस्ती व चित्रकूट की कर्वी कोतवाली तथा कुशीनगर की हाटा कोतवाली में कुल मिलाकर 9 मुकदमे दर्ज हैं।

# 12 प्रतिबंधित पशु बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**जोकवा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मधुरिया चौकी की पुलिस ने मंगलवार की भोर में एक पिकअप तथा दो मैजिक में लदे 12 प्रतिबंधित पशुओं को बरामद करते हुए मौके से दो पशु तस्करों को पकड़ने में सफलता प्राप्त किया। पकड़े गये तस्करों के खिलाफ मुकदमा पजीकृत कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राज मार्ग 28 पर स्थित मधुरिया चौहान पट्टी गांव के सामने मुखबिर की सूचना पर पुलिस मंगलवार की भोर में गाड़ाबंदी कर पशु लदे वाहनों की तलाश करने लगी। इसी बीच बड़ी तेज रफ्तार में दो मैजिक वाहन आते दिखे। पुलिस ने जब वाहनों को रोकने का प्रयास किया तो तस्कर गाड़ी छोड़ भागने लगे।

पुलिस ने दौड़ा कर एक तस्कर को पकड़ लिया जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में कामयाब रहा। इसी बीच एक और पिकअप आ गयी उसको भी हाईवे पर तस्कर खड़ा कर भागने लगा, जिसको पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। तीनों वाहनों से 12 प्रतिबंधित पशु बरामद हुए। पकड़े गए पशु तस्करों की पहचान रामप्रवेश पुत्र बिग्गू निवासी तरयासुजान थाना तरयासुजान एवं पिंटू यादव पुत्र रामध्यान ग्राम बनकटा बाजार थाना चौरा खास के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ संजय कुमार, चौकी प्रभारी मधुरिया जितेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल संजय यादव, कांस्टेबल श्यामसुंदर राम, सत्यप्रकाश यादव, रामजी व अवधेश यादव शामिल रहे । इस संबंध में एसओ तुर्कपट्टी संजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए पशु तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# धोखाधड़ी के मुकदमों को न्यूनतम स्तर पर लाएं

पडरौना, निज संवाददाता। एसपी संतोष कुमार मिश्रा द्वारा सीसीटीएनएस पोर्टल पर धोखाधड़ी एवं अमानत ख्यानत के लंबित मुकदमों के संबंध में मंगलवार को समीक्षा गोष्ठी कर विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

एसपी एवं सीओ खड्डा उमेश कुमार भट्ट द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय के सभागार में सीसीटीएनएस पोर्टल पर धोखाधड़ी एवं अमानत ख्यानत के लंबित मुकदमों के संबंध में समीक्षा गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में एसपी ने धोखाधड़ी संबंधित मुकदमों को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए थाना कसया, कोतवाली हाटा, थाना कप्तानगंज और थाना अहिरौली बाजार में नियुक्त संबंधित विवेचकों द्वारा की जा रही विवेचना की समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

रफी अहमद खान बबलू लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव है, नौशाद खान सपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

## सपा के राष्ट्रीय नेता हैं गिरोह के दोनों सरगना

**फॉलोअप**

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। भारतीय जाली करेंसी, नेपाली करेंसी, फर्जी सिम कार्ड, सुतली देशी बम एवं अवैध तमंचे व कारतूस के साथ पकड़े गए गिरोह के दोनों सरगना समाजवादी पार्टी के बड़े नेता हैं। नौशाद खान सपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है जबकि रफी अहमद खान उर्फ बबलू सपा लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव। गिरोह का तीसरा सरगना औरंगजेब खान भी खुद को समाजवादी पार्टी के बड़े नेता के साथ ही सोशल मीडिया एक्टिविस्ट व पत्रकार के रूप में प्रस्तुत करता था। सोशल मीडिया पर इनकी प्रोफाइल बता रही है कि इनका सीधा संपर्क जिले से लेकर प्रदेश के रसूखदार नेताओं तक था।

गैरकानूनी कार्य को अंजाम देने व समाज में सफेदपोश की छवि कायम करने के लिए तीनों ने सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव जैसे बड़े नेताओं सहित कांग्रेस के वर्तमान व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के साथ फेसबुक एवं अन्य सोशल साइट पर अपने संबंधों को खूब प्रचारित प्रसारित किया है। साइबर सेल, सेवरही एवं तरया सुजान पुलिस की मदद से तमकुहीराज पुलिस द्वारा तमकुहीराज कस्बे में की गई बड़ी कार्रवाई की चर्चा प्रदेश स्तर तक हो रही है। भारतीय जाली करेंसी की खेप के साथ विस्फोटक सामग्री की बरामदगी व एक साथ गिरोह के दस सदस्यों की गिरफ्तारी ने क्षेत्र के लोगों को सकते में ला दिया है। पुलिस के अनुसार इस गिरोह के सरगना रफी अहमद खान उर्फ बबलू, नौशाद खान व औरंगजेब खान थे।

गायकी के हुनर के चलते नौशाद खान ने सपा प्रमुख तक पहुंचाया नाम। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाला नौशाद खान गायक है। उसकी तमकुहीराज कस्बे में बाबा वशमापर के नाम से दुकान है। नौशाद खान की गायकी के चर्चे तमकुही निवासी एक सपा नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तक पहुंचाए। उन्हीं के जरिए नौशाद की सपा प्रमुख से मुलाकात भी हुई थी। बाद में सपा ने नौशाद खान को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना दिया। उसके संपर्क में आने के बाद रफी अहमद खान उर्फ बबलू ने ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म बनाने एवं भोजपुरी फिल्म के लिए बतौर डायरेक्टर नौशाद खान को लांच किया तो नौशाद ने बदले में उसे भी समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनवा दिया। दोनों ने झाड़ वा निवासी औरंगजेब खान को भी लोहिया वाहिनी का नेता बना दिया था। शानदार लाइफ स्टाइल, लग्जरी गाड़ियों से घूमना फिरना और इलाके में इनकी दबंगई से आकर्षित होकर अन्य युवाओं ने भी इनका गिरोह ज्वाइन किया था। इलाके में विवादित जमीनों पर कब्जे के इस गिरोह के मामले बढ़े और जब गिरोह ने संगठित आपराधिक गिरोह का रुप ले लिया तब खबर पुलिस तक पहुंची और सभी पकड़े गए।









जाली करेंसी के साथ पकड़े गए औरंगजेब खान, रफी अहमद खान उर्फ बबलू व नौशाद खान की सोशल मीडिया प्रोफाइल।

### ऑटो चालक से सीधे रियल स्टेट कंपनियों में हिस्सेदार बना बबलू

तमकुही राज के लोगों का कहना है कि कुछ साल पहले तक रफी अहमद उर्फ बबलू ऑटो चालक था। गरीब एवं सीधे सादे लोगों के नाम पर फर्जी जीएसटी पेपर बनवाकर नेपाल से लौंग, इलायची एवं काली मिर्च का धंधा करके बहुत जल्दी अमीर बन गया। चंद जीएसटी अधिकारियों की कृपा से प्रतिमाह लाखों की राजस्व चोरी करके उसने अकूत संपत्ति बनाली। रफी अहमद उर्फ बबलू के कई जगह आलीशान मकान हैं। लोगों के अनुसार कई रियल स्टेट कंपनियों में साझेदारी है। इन्हें करीबी से जानने वाले बताते हैं कि रफी अहमद उर्फ बबलू ने औरंगजेब खान उर्फ लादेन, नौशाद खान व रफी अहमद आदि के सहयोग से क्षेत्र के भोले भाले लोगों का आधार कार्ड लेकर उन पर नया सिम निकलवाया। फर्जी कागजात पर दूसरों के नाम पर पैन कार्ड बनवा लिया। इन फर्जी कागजातों का प्रयोग कर फर्जी जीएसटी पेपर बनाकर संगठित गिरोह खड़ा लिया। टैक्स चोरी करके भी इन लोगों ने काफी रुपये कमाए। नेपाल से मसालों की तस्करी कर बिहार तक पहुंचाने के दौरान ही उनके संबंध जाली करेंसी का कारोबार करने वाले रैकेट से हुआ।

### सपा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश मुख्यालय को भेजी रिपोर्ट

कुशीनगर। जाली करेंसी गिरोह में पार्टी की अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों के नाम सामने आने पर सपा जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी ने अफसोस जाहिर किया है। कहा है कि इससे पार्टी की बदनामी हुई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूरा मामला सामने के बाद उन्होंने सपा प्रदेश अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। उनसे मामले में कार्रवाई की मांग की गयी है। लोहिया वाहिनी व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का मनोनयन इन्हीं संगठनों के बड़े पदाधिकारी करते हैं। समाज में गलत गतिविधियों में लिप्त रहने वाले लोगों को पार्टी से दूर रखने की मांग की गयी है। उन्होंने बताया कि नौशाद खान सपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है। रफी अहमद खान उर्फ बबलू सपा लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव है। सपा जिलाध्यक्ष ने अन्य किसी के बारे में जानकारी से इनकार किया है।

### जाली नोट के कारोबार के लिए एक हुए दो दुश्मन

पुलिस का कहना है कि कभी रफी अहमद खान उर्फ बबलू और परवेज इलाही उर्फ कौसर आफरीदी की एक दूसरे से दुश्मनी थी। दोनों के अपने गैंग थे। जब इनके बीच में जाली करेंसी का कारोबार आया तो दोनों दुश्मन गिरोह एक हो गए और साथ मिलकर काम करने लगे।

# हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**विशुनपुरा, हिन्दुस्तान संवाद।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र सोमवार की देर शाम दो अलग अलग स्थानों पर हुए दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गये थे, जिसमें दो की हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज भेजवाया गया। वहां इलाज के दौरान छोटका जटहां निवासी योगेंद्र गुप्ता की मौत हो गई । वहीं माधोपुर में प्रतिबंधित मांस ले जाते समय अनियंत्रित होकर गिरे अज्ञात बाइक चालक की हालत गंभीर बनी हुई है । थाना क्षेत्र के छोटका जटहां निवासी योगेंद्र 50 वर्ष सोमवार की रात 7 बजे जीवित्पुत्रिका व्रत के लिए अपनी बेटी के ससुराल एकवनही उर्फ भागवतपुर निवासी रिश्तेदार रमायन के यहां से अपने घर वापस जा रहे थे। अभी वह गांव से बाहर गए थे कि अहिरौली के कनौरा निवासी शैलेश बाइक से उनकी साइकिल में टक्कर हो गयी। इस हादसे में साइकिल सवार योगेन्द्र के साथ ही बाइक सवार शैलेश भी घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से गंभीर रूप से योगेन्द्र को परिजन एंबुलेंस से इलाज कराने के लिए मेडिकल कॉलेज ले गये। वहां इलाज के दौरान योगेन्द्र ने सोमवार की देर रात करीब एक बजे में दम तोड़ दिया। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार की रात में ही हुई दूसरी घटना में बोरे में कस कर प्रतिबंधित पशु का मांस ले जा रहा अज्ञात बाइक सवार एक लड़की को ठोकर मारने के बाद अनियंत्रित होकर माधोपुर नहर पर टहल रहीं अन्य महिलाओं को ठोकर मारते हुए खुद भी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मांस को अपने कब्जे में लेते हुए उसे मेडिकल कॉलेज भेजवा दिया था।

# तीन वाहनों से 12 गोवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, जोकवा बाजार: तुर्कपट्टी की मधुरिया चौकी पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक पिकअप व दो मैजिक की मधुरिया चौहान पट्टी गांव के सामने हाईवे पर तलाशी ली तो उनमें से 12 गोवंश बरामद हुए। इन पशुओं को तस्करी कर बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को सूचना मिली कि वाहनों से तस्कर पशुओं को गोरखपुर से लेकर बिहार जा रहे हैं। चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार राम ने चौहान पट्टी गांव के सामने हाईवे पर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी बीच दो मैजिक वाहन आए तथा पुलिस को देखते ही तस्कर वाहन छोड़ कर भागने लगे। पुलिस ने एक पशु तस्कर को दौड़ा कर पकड़ लिया। दूसरा अंधेरे का फायदा उठा भाग गया। इसी बीच एक और पिकअप आ गई। वह भी भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया। तीनों वाहनों से 12 पशु बरामद हुए। पकड़े गए पशु तस्करों की पहचान रामप्रवेश माली निवासी तरयासुजान व पिंटू यादव बनकटा बाजार थाना चौरा खास के रूप में हुई। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए पशु तस्करों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

**पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार :** जासं,हाटा : कोतवाली पुलिस ने ढाढ़ा में टेंपो स्टैंड से पाक्सो एक्ट के वांछित को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान रामप्रकाश चौधरी निवासी दरबपुर थाना चिलुआ जिला एटा के रूप में हुई। वह यहीं के होटल में नौकरी करता था। पाक्सो एक्ट में वांछित मंजीत सिंह उर्फ छोटू निवासी सुकरौली को पुलिस ने पगरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

# आपसी विवाद के बाद तबीयत बिगड़ने से वनकर्मी की मौत

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जिंदा छपरा में मोबाइल पर बात करने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी के बाद एक वनकर्मी की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम जिंदा छपरा निवासी प्रेमचंद यादव 58 वर्ष पुत्र दुधनाथ वन विभाग में काम करते थे। उनका नाती छोटेलाल एक दिन पूर्व अपने घोट्ठे पर मोबाइल से किसी दोस्त से बात करते हुए उसे गाली आदि दे रहा था। इस पर बगलगीर शिवनाथ यादव व रोगी ने समझा कि छोटेलाल उन्हें गाली दे रहा है। इसी को लेकर उनमें कहासुनी होने लगी। यह देख पहले से बीमार प्रेमचन्द की तबीयत और बिगड़ गई। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए, जहां से उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया गया। गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में ही प्रेमचन्द यादव की मौत हो गई। प्रेमचन्द के मौत होने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में हनुमानगंज थानाध्यक्ष अजय पटेल का कहना है कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। मारपीट से नहीं बल्कि तबीयत बिगड़ने से प्रेमचन्द की मौत हुई है।

# 25 हजार के दो इनामी टप्पेबाज मुठभेड़ में गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, हाटा (कुशीनगर) : पुलिस की संयुक्त टीम व बाइक सवार टप्पेबाजों से हाटा-महुआडीह मार्ग पर पटनी गांव के पास मंगलवार तड़के मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से बाइक सवार दोनों टप्पेबाज घायल हो गए। दोनों की पहचान राजेंद्र प्रसाद निवासी मुडाडीहा व हरिश्चंद्र बरूवार निवासी बल्दुपुरवा थाना धानेपुर जिला गोंडा के रूप में हुई। दोनों के पास से अवैध असलहे, कारतूस आदि बरामद हुए। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित है।



बदमाशों के बारे में जानकारी देते एसपी संतोष कुमार मिश्र दाएं से दूसरे • जागरण

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि प्रभारी निरीक्षक हाटा सुशील कुमार शुक्ल टीम संग तड़के तीन बजे गश्त पर थे। इस बीच पता चला कि अंतरजनपदीय टप्पेबाज महुआडीह की तरफ से नगर की ओर आ रहे हैं। उच्चाधिकारियों को सूचना देकर वे तत्काल मौके की ओर चल दिए। कुछ ही समय में अहिरौली बाजार थाना पुलिस व स्वाट (स्पेशल वेपेंस एंड टैक्टिस) टीम भी आ गई। संयुक्त टीम ने महुआडीह-हाटा मार्ग पर पटनी गांव के सामने घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस बीच आई बाइक को टीम ने रोकने का प्रयास किया तो दोनों बैरिकेडिंग तोड़ भागने का प्रयास किए। पीछा करने पर बाइक से उतर दोनों फायरिंग करते हुए बगल से होकर गुजरी नहर की पटरी की ओर भागे। जवाबी कार्रवाई में राजेंद्र के दाएं और हरिश्चंद्र बरूवार के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह गिर पड़े। दोनों के पास से एक-एक तमंचा, दो कारतूस व 25 हजार रुपये नकद मिला। मौके से दो खोखा मिला। एसपी ने बताया कि दोनों का आपराधिक इतिहास है। ये बैंक के पास रेकी करते थे। डिक्की तोड़ या फिर झपट्टा मार रुपये ले उड़ते थे। टीम में प्रभारी निरीक्षक अहिरौली रवि राय, स्वाट टीम प्रभारी आलोक यादव आदि शामिल रहे।

# नेपाली सिमकार्ड का कहां-कहां हुआ उपयोग, खंगाल रही पुलिस

## नकली नोट के साथ पकड़े गए तस्करों के पास से मिले हैं एनसेल के दो सिमकार्ड, नेपाली सिमकार्ड से 72 घंटे में 10 बार बातचीत

**फालोअप**

जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर) : नकली नोट के साथ पकड़े गए तस्करों के पास से मिले नेपाली सिमकार्ड का भारत में उपयोग होने की पुष्टि हुई है। पिछले 72 घंटे में इन नंबरों से 10 से अधिक बार फोन हुआ है। जिन नंबरों पर बात हुई है ये लोग कौन हैं और इनकी क्या भूमिका है, पुलिस अब यह पता करने में जुट गई है। माना जा रहा कि तस्करों का नेटवर्क बिहार से लेकर नेपाल तक फैला था।

पकड़े गए तस्करों में औरंगजेब उर्फ लादेन की फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है। फोटो में वह नेपाल के अलग-अलग जगहों पर नजर आ रहा। गिरोह के कई अन्य सदस्यों के भी नेपाल जाने-आने के बारे में पुलिस को पता चला है। नेपाल में तस्करों के संपर्क में रहने वाले लोग कौन हैं, वे क्या करते हैं और उनकी आर्थिक स्थिति कैसी है, जांच में इसे भी शामिल किया गया है। पुलिस अपने स्रोतों से इस बात की भी छानबीन कर रही है। पुलिस का मानना है कि नकली नोटों का धंधा बिहार से शुरू होकर यूपी-बिहार के सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ नेपाल तक फैला था। बरामद नेपाली करेंसी व सिमकार्ड इसके सबूत हैं। नेपाली सिमकार्ड से पिछले 72 घंटे में 11 बार बात होने की पुष्टि भी इस ओर इशारा कर रही है। तस्करों ने नेपाली सिमकार्ड से कहां-कहां बात की है, और ये लोग कौन हैं, पुलिस यह जानने में जुट गई है। जांच में यह बात भी सामने आई है कि गिरोह के सदस्यों की संख्या 10 से अधिक है। जिनके जिम्मे नकली नोट लाने से लेकर खपाने तक की अलग-अलग जिम्मेदारी थी। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच जारी है। इसमें अभी कई और लोग पकड़े जाएंगे। तस्करों से मिली जानकारी के आधार पर जल्द ही पुलिस नकली नोटों के सरगना से लेकर इसमें शामिल दूसरे सदस्यों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

**जांच के लिए नेपाल जा सकती है टीम** : तस्करों के नेपाली कनेक्शन सामने आने के बाद जांच के लिए एक टीम नेपाल भेजी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि गिरोह से जुड़ी कई जानकारियां सामने आई हैं। तस्करों का नेपाल कनेक्शन भी सामने आया है। जांच के लिए जल्द ही टीम नेपाल जा सकती है।

**मोहल्ले में पसरा सन्नाटा, कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं** : -तमुकहीराज के जिस मोहल्ले में मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू रहता है, उसमें मंगलवार को पूरी तरह से सन्नाटा छाया रहा। उसके जिस आवास पर लोगों भीड़ रहती थी, वहां कोई नजर नहीं आया। पुलिस की कार्रवाई को लेकर कोई भी मोहल्लावासी कुछ बोलने को तैयार नहीं था।

### सियासी रसूख व मजबूत नेटवर्क के बल पर रफीक ने खड़ा किया था अपना काला साम्राज्य

कुशीनगर : कोयले व इलायची के धंधे से धन कमाने के बाद मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू ने इसका सियासी कनेक्शन जोड़ने को लेकर कदम बढ़ाया तो फिर तीन वर्ष में ही समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का प्रदेश महासचिव बन गया। पैसे से उसकी शान-ओ-शौकत बढ़ी तो सियासी रसूख से उसकी हनक बढ़ाई। फिर इन दोनों की आड़ में उसने अपना काला साम्राज्य खड़ा कर लिया। चर्चा इस बात की है कि जाली नोटों के इस मास्टर माइंड का तार असम, कोलकाता से लेकर बिहार व नेपाल तक जुड़ा है। इसी मजबूत नेटवर्क के बल पर उसने इतने कम समय में अपराध की दुनिया में लंबी दूरी तय कर ली। रफीक ने राजनीतिक चादर ओढ़ने के बाद अपने धंधे को तेज गति देने का कार्य किया। पुलिस अधिकारी भी सियासी रसूख के चलते उस पर हाथ डालने से कतराते रहे। दूसरी ओर बड़े राजनीतिक मंचों की साझेदारी ने उसके इस काले चेहरे को छिपाए रखने का कार्य किया। हालांकि, गरीबी से इतनी जल्दी अमीरी की यात्रा को लेकर सवाल जरूर उठते रहे। बताया जाता है कि काले धंधे का उसका साथ समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नौशाद खान ने उसे सपा से जोड़ने का कार्य किया था। दोनों के गठजोड़ ने अपराध की दुनिया में उनको मजबूती से स्थापित करने का कार्य किया तो काले धंधे से आय का जरिया भी बढ़ता गया। दोनों के सियासी रसूख की ही देन थी कि अधिकारियों के यहां भी उनके उठने-बैठने का दौर चलता रहा तो रौब गांठने का भी कार्य करते रहे।

## अधिक धन कमाने की लालच में पकड़ी गलत राह

धनेश्वर पांडेय • जागरण

सेवरही : कम समय में अधिक धन कमाने की लालच में गलत रास्ता अख्तियार कर चुके रफीक उर्फ बबलू खान को अंततः जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ा। किसान पीजी कालेज सेवरही में राजनीति शास्त्र से एमए करने के बाद से ही उसने तमकुहीराज स्थित सेल टैक्स बैरियर पर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर धन कमाना शुरू किया। सेल टैक्स बैरियर के बिहार में स्थानांतरित होने के बाद असम के गुवाहाटी से कोयले के धंधे से अकूत संपत्ति कमाई।

रफीक के पिता हनीफ खान ने तमकुहीराज कस्बे के पशु चिकित्सालय में स्टाक मैन पद पर

**• कोयले के दो नंबर धंधे से भी कमाई अकूत संपत्ति**

तैनाती के दौरान कस्बे के गुदरी मुहल्ले की एक स्वजातीय युवती से शादी कर ली। इस शादी के बाद पत्नी बस्ती में पुश्तैनी जमीन पर रहती हैं, जिनसे दो पुत्रियां और एक पुत्र है। दूसरी शादी से शफीक खान उर्फ गुड्डू, रफीक खान उर्फ बबलू और एक बहन शाहनवाज पैदा हुए। उसने गुदरी बाजार में घर भी बनवा लिया। इसमें बड़ा पुत्र शफीक का परिवार रहता है। रफीक की आमदनी बढ़ी तो उसने तरयासुजान मोड पर आलीशान घर बनाया और यहीं से कोयले के धंधे की शुरुआत की। पिता की

**• बीते चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष पद की थी तैयारी**

कार्यकाल के दौरान ही मृत्यु होने जाने से शाहनवाज को नौकरी मिली। उसकी पोस्टिंग पडरौना पशु चिकित्सालय में है। रफीक के बड़े भाई शफीक की मार्ग दुर्घटना में हुई मृत्यु के बाद अलग-अलग रहने लगा।

रफीक खान ने 10 कट्ठा जमीन गुदरी मुहल्ले के पूरब खरीदी है। वह बीते नगर पंचायत के चुनाव में चेयरमैन का चुनाव लड़ना चाहता था। लाखों रुपये खर्च कर बैनर पोस्टर भी छपवाया था, लेकिन किसी कारण से चुनाव नहीं लड़ सका।

# कार्रवाई : दो पशु तस्कर गिरफ्तार, 12 गोवंश मुक्त

**पडरौना।** अंतर्राज्यीय पशु तस्करों के गैंग में शामिल दो पशु तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके पास से तीन वाहनों पर 12 गोवंश लदे मिले। उन्हें मुक्त करा दिया गया। दोनों तस्कर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस का दावा है कि इनका संपर्क बिहार के पशु तस्करों से है। इसकी जांच की जा रही है। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

तरयासुजान थाना क्षेत्र के तराया गांव निवासी रामप्रवेश और चौराखास थाना क्षेत्र के बनकटा बाजार गांव निवासी पिंटू यादव बिहार के तस्करों से मिलकर बड़े पैमाने पर पशुओं की

## पुलिस का दावा- अंतरराज्यीय पशु तस्कर गैंग के गुर्गे हैं पकड़े गए तस्कर

तस्करी करते हैं। अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े तस्कर इलाके से गोवंश को खरीदकर बिहार पहुंचाते हैं। कैरियर के माध्यम से पशुओं की खरीदारी कराते हैं।

पुलिस ने दोनों तस्करों को मंगलवार को भोर में गिरफ्तार किया। पुलिस इनके संपर्क में रहने वाले कैरियरों की तलाश कर रही है। तस्करों को तुर्कपट्टी के थानाध्यक्ष संजय कुमार, मधुरिया चौकी इंचार्ज जितेन्द्र कुमार शामिल रहे। संवाद

# पॉक्सो एक्ट के केस का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** हाटा कोतवाली पुलिस ने पाक्सो एक्ट में फरार चल रहे एटा जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र के दरबपुर गांव निवासी रामप्रकाश धोबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल सुशील शुक्ला ने बताया कि पुराने मामले में आरोपी वांछित चल रहा था। संवाद

# मंजीत को पुलिस ने भेजा जेल

पडरौना। हाटा कोतवाली क्षेत्र के एक मुकदमे में फरार चल रहे सुकरौली निवासी मंजीत उर्फ छोटू को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली सुशील शुक्ला ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संवाद

# अपहरण के केस का वांछित गिरफ्तार

पडरौना। पडरौना कोतवाली पुलिस ने अपहरण के केस में वांछित चल रहे रामकोला थाना क्षेत्र के सोहरौना बसंतपुर गांव निवासी सुजीत कुमार गौतम को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# फरार चल रहा आरोपी दबोचा

पडरौना। पटहेरवा थाना क्षेत्र के अशोगवा गांव निवासी सद्दाम अंसारी के खिलाफ चौराखास थाने में केस दर्ज था। इस मामले में आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मंसाछापर। जटहां बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भिजवा दिया। बुधवार की शाम को घास काटने के दौरान आरोपी युवक ने दुष्कर्म किया था। न्यायालय में महिला के बयान के बाद पुलिस ने दर्ज छेड़खानी के केस में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# बरुआर गैंग के दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

## हाटा-महुआडीह रोड पर पटनी पुलिया के पास पुलिस और टप्पेबाजों से हुआ आमना-सामना

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के हाटा-महुआडीह रोड पर पटनी पुलिया के पास मंगलवार तड़के बरुआर गैंग से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली से टप्पेबाजी और चोरी करने वाले बरुआर गैंग के दो इनामी बदमाश घायल हो गए। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से नकदी और अवैध तमंचा मिला। दोनों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार टप्पेबाजों का नेटवर्क पूर्वांचल के कई जिलों के अलावा बिहार में भी फैला है।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की भोर में हाटा कोतवाली, अहिरौली बाजार थाने की पुलिस व स्वाट टीम हाटा-महुआडीह रोड पर ग्राम पटनी पुलिया के पास घेराबंदी कर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक बाइक आती दिखी। पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक पर सवार व्यक्तियों ने कुछ दूर पहले रुक कर लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया।

जवाब में पुलिस टीम की ओर से फायरिंग की गई। गोली लगने से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायलों की पहचान राजेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम मुडाडीहा थाना धानेपुर जिला गोंडा व हरिश्चंद्र बरुवार निवासी ग्राम बल्दुपुरवा थाना धानेपुर जिला गोंडा के रूप में हुई है। बदमाशों के कब्जे से देसी तमंचा, दो खोखे, दो मोबाइल फोन, अपराध में प्रयुक्त बिना नंबर की बाइक व 25 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

एसपी ने बताया कि दोनों शातिर चोरों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। शातिर चोरों को गिरफ्तार करने वाली टीम में हाटा इंस्पेक्टर सुशील कुमार शुक्ला, अहिरौली बाजार के एसओ रवि कुमार राय, स्वाट टीम के प्रभारी आलोक यादव शामिल रहे।





घायल बदमाशों को लेकर जाती पुलिस और बरामद बाइक। स्रोत-पुलिस

### गोंडा और चित्रकूट के अलावा गोरखपुर-बस्ती मंडल के थानों में दर्ज हैं कई केस

**आरोपी** राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ देवरिया, महराजगंज और कुशीनगर जिले के अलग-अलग थानों में 12 केस दर्ज हैं। देवरिया में इसके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी हुई है। महराजगंज जिले में इस पर सर्वाधिक केस दर्ज हैं। दूसरा बदमाश हरिश्चंद्र बरूआर के खिलाफ गोंडा, बस्ती, चित्रकूट और कुशीनगर जिले के थानों में नौ मुकदमे दर्ज हैं। दोनों बदमाश अवैध असलहे के साथ भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### राजेंद्र पर 12 और हरिश्चंद्र पर नौ केस

मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए शातिर बदमाशों का आपराधिक इतिहास है। राजेंद्र प्रसाद पर हत्या के प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, लूट व आर्म्स एक्ट आदि के मामलों में महराजगंज, देवरिया, बस्ती व हाटा कोतवाली में केस दर्ज हैं। हरिश्चंद्र बरुआर के खिलाफ भी गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है। उस पर चोरी, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, बेईमानी से धन हड़पने आदि के मामलों में बस्ती, गोंडा, चित्रकूट व हाटा कोतवाली में केस दर्ज है।

# प्रयागराज मदरसे में छपे थे कुशीनगर में बरामद हुए नकली नोट...नेपाल में भी सिंडिकेट

**कुशीनगर/गोरखपुर।** तमकुहीराज क्षेत्र में पकड़े गए नकली नोट प्रयागराज के जामिया हबीबी मदरसे में छपे थे। पुलिस ने मदरसे से 1.30 लाख रुपये के नकली नोट भी बरामद किए थे। प्रयागराज में गिरफ्तार आरोपियों से मिले इनपुट के बाद ही कुशीनगर पुलिस ने जालसाजों की घेराबंदी की थी।

तमकुहीराज इलाके के दो आरोपियों के संपर्क प्रयागराज में पकड़े गए आरोपियों से थे। अब कुशीनगर पुलिस आरोपियों के पास से मिले मोबाइल और सिमकार्ड से सिंडीकेट की जड़ें तलाशेगी। फॉरेंसिक जांच के लिए मोबाइल और यूज सिम भेज दिए गए हैं।

रविवार शाम को कुशीनगर में चार थानों की पुलिस के साथ साइबर सेल टीम ने छापा मारकर 10 लोगों को पकड़ा था। सूत्र बताते हैं कि, प्रयागराज में चार दिन पहले बिना मान्यता के चल रहे मदरसे में पुलिस ने कार्रवाई की थी। इस दौरान सामने आया कि रोजाना 20 हजार रुपये के भारतीय नकली नोट की छपाई मदरसे में लगी मशीन में की जाती है। इसके लिए असली नोट से मिलता-जुलता कागज और स्याही का इस्तेमाल होता है। जालसाज प्रिंटेड नोट को पटरी की मदद से कटर ब्लेड से काटने के बाद सांचे में हूबहू असली नोट की तरह नकली नोट तैयार करते थे। नोट के बीच में मैटेलिक धागे की लकीर (टेप) भी खींचते थे, जिससे नकली नोट पूरी तरह असली हो जाएं। प्रयागराज में छापा के दौरान 500 रुपये वाले नकली नोट मिले थे। कुशीनगर पुलिस की कार्रवाई में भी 500 के फर्जी नोट अधिक हैं।

100 रुपये वाले भी कम पुराने फर्जी नोट थे। कुशीनगर पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ में खपाए गए नोटों की जानकारी भी ली है। सूत्रों की मानें तो नेपाल से सटे महराजगंज और गोरखपुर में भी ये नोट खपाए गए हैं। इसकी जानकारी भी पुलिस को आरोपियों ने दी है। इस आधार पर आने वाले दिनों में कुछ और बड़ी कार्रवाई हो सकती है। संवाद/ब्यूरो

### जांच के लिए कस्टम से भी मदद लेगी कुशीनगर पुलिस

### इस्तेमाल और नए सिम भी मिले

कुशीनगर पुलिस ने आरोपियों के पास से कई नए और प्रयोग किए सिम बरामद किए हैं। कुशीनगर पुलिस ने यूज किए सिमों को फॉरेंसिक में जांच के लिए भेजा है। कुल 14 सिम इनके पास से बरामद हुए हैं। ये सिम किनकी आईडी पर थे, किस स्टोर से लिए गए थे, इसकी जांच भी कुशीनगर साइबर सेल की टीम करेगी। जांच के बाद आरोपियों और फर्जी नोट के सिंडीकेट पर करवाई की जा सकती है।

### नेपाल के नोट भी मिले

विदेशी मुद्रा मिलने पर कुशीनगर पुलिस कस्टम से भी संपर्क करने की तैयारी में है। पुलिस से पूछताछ में आरोपियों ने नेपाल और भारतीय सीमा के संपर्क में रहे कुछ नाम बताए हैं। सूत्रों ने बताया कि इस बार फर्जी नोट के बदले नेपाली नोट और उसे फिर असली भारतीय नोट में खपाने की तैयारी थी।

# ग्राहक सेवा केंद्र प्रबंधक से 2.83 लाख की छिनैती

## विशुनपुरा थाना के बड़हरा गांव में देर रात हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

दुद्धी। एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र पर काम करने वाले मंगलवार की देर रात घर जाते समय मैनेजर को धक्का देकर तीन बदमाशों ने रुपये से भरा बैग छीन लिया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश गन्ने के खेत के रास्ते फरार हो गए। लूट की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक और लूट के शिकार हुए वर्कर से पूछताछ कर रही है।

विशुनपुरा थाना के दुद्धी नगर के वार्ड नंबर 10 निवासी आलिम अंसारी एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र जंगल नवगहवा में खोला है। केंद्र पर मैनेजर के रूप में जंगल लुहठवा निवासी राजू गौतम काम करता है।

मंगलवार की रात करीब 8 बजे ग्राहक सेवा केंद्र बंद कर बाइक से 2.83 लाख रुपये लेकर संचालक आलिम के बुलाने पर दुद्धी के एक होटल पर जाने के लिए निकला। अभी राजू बड़हरा गांव के पास पहुंचा था कि सड़क पर कर रहे एक व्यक्ति को देख बाइक की गति धीमी किया। इस दौरान गन्ने के खेत से निकले दो बदमाश राजू को धक्का दे दिए,वह बाइक लेकर सड़क पर गिर गया और रुपये से भरा बैग लेकर तीनों बदमाश फरार हो गए।

इसकी जानकारी राजू ने संचालक को और अपने जानने वाले एक व्यक्ति को दिया। संचालक मौके पर नहीं पहुंच सका,बाकी राजू के परिचित व्यक्ति पहुंचा तो 112 पर सूचना दी।

मौके पर विशुपुरा प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष सिंह और सीओ जितेंद्र कालरा पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दिए। पुलिस राजू और संचालक से पूछताछ कर रही है। सीओ जितेंद्र कालरा ने बताया कि मामला सन्दिग्ध है। जिस तरह पीड़ित बता रहा है, उस हिसाब से जांच की जा रही है। बहुत जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# पुलिस को फर्जी सूचना देने वाले पहुंचे हवालात

पडरौना। कोतवाली क्षेत्र मुजईदा खास गांव निवासी दुर्गेश और अमर का नाम बताते हुए किसी ने पुलिस को सोमवार की रात सूचना दी कि आपस में लोगों ने विवाद किया है। गांव में पुलिस पहुंची तो दोनों युवक अपने दरवाजे पर मिले। जिस मोबाइल नंबर से पुलिस को फोन आया था, वह नंबर स्विच ऑफ था। पुलिस दोनों युवकों को लेकर कोतवाली चली आई। युवकों को पूरी रात हवालात में काटनी पड़ी। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि आरोपियों का शांतिभंग में चालान किया गया है। पुलिस को गलत सूचना दी थी। संवाद

# मारपीट के मामले में 11 पर केस दर्ज

मंसाछापर। पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के जंगल बकुलहा में 17 सितंबर को हुए दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

17 सितंबर को कोतवाली थाना क्षेत्र के जंगल बकुलहा निवासी राजेंद्र प्रसाद की भतीजी रोशनी दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान गांव के अरविंद, बुलबुल व झीनक घर पर कंकड़ पत्थर फेंकने के साथ अश्लील बातें कर रहे थे। लड़की का भाई राजन उन लोगों को दरवाजे से जाने को कहा। विवाद बढ़ने पर मारपीट हो गई।

आरोपी मारपीट कर परिवार के मन्नू को घायल कर दिए। परिवार के लोग घायल मन्नू को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। इस मामले में राजेंद्र प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने 11 लोगो के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# बेटी के घर जिऊतिया देने जा रहे पिता की हादसे में मौत

## जटहां बाजार क्षेत्र के एकवनही उर्फ भागवतपुर गांव के पास हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंसाछापर।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के एकवनही उर्फ भागवतपुर गांव के पास सोमवार की देर शाम को बेटी के घर जिऊतिया पहुंचाने जा रहे साइकिल सवार 40 वर्षीय युवक की बाइक की चपेट में आने से मौत हो गई। बाइक पर सवार युवक भी घायल हो गया। उसका इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जटहां गांव निवासी जोगिंद्र गुप्त सोमवार की शाम पड़ोस के गांव एकवनही में अपनी बेटी के घर जिऊतिया पहुंचाने जा रहे थे। जटहां से एकवनही मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर साइकिल में टकरा गई। टक्कर तेज होने से जोगिंद्र गुप्ता और अहिरौली गांव निवासी शैलेष (32) घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से लोगों ने मेडिकल कॉलेज कुशीनगर पहुंचाया। हालत गंभीर बताकर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान जोगिंद्र गुप्ता की देर रात मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की शाम को शव आया तो घर वालों में चीख-पुकार मच गई। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर लिया जाएगा।

## महिला को बचाने में बाइक सवार चाचा-भतीजा गिरे

**उजारनाथ।** तुर्कपट्टी-पटहेरवा मार्ग पर भेलया चौराहे के पास मंगलवार की दोपहर सड़क पार कर रही एक महिला को बचाने में बाइक सवार चाचा भतीजा अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क के किनारे गिर गए। इससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। मौजूद लोगों ने उन्हें सीएचसी फाजिलनगर भेजवाया, जहां डॉक्टर ने भतीजे की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर रेफर कर दिया। पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमैनी निवासी मोतीलाल (50) और उनका भतीजा हरिहर (22) मंगलवार की दोपहर बाइक से जीवित्पुत्रिका व्रत के लिए चूड़ा लेने तुर्कपट्टी जा रहे थे। भेलया चौराहे के पास सड़क पार कर रही महिला को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। बाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। संवाद

# गुमशुदगी का केस दर्ज

**तरयासुजान।** क्षेत्र के झड़वा गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बेटे के लापता होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। थाना क्षेत्र के झड़वा गांव निवासी अख्तर अली ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि उनका बेटा जीसान अली कसया के एक मदरसा में प ढ़ता है।

मदरसा आवासीय है। बीते 17 सितंबर को घर आया था। रविवार को करीब चार बजे विद्यालय जाने के लिए घर से निकला, लेकिन वह विद्यालय नहीं पहुंचा है। इस संबंध में एसओ राज प्रकाश सिंह ने बताया कि पिता की केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# जाली नोट : विदेशी कनेक्शन खंगाल रही पुलिस

## नेपाल, बिहार, असम, बंगाल तक फैला है सपा नेता का नेटवर्क

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जाली नोटों और अवैध असलहों के धंधे में संलिप्त सपा नेता समेत 10 बदमाशों के लिंक पुलिस विदेश तक तलाश रही है। नेपाल के अलावा बिहार, बंगाल और असम तक फैले नेटवर्क में शामिल पांच और संदिग्ध पुलिस के रडार पर हैं।

पुलिस की पांच टीमें जेल भेजे गए बदमाशों की संपत्ति का ब्योरा खंगाल रही है। रसूख के बल पर इलाके में धौंस जमाने वाले आरोपियों की कस्बे में चर्चा रही। सोशल मीडिया पर कई पुलिसकर्मियों के साथ पकड़े गए सपा नेता का फोटो भी वायरल हो रहा है।

सपा के लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रफी खान बबलू को पुलिस ने मुख्य आरोपी बनाया है। पुलिस के अनुसार, रफी खान जाली नोटों और असलहा, बम बनाने की सामग्री के साथ कई गैर कानूनी धंधे में शामिल है। इस गैंग का सरगना वही है। उसके इशारे पर पूर्वांचल के अलावा नेपाल, असम, बंगाल और बिहार तक बदमाशों का नेटवर्क काम कर रहा है।

इस नेटवर्क से जुड़े पांच अन्य शातिरों की तलाश पुलिस कर रही है। इसके लिए चार टीमें गठित की गई हैं। महीने में आठ से दस दिन सपा नेता रफी खान नेपाल में रहता था। वह जाली नोटों के अलावा महराजगंज के रास्ते लौंग, इलाइची और कपूर की तस्करी भी कराता था। उसके नेटवर्क में 30 से अधिक युवक शामिल हैं।

तमकुहीराज नगर के नौशाद खान, शेख जमालुद्दीन, नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना, रेहान खान उर्फ सद्दाम, परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी, हासिम खान, सेवरही थाना क्षेत्र के रकबा दुलमापट्टी मोहम्मद रफी अंसारी, तरया सुजान थाना क्षेत्र झड़वा निवासी औरंगजेब खान उर्फ लादेन व सेराज हशमति को जेल जाने के बाद मंगलवार को भी इलाके में इनकी करतूतों की चर्चा रही।



जाली नोट के धंधेबाजों को लेकर जाती पुलिस। स्रोत-सोशल मीडिया

बदमाशों का नेटवर्क तोड़ने के लिए पुलिस टीम काम कर रही है। अवैध तरीके से अर्जित संपत्तियों का ब्योरा जुटाया जा रहा है। इस धंधे में शामिल अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है। कोई भी संलिप्त व्यक्ति कार्रवाई से नहीं बचेगा। बदमाशों की जमानत कराने वालों के बैंक खाते भी पुलिस खंगालेगी। **-संतोष कुमार मिश्रा,** एसपी, कुशीनगर

### प्रॉपर्टी डीलिंग कंपनी के जरिये बेचते थे कब्जा की हुई जमीन

आरोपी एक प्रापर्टी डीलिंग कंपनी से भी जुड़े हैं। उस कंपनी का नेटवर्क बिहार बार्डर से गोरखपुर तक फैला है। उससे जुड़े सभी लोगों की गाड़ियों का एक ही नंबर है। आरोपियों के पास से बरामद चार पहिया वाहनों का वही नंबर है। चर्चा है कि ये बदमाश विवादित जमीन औने-पौने दाम पर खरीदकर इसी प्रापर्टी डीलिंग कंपनी के माध्यम से महंगे रेट में बेचते थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अब तक की जांच में पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ चौंकाने वाले कई तथ्य सामने आए हैं। आरोपियों के संपर्क में रहने वाले भी अपना मोबाइल बंद कर भूमिगत हो गए हैं। पूरे दिन तमकुहीराज थाने पर सीओ जितेंद्र सिंह कालरा और इंस्पेक्टर रजिस्टर पलटते रहे।

### बिना अपराधी के नहीं रह सकती सपा : एसएन सिंह

सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रफी खान उर्फ बबलू के जेल जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है। भाजपा के प्रवक्ता एसएन सिंह का बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने कहा है कि पुलिस कार्रवाई कर रही है तो सपा नेताओं की बेचैनी बढ़ रही है। अपराध का पाठ सपा ही पढ़ाती है। जिस तरह मछली बिना पानी की नहीं रह सकती है, उसी तरह समाजवादी पार्टी के लोग बिना अपराधी के नहीं रह सकते हैं।

## सोशल मीडिया पर सपा नेताओं के साथ ट्रेंड कर रहीं हैं मुख्य आरोपी रफी खान की तस्वीरें



मुलायम सिंह यादव के साथ रफी।



नरेश उत्तम के साथ रफी।



अखिलेश के साथ रफी खान बबलू।



स्वामी प्रसाद मौर्या के साथ रफी।

स्रोत - सभी तस्वीरें सोशल मीडिया से

### बदमाशों के मोबाइल से पुलिस को मिले अहम सुराग

आरोपी सपा नेता के मोबाइल से कई सफेदपोश और पुलिस वालों के भी नंबर मिले हैं। जिस दिन सपा नेता दबोचा गया, एक सफेदपोश ने उसे बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। उसके दबाव में आकर स्थानीय पुलिस ने उसे छोड़ दिया था, लेकिन एसपी को जानकारी हुई तो दोबारा पुलिस उसे घर से थाने लेकर आई थी। सफेदपोश का कुशीनगर के अलावा देवरिया में भी नेटवर्क सक्रिय है। वह भी एक राजनीतिक दल से जुड़ा है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# नेपाल भेजा जा रहा 9 बोरी प्याज बरामद

**भगवानपुर।** परसामलिक क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम पंचायत खैरहवा दूबे के पगडंडी रास्ते से पुलिस ने तस्करी के जरिए नेपाल भेजी जा रही नौ बोरी लावारिस प्याज बरामद किया है। वहीं पुलिस को आता देख सभी तस्कर प्याज की बोरियों को फेंककर नेपाल भागने में कामयाब हो गए। बरामद प्याज को नौतनवा कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक विनीत यादव, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र यादव, संदीप कुमार कांस्टेबल अनिल यादव आदि मौजूद रहे। एसओ उमेश कुमार ने बताया कि नौ बोरी लावारिस प्याज बरामद कर कार्रवाई की गई है।

# लापता किशोर को किया बरामद

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल बड़हरा निवासी लापता किशोर को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वह सोमवार की शाम 4 बजे लापता हुआ था और मंगलवार दोपहर सदर कोतवाली के पकड़ी से पुलिस ने बरामद कर लिया।

एसओ पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि यह बालक सोमवार की शाम 4 बजे घर से साइकिल द्वारा कुछ सामान लेने गांव के चौराहे पर गया। तभी से वापस नहीं लौटा। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल में लग गयी। जिस व्यक्ति के घर किशोर मिला था, उसी ने परिजनों को सूचना दी थी। उसे मंगलवार की दोपहर में कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पकड़ी से उसे सही सलामत साइकिल साथ बरामद कर लिया है।

### घुघली थाना क्षेत्र में ननिहाल आई 21 वर्षीय युवती पर गांव के युवक ने भोर में पहुंचकर किया हमला

# युवती पर हमला कर भाग रहे युवक की धुनाई




**पुरैना, हिन्दुस्तान संवाद।** घुघली थाना क्षेत्र में ननिहाल आई 23 वर्षीय युवती पर मंगलवार की भोर में सिरफिरे युवक ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। गला व हाथ जख्मी होने के बाद युवती शोर मचाने लगी। इसके बाद आरोपित भागने लगा। ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ लिया और हाथ बांधकर उसकी धुनाई कर दी। घटना की सूचना पर घुघली पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

युवती व हमलावर युवक घुघली क्षेत्र के एक ही गांव के रहने वाले हैं। दोनों पड़ोसी भी हैं। कुछ दिन पहले युवती अपने ननिहाल आई थी। मंगलवार की भोर में वह नित्यक्रिया के लिए गांव के बाहर जा रही थी। उसी दौरान उसके गांव का पड़ोसी युवक उससे मिलने उसके ननिहाल पहुंचा था। युवती को देख वह अश्लील हरकत का प्रयास करने लगा। इसका युवती ने विरोध किया तो आरोपित युवक ने खतरनाक मंसूबे के तहत अपने साथ लाए धारदार हथियार से हमला कर दिया। युवती ने अपने हाथ से प्रहार रोकने का प्रयास किया तो हाथ में गहरा जख्म बन गया। दूसरे वार में गला भी जख्मी हो गया। यह देख युवती शोर मचाने लगी। आसपास मौजूद लोग युवती की आवाज सुन मदद के लिए दौड़े। लोगों को आता देख हमलावर युवक भागने लगा, पर लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया।

**हाथ-पैर बांधकर की धुनाई, पुलिस ने गिरफ्त में लिया:** भाग रहे आरोपी युवक को पकड़कर ग्रामीणों ने उसका हाथ-पैर बांधकर धुनाई शुरू कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों की मदद से घायल युवती को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघली भेजा गया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। घायल युवती का कहना है कि आरोपित उसके गांव का है। आए दिन छेड़ता व परेशान करता था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था।


सीओ सदर आभा सिंह ने मंगलवार को घटनास्थल की जांच की।

#### सीओ ने घटना स्थल की जांच की

घटना की जानकारी पर घुघली थानाध्यक्ष रामचरन सरोज मौके पर पहुंचे। सीओ सदर आभा सिंह ने भी घटना स्थल का मुआयना किया। घुघली एसओ ने बताया कि युवती अपने ननिहाल में आई थी। आरोपित युवक उसके गांव का ही निवासी है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

- धारदार हथियार से हमले में युवती की हालत गंभीर
- घुघली सीएचसी से युवती मेडिकल कॉलेज रेफर

> घुघली क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल आई युवती के उपर धारदार हथियार से हमला करने के आरोपित को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है। परिजनों की तहरीर पर युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 109 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।
>
> –आतिश कुमार सिंह, एएसपी

# कनेक्शन काटने गए कर्मियों से मारपीट, वीडियो वायरल

**भिटौली, हिन्दुस्तान संवाद।** भिटौली विद्युत उपकेन्द्र के जड़ार गांव में बकाएदारों का कनेक्शन काटने पहुंचे बिजली कर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना सोमवार की बताई जा रही है, लेकिन मंगलवार को इसको लेकर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

बताया जा रहा है कि जड़ार गांव में जांच के दौरान बिजली कर्मियों ने कनेक्शन काटना शुरू कर दिया। इससे नाराज लोगों से उनकी झड़प शुरू हो गई। आरोप है कि कुछ महिलाओं व पुरुषों ने बिजली कर्मियों को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। बिजली कर्मी भागकर अपने को बचाते दिख रहे हैं। भिटौली विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि उनके छह स्टाफ बृजेश गौड़, संदीप निषाद, विनय, विनय मिश्रा, रोहित वर्मा, रामनिवास एवं पवन तिवारी जड़ार गांव में गए हुए थे। जांच पड़ताल के दौरान दो बड़े बकायदारों के विद्युत कनेक्शन काट दिए, जिससे आक्रोशित होकर महिलाएं अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ टीम पर हमला बोल दिया। इस हमले में चोटिल हुए बिजली कर्मी किसी तरह भागकर अपनी जान बचाए।

# पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**जासं, महराजगंज :** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामअशीष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज होकर सोमवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से पुलिसकर्मियों पर सीयूजी नंबर न उठाने, शिकायतों की अनदेखी और दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई। जिलाध्यक्ष ने कहा अधिकांश थानों के सरकारी सीयूजी मोबाइल नंबरों पर फरियादियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को पुलिस से संवाद करने में कठिनाई हो रही है। बीएसएनएल के सीयूजी नंबरों पर नेटवर्क की समस्या का हवाला दिया जाता है, ऐसे में थानों में अतिरिक्त मोबाइल नंबर की व्यवस्था कर इसे सार्वजनिक किया जाए, जिससे आमजन को संपर्क करने में सुविधा हो। फरेंदामें भाकियू कार्यकर्ता वकील खान द्वारा दी गई तहरीर पर रपट दर्ज न होने का मामला भी उठा। जिला संरक्षक सुरेशचंद्र साहनी, फरेंदा तहसील अध्यक्ष हरिश्चंद्र पांडेय, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

# लापता किशोर को पुलिस ने किया बरामद

जासं, पनियरा: जंगल बड़हरा निवासी सकीउल्लाह खान के लापता पुत्र सैफुउल्लाह को पुलिस ने पकड़ी से बरामद किया। वह सोमवार की शाम चार बजे से गायब था। थानाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने बताया किशोर सोमवार को घर से साइकिल द्वारा कुछ सामान लेने गांव के चौराहे पर गया और वापस नहीं लौटा। सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस उसकी खोजबीन में लग गई।

# चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक

जासं, पकड़ी विशुनपुर : गांवों को अपराध मुक्त बनाने, महिला उत्पीड़न रोकने व साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए मंगलवार को थाना घुघली पुलिस ने गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। सब इंस्पेक्टर रुचि सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के चौमुखा पंचायत भवन में चौपाल लगाया। जिसमें ग्रामीणों को वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112, एंटी रोमियो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि इंटरनेटमीडिया के इस्तेमाल के साथ साइबर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है। अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियोकाल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केवाइसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिंक अथवा ओटीपी शेयर न करें। महिला कांस्टेबल आरजू सिंह ने कहा छोटे विवादों को आपसी सहमति से सुलझा लिया जाए, जिससे थाना व कचहरी जाने से बचा जा सके।

# एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा

**अदालत से**

महराजगंज। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त दूधनाथ निवासी तहबरपुर आजमगढ़ को एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा और 1500 रुपये का जुर्माना लगाया है। अवैध असलहा के मामले की सुनवाई की।

आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त अशोक नाई निवासी कांशीराम महदेवा को 2000 रुपये का जुर्माना लगाया है। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के मामले की सुनवाई हुई। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त महाबली लेजार महदेवा को एक दिन न्यायिक अभिरक्षा व 1500 रुपये का जुर्माना लगाया है।

मारपीट, गाली गलौज मामले की सुनवाई हुई। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त मुंशी केवट निवासी पोखरभिंडा थाना फरेंदा महराजगंज को एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा और 3500 रुपये का जुर्माना लगाया है। संवाद

# कार्य में बांधा डालने पर दो विरुद्ध मुकदमा

जासं, भिटौली: भिटौली विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता संदीप कुमार की तहरीर पर भिटौली पुलिस ने जड़ार निवासी बक्शीष व खुर्शीद के विरुद्ध सरकारी कार्य में बांधा डालने,विद्युत कर्मियों को गाली-गुप्ता देने और मारने पीटने का मुकदमा मंगलवार को दर्ज किया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो के विरुद्ध सरकारी कार्य में बांधा डालने और मारने-पीटने का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# सीमा पर तस्करी के कपड़े उर्वरक, चावल की खेप बरामद

जागरण संवाददाता, नौतनवा : सशस्त्र सीमा बल की 66 वीं वाहिनी के जवानों ने सीमा चौकी डंडाहेड क्षेत्र के स्तंभ संख्या 520 के पास से नेपाल जा रही कपड़ों व सैंडल की खेप बरामद कर लिया। गश्त के दौरान जवानों की नजर तस्करी में लगे कुछ लोगों पर पड़ी तो उन्हें दौड़ने का प्रयास किया गया।

इस दौरान सभी तस्कर सामान छोड़कर नेपाल सीमा की ओर फरार हो गए। मौके पर पहुंच जवानों ने 42 पीस सूट, 40 पीस थान का कपड़ा व 20 जोड़ी सैंडल बरामद कर उसे जब्त कर लिया। एक अन्य खबर के अनुसार एसएसबी जवानों ने क्षेत्र के बैरिया बाजार के रास्ते नेपाल को जा रही 17 बोरी खाद, छह बोरी चावल एवं दो अदद साइकिल बरामद कर मौके से अब्दुल करीम निवासी बैरिया बाजार को हिरासत में ले लिया। जबकि अन्य तस्कर फरार हो गए।

**एसएसबी ने डंडाहेड व बैरिया बाजार से एक तस्कर को दबोचा, बरामद सामग्री को जब्त कर कार्रवाई के लिए कस्टम को सौंपा**

उप सेनानायक अभिनव कुमार सिंह ने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को बरामद सामग्रियों के साथ आगे की कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय नौतनवा को सिपुर्द कर दिया गया।

**नौ बोरी प्याज बरामद :** परसामलिक: क्षेत्र के सीमावर्ती खैरहवां दुबे गांव से मंगलवार की सुबह पुलिस टीम ने नौ बोरी प्याज बरामद कर कस्टम विभाग को सिपुर्द कर दिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनीत कुमार यादव, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार, जितेंद्र यादव, कांस्टेबल अनिल कुमार मौजूद रहे।

# पुलिस ने किशोरियों का निकाह रोका,लौटी बरात

जागरण संवाददाता, चिउटहा : सिंदुरिया के सेमरी में मंगलवार की शाम को होने वाली दो किशोरियों की निकाह (शादी) को पुलिस ने रोकवा दिया। मध्यप्रदेश के इंदौर से आ रही बरात शादी से पहले ही रास्ते से लौट गई। लड़की के स्वजन उनकी उम्र से संबंधित कोई भी सबूत पुलिस को नहीं दिखा पाए।

पुलिस को सूचना मिली थी कि सेमरी में दो किशोरियों की शादी हो रही है। सूचना पाते ही टीम गठित की गई। जांच में पता चला कि समशेर व समसुद्दीन की लड़की की शादी हो रही है। मंगलवार को बारात आने वाली थी। पुलिस ने कहा कि उसकी लड़की की उम्र अभी कम है, इसलिए वे उसकी शादी न करें। इस पर उन्होंने उम्र संबंधी दस्तावेज दिखाने को कहा, लेकिन वह मौके पर कोई रिकार्ड नहीं दिखा सकीं। वन स्टाप सेंटर की नैना पटेल का कहना है कि 18 वर्ष से पहले लड़की की शादी करना कानूनी अपराध है। वहीं लड़के की उम्र शादी के लिए 21 वर्ष होना जरूरी है। इस टीम में चौकी प्रभारी उमाकांत सरोज ने बताया की सूचना मिलते ही स्वजन को समझा बुझा कर शादी रोक दी गई और उनको समझा दिया गया। बालिग होने पर ही शादी करेंगे।

# युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**युवती ने एसपी से मिलकर बताई घटना, सौंपा प्रार्थना पत्र**

**19 सितंबर को महराजगंज से लौटते समय हुई घटना**

जासं, महराजगंजः कोतवाली थाना क्षेत्र के त्रिमुहानी पुल के पास कैंपियरगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

पीड़ित युवती ने बताया 19 सितंबर को दिन में तीन बजे वह कलेक्ट्रेट से कुछ आवश्यक कागजात लेकर आटो पकड़कर फरेंदा की ओर जाने लगी। अचानक तबीयत खराब होने के कारण त्रिमुहानी पुल के पास स्थित श्मशान घाट पर निर्मित भवन में आराम करने लगी। अचानक एक अजनबी व्यक्ति पास आया और रुकने का कारण पूछने लगा। फिर बातों में उलझाने लगा। इसके बाद वहां बने कमरे को दिखाने ले गया। सन्नाटा पाकर दरवाजा अंदर से बंद कर दिया और दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर श्मशान घाट की ओर जा रही महिला आवाज सुनकर पहुंची। उसने दरवाजा खोलवाया तब जाकर वह बाहर निकल पाई। पीड़िता ने बताया कि थाने पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।


स्त्रियों के स्वास्थ्य व निखार के लिए
टेक्नोफार्म® का
शीकेयर®
सीरप
• पेड़ू का दर्द
• रक्त की कमी
• भूख न लगना
• कमर का टूटना
• थकावट, कमजोरी
• हाथ पाँव में जलन
• कठिन दर्द में दे आराम


# प्रशिक्षण में आपराधिक मामलों के निस्तारण की दी जानकारी

जासं, बृजमनगंज: बृजमनगंज थाना में प्रशिक्षण के लिए तैनात नवनियुक्त उपनिरीक्षकों को सोमवार को थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने आपराधिक मामलों के निस्तारण में बरती जाने वाली सावधानी और तरीके के बारे बारीकी से समझाया।

इस दौरान लगभग आधा दर्जन से अधिक प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को घटना स्थलों पर ले जाकर आनसाइट प्रशिक्षण दिया गया। घटना स्थल पर मौके का नक्शा बनाना, फर्द इकट्ठा करने के तरीकों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। अमित कुमार राय, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह, आलोक यादव, गौरव कुमार, दीपक, प्रिया वर्मा मौजूद रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की जुटाई जा रही जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनौली।** भारत नेपाल सीमा से सटे रूपनदेही जिले के भैरहवा में 18 सितंबर की रात एक होटल में हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना की जांच हो रही है। छह युवकों को पुलिस रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। नेपाल पुलिस ने पीड़ित युवती से भी पूछताछ की।

जानकारी के अनुसार, नेपाल में सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पकड़े गए दो युवक गोरखपुर और दो महराजगंज जिले के हैं। जबकि दो नेपाल के रहने वाले हैं। नेपाल पुलिस नेपाली युवकों के भारतीय युवकों के कनेक्शन एवं भारतीय युवकों के बारे में भी पता कर रही है।

यह लोग नेपाल कब-कब आते थे और इन लोगों ने अपना ठिकाना कहां-कहां बना रखा है। इन सभी बिंदुओं पर नेपाल पुलिस अन्य एजेंसियों के सहयोग से जानकारी जुटाने में लगी है।

नेपाल भैरहवा में पकड़े गए सभी आरोपियों से मिलने जाने वाले सगे संबंधियों से भी नेपाल पुलिस पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही युवती के जानने वाले लोगों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

### भारतीय युवती से नेपाल के भैरहवा में सामूहिक दुष्कर्म का मामला

## होटल के कर्मचारियों से पुलिस ने की पूछताछ

नेपाल पुलिस ने जांच के क्रम में मंगलवार को उक्त होटल के सभी कर्मचारियों से पूछताछ की। इसमें नाइट ड्यूटी के कर्मचारियों से अलग-अलग पूछताछ की। होटल मैनेजर से पूछताछ में पता चला कि होटल के दोनों कमरे का भुगतान ऑनलाइन किया गया है। भारतीय साथियों के नाम, पहुंचने, आने-जाने से लेकर सभी जानकारी जुटा रही है। होटल के सीसीटीवी फुटेज और होटल के बाहर के सीसीटीवी फुटेज को पुलिस खंगाल रही है।

नेपाल में ऐसे मामलों में बहुत ही कड़ी सजा का प्रावधान है, जिसको लेकर नेपाल पुलिस हर एक बिंदु की जांच करती है।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस युवकों के भंसार कार्यालय से नेपाल आने को लेकर और बुटवल से लेकर भैरहवा उक्त होटल तक जांच प्रकिया में जुटी है। रूपनदेही पुलिस डीएसपी मनोहर भट्ट ने बताया कि सभी आरोपी रिमांड पर हैं। पूछताछ की जा रही है।

# बिजली कनेक्शन काटने पर विद्युत कर्मियों से मारपीट, वीडियो वायरल

## विद्युत कर्मियों की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज, मामले की जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**भिटौली।** भिटौली विद्युत उपकेंद्र से संचालित जडार गांव में मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे भिटौली उपकेंद्र के विद्युत कर्मियों ने बड़े बकाएदारों का कनेक्शन काट दिया। आरोप है कि इससे नाराज महिलाओं और पुरुषों ने विद्युत कर्मियों की पिटाई कर दी।

मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कर्मियों की तहरीर पर पुलिस ने जडार गांव के खुर्शीद अली और बख्शीष के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

विद्युत उपकेंद्र से संबंधित जडार गांव में जांच के दौरान बड़े बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे थे। इसी बीच गांव के आमरुन निशा एवं हदिसुन का भी कनेक्शन काट दिया गया। आरोप है कि कनेक्शन काटने से गांव की महिलाएं और पुरुष भड़क उठे। उन्होंने विद्युत कर्मियों की पिटाई कर दी। विद्युत कर्मियों ने भाग कर अपनी जान बचाई।

भिटौली विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि उपकेंद्र से बृजेश गौड़, संदीप निषाद, विनय मिश्रा, रोहित वर्मा, रामनिवास एवं पवन तिवारी जडार गांव में गए बिजली की जांच करने गए थे।

जांच के दौरान दो बड़े बकाएदाओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए, जिससे आक्रोशित होकर महिलाओं ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ विद्युत कर्मियों पर हमला बोल दिया, जिससे विद्युत कर्मी चोटिल हो गए। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की ांच की जा रही है।



**जडार गांव में विद्युत कर्मियों से मारपीट।** स्रोत-वीडियो ग्रैब

# रातभर बिजली कटौती से परेशान रही करीब 55 हजार की आबादी

## पनियरा और मुजुरी विद्युत केंद्र से जुड़े करीब 25 गांवों के लोग रहे परेशान

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** पनियरा और मुजुरी विद्युत केंद्र से जुड़े करीब 25 गांवों के लोग सोमवार को रात बिजली की आंख मिचौली से परेशान रहे। आलम यह रहा कि हर घंटे करीब चार से पांच बार बिजली की ट्रिपिंग हो रही थी। पूरी रात लोगों ने जागकर बिताई। करीब 55 हजार की आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा।

विद्युत उपकेंद्र मुजुरी के अंतर्गत मुजुरी, बड़हरा लाला, तेंदुअहिया, रामनगर, लक्ष्मीपुर, रानीपुर, बैंदा, औरहिया, सौरहा, मोहद्दीनपुर, सुचितपुर, जर्दी, सतगुर, मंसूरगंज, भवानीपुर, गांगी बाजार, नरकटहा, डोमरा, अहिरौली, हरखपुरा के अलावा पनियरा सब स्टेशन के सोहास, कमासिन बुजुर्ग, बैजूडेहरा, इलाहाबाद, महुआ शुक्ला, खैंचा, कमासिन खुर्द, सोनबरसा, गिरमिटिया, खजुरिया आदि गांवों में रात में बिजली कटौती से लोग परेशान रहे।

मुजुरी फीडर के उपभोक्ता डॉ. दीपू सैनी ने बताया कि 18 घंटे बिजली का दावा करने वाला विभाग आठ घंटे भी सुचारू रूप से बिजली नहीं दे पा रहा है। सोमवार शाम को कटी बिजली भोर में आई। बैदा के बालगोविंद ने बताया कि रात में हर 10 मिनट में लाइट ट्रिप कर रही है।

एक्सईएन आनंदनगर द्वितीय ई चंद्रेश उपाध्याय ने बताया कि बिजली कटौती की समस्या से निजात के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है।

# लापता किशोर को पुलिस ने खोजा

**महराजगंज।** पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल बड़हरा निवासी सकिउल्लाह खान का लापता हुआ 15 वर्षीय पुत्र सैफुउल्लाह को पुलिस ने पकड़ी से खोज लिया। वह सोमवार की शाम चार बजे से लापता था। उसे मंगलवार को दोपहर में कोतवाली थाना क्षेत्र के पकड़ी से पनियरा पुलिस ने खोज लिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने दी। संवाद

# किशोरियों को ले जा रहे थे नेपाल, दो पकड़े

महराजगंज। एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली दो किशोरियों को बहला-फुसलाकर दो युवक नेपाल ले जा रहे थे। एसएसबी की सक्रियता से किशोरियों के साथ आरोपित भी पकड़े गए। एसएसबी ने इसकी जानकारी कोल्हुई पुलिस और किशोरियों के पिता को दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया। बाद में किशोरियों को पिता के सुपुर्द कर दिया। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 सितंबर को उनकी दो बेटियां स्कूल गई थीं। संवाद

# दो स्थानों से तस्करी के सामान बरामद

खनुआ। सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के कमांडेंट जगदीश प्रसाद धावाई ने बताया कि बैरिया बाजार बीओपी के जवान मंगलवार को गश्त पर निकले थे। भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 531/01 के पास से सामान ले जाते समय एक आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अब्दुल करीम निवासी बैरिया बाजार थाना नौतनवा बताया। सामान की तलाशी लेने पर 17 बोरी यूरिया, छह बोरी चावल और 2 साइकिल बरामद हुई। वहीं दूसरी ओर बीओपी डंडा हेड के जवानों ने नेपाल सीमा के पिलर संख्या 520 के पास से 42 पीस लेडिज शूट, 40 थान सूती कपड़ा और 20 जोड़ी लेडिज सैंडल बरामद किया। संवाद

# चाइनीज लहसुन के बाद अब आम भी आ गए बाजार में

**तिब्बत बॉर्डर खुलने से बढ़ी चाइनीज सामानों की तस्करी, नेपाल में आयात कर भारत में की जा रही तस्करी, सीमावर्ती गांवों में बनाए गए हैं गोदाम**

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। बाजार में फल खरीदते के दौरान सचेत रहें। अधिक लाभ के चक्कर में धंधेबाज बाजार में चाइनीज आम भी उतार दिए हैं। बीते दिन चाइनीज आम की बरामदगी हुई है।

बीते दो वर्ष बाद नेपाल ने तिब्बत से जुड़ी नेपाल तिब्बत सीमा को खोल दिया है। इसके बाद बड़े पैमाने पर कच्चे माल का आयात नेपाल के कारोबारी चीन से कर रहे हैं। नेपाल में उक्त सभी वस्तुओं की खपत की अपेक्षा आयात चार गुना है। इसे भारत में तस्करी से पहुंचाया जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो सीमावर्ती क्षेत्र में चाइनीज वस्तुओं की लगातार बरामदगी के बाद सरहद पर सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी बढ़ा दी है। चीनी लहसुन, सेब के बाद चीनी



बॉर्डर एरिया में बरामद चाइनीज आम। सोशल मीडिया

आम की तस्करी तेजी से हो रही है। सोमवार को ट्रक पर और उसके बाद पिकअप पर लादकर आम लखनऊ मंडी में भेजा जा रहा था जिसे एसएसबी ने सोनौली कोतवाली क्षेत्र में ही पकड़ लिया था। हैरानी की बात है कि कड़ी चौकसी के बाद भी आसानी से चीनी आम सरहद पार हो रहा है।

सीमावर्ती गांव में तस्करों ने अवैध गोदाम बना रखे हैं, जहां नेपाल से साइकिल और बाइक से लाकर डंप किया जाता है।

फिर बड़े वाहनों पर लोड कर गोरखपुर और कानपुर, लखनऊ मंडी भेज दिया जाता है। मंडी में पहुंचने पर चीन के आम की पहचान सम्भव नहीं हो पाती है, जिसके कारण यह आसानी से खप जाता है।

## तातोपानी सीमा खुलने के बाद चीनी सामानों की बढ़ी तस्करी

खासा तातोपानी तिब्बत बॉर्डर खुलने के बाद नेपाल से भारत में इन दिनों चाइनीज सामानों की तस्करी काफी बढ़ गई है, जिसमें लहसुन, सेब, आम की तस्करी ज्यादा है। चीनी आम नेपाल में 100 रुपये प्रति किलो की दर पर बिक रहे हैं। भारत में आम का फसली सीजन समाप्त हो गया है। इस समय नेपाल के चार गुना रेट पर बिक रहा है। फल कारोबारी कासिम अहमद निवासी कुटवल ने बताया कि चाइनीज आम की मांग भारत में बढ़ गई है। इसे बंबई वाला आम के नाम से बेचा जा रहा है। खाने में बहुत ही मीठा है। चीनी आम अभी तीन कलर हरा, लाल और पीले में उपलब्ध है। हमारे यहां से सोनौली, खनुआ, बढ़नी और ननपारा बॉर्डर के रास्ते कारोबारी माल लेकर जाते हैं।

## 100 रुपये किलो में खरीदते हैं

तस्कर चाइनीज आम को नेपाल में 100 रुपये प्रति किलो खरीदकर सरहद से सीमावर्ती गांव के गोदामों में डंप कर देते हैं। तस्कर सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर दिन हो या फिर रात, छोटे-बड़े वाहनों की मदद से आम की खेप को सरहद पार कर भारत लाते हैं। जहां से सीमावर्ती नगर और ग्रामीण बाजारों के साथ गोरखपुर, कानपुर सहित अन्य मंडियों में आसानी से पहुंचाकर मोटी रकम कमा रहे हैं।

## नौ बोरी प्याज बरामद कर कस्टम को भेजा गया

परसामलिक। स्थानीय थाना क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम पंचायत खैरहवा दुबे के पगडंडी के रास्ते से पुलिस ने मंगलवार को सुबह तस्करी के जरिए नेपाल भेजी जा रही नौ बोरी लावारिस प्याज बरामद किया है। वहीं पुलिस को आता देख सभी तस्कर प्याज की बोरियों को फेंककर नेपाल भागने में कामयाब हो गए। मौके से पुलिस ने बरामद प्याज को कब्जे में लेकर थाने पर लाई। थानाध्यक्ष उमेश कुमार के अनुसार नौ बोरी प्याज बरामद हुई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। बॉर्डर से किसी भी हाल में तस्करी नहीं होने दी जाएगी। संवाद




## मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**नौतनवा।** नगर के विष्णुपुरी वार्ड निवासी पन्नालाल की तहरीर पर नौतनवा पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध मारपीट करने तथा धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। विष्णुपुरी निवासी पन्नालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को शाम 7.30 बजे चौराहे से अपने घर जा रहा था। रास्ते में एक युवक ने लोहे के पंच से मारपीट कर घायल कर दिया। धमकी देते हुए फरार हो गया। संवाद

## सेंट के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**खनुआ।** सोनौली पुलिस ने चेकिंग के दौरान नेपाल सीमा की तरफ से बाइक सवार एक युवक के पास से सेंट बरामद कर कस्टम को सौंप दिया। सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि बॉर्डर पर जांच की जा रही थी। इसी बीच एक बाइक सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई तो 70 पीस सेंट बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम दीपेश कुमार सिंह निवासी जनकपुर नेपाल बताया। संवाद

## कोटेदार से छेड़खानी व रुपये लेने के आरोप में केस

**महराजगंज।** पुरंदरपुर क्षेत्र की एक महिला कोटेदार से छेड़खानी, मोबाइल नंबर पर बार-बार फोन करने, नौकरी के नाम पर 1.50 लाख रुपये लेकर वापस न करने तथा सरेआम अशोभनीय हरकत करने के मामले सामने आया है। इसमें फरेंदा पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला कोटेदार ने आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्ति एक वर्ष से उनके नंबर पर फोन करके बात करता है। संवाद

# शादी से इनकार करने पर युवती को मारा चाकू

संवाद न्यूज एजेंसी

## आरोपी युवक को पकड़कर ग्रामीणों ने पीटा, पुलिस को सौंपा

घुघली। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के शादी से इनकार करने पर युवक ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, घुघली क्षेत्र के एक गांव की युवती का युवक से चार साल से प्रेम संबंध था, लेकिन युवती को अपनी गलती का अहसास हुआ तो उसने युवक से संबंध तोड़ लिया। उससे बातचीत करना बंद कर दी। इसके बाद भी युवक ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। वह हमेशा उससे शादी की बात कर परेशान कर रहा था। युवती मंगलवार सुबह खेत की ओर गई तो युवक उसका पीछा करते हुए वहीं पहुंच गया।



पकड़ा गया आरोपी। स्रोत-ग्रामीण

उसने उससे बात करने की कोशिश तो युवती ने इंकार दिया। इससे युवक आग बबूला हो गया और पास में रखे चाकू से युवती के शरीर कर कई जगह वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती के चिल्लाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद उसकी हाथ पैर बांधकर पहले जमकर पिटाई हुई। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया गया।

घायल युवती को घुघली सीएचसी लाया गया, जहां स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवती अपने ननिहाल में सिलाई सीख रही थी।

> आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है।
>
> **-आतिश कुमार सिंह,** अपर पुलिस अधीक्षक

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भानपुर (एसएनबी )।** सोनहा थाना क्षेत्र के बस्ती अलावल गाँव में एक नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक नाबालिग की पहचान लगभग 16 वर्षीय प्रेमा पुत्री सूरतराम के रूप में हुई। उसका शव घर के छत से अंदर कुंडी में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। पुलिस के पहुँचने के पहले शव जमीन पर मिला। मृतका के पिता रोजी रोटी के लिए दिल्ली में रहते हैं। मौके पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने घटनास्थल पर छानबीन की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की माता ने बताया कि घर के कमरे में छोटी पुत्री द्वारा शव को लटकता देख हंसिए से दुपट्टे को काटकर शव को उतार दिया गया था।

# हाईवे के पेड़ों की एनएच करे कटाई

**बस्ती (एसएनबी )।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने एनएचआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईवे पर पड़ने वाले अवैध कटों एवं डिवाइडर पर लगे पेड़ -पौधों की छंटाई का कार्य यथाशीघ्र करायें, जिससे दुर्घटना की संभावनाओं को रोका जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सर्विस रोड का मरम्मत कार्य कराकर शीघ्रातिशीघ्र अवगत कराया जाए। बैठक में एआरटीओ पंकज सिंह ने बताया कि स्कूल के नाम से पंजीकृत वाहनों में 912 के सापेक्ष 216 के फिटनेस अभी अवशेष हैं। जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित करें कि सभी वाहनों का फिटनेस यथाशीघ्र करा लिया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी आरएस दूबे, डीडीओ अजय सिंह, पीडीए राजेश कुमार, उपजिलाधिकारी रूधौली शाहिद अहमद, सदर शत्रुघ पाठक, हर्रैया विनोद पाण्डेय, भानपुर आशुतोष तिवारी, बीएसए अनूप तिवारी, अधिशासी अभियन्ता पीडब्लूडी अवधेश कुमार सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अफीम और गांजा माफियाओं पर होगी कार्रवाई

**बस्ती (एसएनबी)।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में नारको-आर्डिनेशन सेन्टर की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। इसमें मादक पदार्थो की तस्करी, जिले में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र, ड्रग्स जांच उपकरण सहित अन्य बिन्दुओं पर गहन समीक्षा किया गया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निरन्तर सतर्कता बरतने तथा अफीम व गांजा माफियाओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उनके बड़े सप्लायरों के बारे में भी जानकारी ली जाए तथा ड्रग्स का प्रयोग करने वालों को सुधार के लिए पुनर्वास केन्द्र भिजवायें। बैठक का संचालन जिला आबकारी अधिकारी राजेश तिवारी ने किया। उन्होंने बताया कि 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक नशा मुक्ति भारत अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी आरएस दूबे, डीडीओ अजय सिंह, पीडीए राजेश कुमार, उपजिलाधिकारी रूधौली शाहिद अहमद, सदर शत्रुघ्न पाठक, हर्रैया विनोद पाण्डेय, भानपुर आशुतोष तिवारी, बीएसए अनूप तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मोबाइल चुराने पहुंचा चोर बाइक छोड़ भागा

**बस्ती (एसएनबी)।** कलवारी थाना क्षेत्र के गोविन्दपुरा डलवा गांव में बाइक से पहुंचा चोर बरामदे में गाड़ी खड़ा कर मोबाइल चुराने की फिराक में था इसी बीच युवक के जग जाने से वह बाइक छोड़भाग खड़ा हुआ और जाते-जाते गृह स्वामी को गालियां और जान से मारने की धमकी भी थी । इस मामले में गृह स्वामी की शिकायत पर कलवारी पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। लवारी थाना क्षेत्र के गोविंदा पुर दलवा निवासी भोले राम यादव ने पुलिस को बताया कि तीन अज्ञात चोरो द्वारा हीरो होण्डा स्पेलण्डर से आना व सहन में बाइक खडा करके बरामदे मे लगे मोबाईल को निकाल लेना तथा चोरी की नियत से ताक झांक करना । वादी की नीद खुलने पर चोर को पकड़ने की कोशिश करने पर चोरो द्वारा अपनी बाइक छोडकर भाग जाना व भागते समय गाली गुप्ता व जान से मारने की धमकी देना भोले राम यादव पुत्र रामसुगन यादव निवासी गोविन्दापुर (दहलवा) की शिकायत पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गैंगस्टर को दो वर्ष की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना हरैया पुलिस द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप गिरोह बनाकर चोरी करने वाले गिरोह के एक अभियुक्त को दो वर्ष के कारावास व रुपये 5000 के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी है।थाना हरैया पर मुकदमा अपराध संख्या 217/2022 धारा- 3(1)उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 बनाम नीरज पाण्डेय पुत्र राम प्रकाश निवासी मड़हरकला थाना हरैया जनपद बस्ती के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया था।

# मारपीट में युवक का टूटा हाथ, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** मामूली विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी जिससे उसका हाथ टूट गया पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के टीवी अस्पताल के पास हुई इस घटना में मुकाम में पुलिस ने एक युवक को नामजद किया है जबकि आधा दर्जन अज्ञात लोगों पर भी एफआईआर दर्ज की गई है। नगर थाना क्षेत्र के गोता निवासी आनंद कुमार सोनी ने पुलिस को बताया कि वह जिला टीबी अस्पताल के सामने बीयर के दुकान के पास निजी कार्य से गया था तभी वादी के साढू अक्षय सोनी की मुलाकत विपक्षी से हुई । जो गाड़ी के फाइनेन्स की बात करने लगा जिसपर वादी ने और दूसरे गाड़ी फाइनेन्स कराने वालो का नाम बताया जिसपर विपक्षी बुरा मानकर फोन करके 5 से 6 लड़के को बुला लेना तथा उन लोगो के पहुचते ही विपक्षी के कहने पर सभी लोगो ने मिलकर मारने पीटने लगे तथा मेहताब आलम ने डण्डे से वादी के दाहिने हाथ पर मारना जिससे प्रार्थी की दाहिना हाथ टुट जाना तथा अभियुक्त गण द्वारा प्रार्थी को गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दिये। आनन्द कुमार सोनी पुत्र स्व. ओमप्रकाश सोनी निवासी गोटवा बाजार थाना नगर जनपद बस्ती की तहरीर पर पुरानी बस्ती पुलिस ने मेहताब आलम पुत्र अज्ञात निवासी गांवगोड़िया थाना कोतवाली जनपद बस्ती व आधा दर्जन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# आटो से जा रही महिला का छीना चेन

**बस्ती (एसएनबी)।** आटो पर बैठकर जा रही है एक महिला का अज्ञात युवक ने गले में पहना चेन छीन लिया। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के शिवा कालोनी की रहने वाली है। मालती चौधरी पत्नी रामतेज चौधरी ने पुलिस को बताया कि जब वह आटो में बैठकर अपने घर जा रही थी अभी वह रोडवेज पर पहुंची थी अज्ञात व्यक्ति ने गले में पहने चेन छीनकर कर फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने धारा 303 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है ।

# मनबढ़ सिपाही ने कोटेदार को पीटा, पब्लिक ने घेरा पुलिस चौकी

## आरोपी सिपाही को हटाने के आश्वासन पर हटी पब्लिक

कप्तानगंज (बस्ती)।

सहारा न्यूज ब्यूरो



घटना के बाद विरोध-प्रदर्शन करती आक्रोशित जनता।

स्थानीय थाना क्षेत्र के महाराजगंज चौकी अंतर्गत तेलियाडीह गांव के समीप हाईवे पर एक चाय की दुकान पर मामूली विवाद को लेकर एक सिपाही ने कोटेदार को थप्पड़ जड़ दिया। जिससे मौके पर मौजूद पब्लिक उग्र हो गई और सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर महाराजगंज पुलिस चौकी का घेराव कर दिया नारेबाजी होने लगी इसके बाद मौके की नजाकत भांपते हुए कार्रवाई का आश्वासन देकर पुलिस ने मामले को शांत कराया। मिली जानकारी के अनुसार हाईवे किनारे तेलियाडीह गांव के समीप एक चाय की दुकान पर बिना नंबर की एक बाइक खड़ी थी मौके पर मंगलवार की देर शाम पहुंचे सिपाही गणेश ने बाइक के बारे में पूछताछ की और बाइक की चाबी लेकर पुलिस चौकी लाने का प्रयास करने लगे तभी वहां चाय की दुकान पर बैठे तेलियाडीह गांव के कोटेदार जगदीश प्रसाद ने कहा कि आप वर्दी पहने हैं लेकिन हम आपको नहीं पहचानते इसलिए पहले हम बाइक के साथ आपकी एक फोटो लेंगे उसके बाद आप बाइक थाने पर ले जाइए यह बात कहते ही सिपाही गणेश बुरी तरह आग बबूला हो गया और उसने कोटेदार पर थप्पड़ों की बौछार कर दी जिससे वहां मौजूद तमाम पब्लिक उग्र हो गई मामला बिगड़ता देख सिपाही मौके से भाग खड़ा हुआ पर सैकड़ो की संख्या में पब्लिक एकत्रित होकर पुलिस चौकी महाराज पर पहुंच गई और चौकी का घेराव कर लिया बाद में व्यापारी नेताओं और पुलिस के मध्य हुई बातचीत में इस बात पर सहमति बनी की सिपाही गणेश को यहां से हटाया जाए इसके बाद एसएचओ कप्तानगंज के आश्वासन पर मामले को शांत किया गया।

घटना के संबंध में एसएचओ कप्तानगंज दीपक दुबे से बात की गई तो उन्होंने कहा की कहा कि कहासुनी का मामला प्रकाश में आया है जिसके बाद पब्लिक की मांग पर एक रिपोर्ट देकर उसे वहां से हटा दिया जा रहा है।

# रेलवे का गेट संख्या-204 हमेशा के लिए बंद

बस्ती। बस्ती और गोविंदनगर रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित गेट संख्या-204 को सड़क यातायात के लिए पूर्णत: बंद कर दिया गया है। यह निर्णय पास में अंडरपास बनने के कारण लिया गया है। मंगलवार को वॉल्टरगंज के थानाध्यक्ष मोतीचंद और इंस्पेक्टर रेलवे सुरक्षा बल संजय मिश्र ने गेट संख्या-204 को बंद करवाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल के साथ उनकी टीम मौजूद रही।

# मादक पदार्थों की तस्करी पर लगे प्रभावी रोक

बस्ती। डीएम रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में नारको कोआर्डिनेशन सेंटर की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, जिले में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र, ड्रग्स जांच उपकरण सहित अन्य बिन्दुओं पर गहन समीक्षा की। डीएम सम्बन्धित अधिकारियों को निरन्तर सतर्कता बरतने तथा अफीम, गांजा माफियाओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

# परिषदीय स्कूल गेट के सामने हो रहा अवैध निर्माण

बनकटी। नपं बनकटी के गांधीनगर वार्ड स्थित कम्पोजिट विद्यालय के गेट के सामने अवैध निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। इस बात की शिकायत सभासद शबनम बानों व स्थानीय लोगों ने एसडीएम सदर शत्रुहन पाठक से किया। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व लालगंज थानाध्यक्ष को जांच कर निर्माण कार्य रोकवाते हुए आख्या तलब की है।

# न्यायालय के आदेश पर दो पर केस दर्ज

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आहर गांव निवासी रामराज ने न्यायालय में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि परसोनिया के गौरी शंकर व औतारी देवी ने विवादित जमीन का बैनामा वसीयत के नाम पर 10 लाख 50 हजार रुपये स्टेट बैंक के शाखा में जमा करा लिए।

उक्त जमीन वर्ष 2021 मेरे पक्ष में बैनामा कर दिए और उक्त जमीन पहले ही न्यायालय से खारिज हो चुका था। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र मिश्र ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

# गैंगस्टर एक्ट में दो साल की कारावास

बस्ती। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व हर्रैया थाने की सशक्त पैरवी की मदद से गिरोह बनाकर चोरी करने के आरोपी को दो वर्ष के कारावास व 5000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस कार्यालय के अनुसार गैंगस्टर एक्ट के आरोपी नीरज पांडेय निवासी मड़हरकला थाना हर्रैया के खिलाफ विवेचक ने आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

अपर सत्र न्यायाधीश षष्टम/विशेष न्यायाधीश( गैंगस्टर एक्ट ) बस्ती को दोष सिद्ध होने पर 2 वर्ष के कारावास व पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# शादी का झांसा देकर रेप, एफआईआर

बस्ती। नगर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में बताया है कि कप्तानगंज थानाक्षेत्र का रहने वाला राम गौड़ ने उससे शादी की बात करके मिलता रहा और बात करता रहा। आरोप है कि इसी बीच झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। जब शादी करने की बात करते तो वह टालने लगा। शादी करने के लिए दबाव बनाया तो जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

बस्ती। विशेष सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार की अदालत ने जेलकर्मी की सात वर्षीय बेटी के साथ बस्ती में हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपित को 20 वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष शासकीय अधिवक्ता अरुण श्रीवास्तव, अरविंद पांडेय, वंदना चौधरी ने अदालत को घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि अमेठी जिले के जामो थाने की एक महिला बस्ती की एक कॉलोनी में रहती थी। मकान मालिक का साला प्रमोद कुमार, निवासी ग्राम निगड़ी थाना हरपुर बुधहट, जिला गोरखपुर, उन दिनों अपनी बहन के घर आया था। 31 अक्तूबर 2018 को महिला अपनी बेटी को मकान मालिक के पास छोड़कर बाजार गई थी। सायं तीन बजे लौट कर आई तो उसकी पुत्री रो रही थी। शरीर से खून भी बह रहा था। पूछने पर उसने बताया कि प्रमोद ने दुष्कर्म किया है।

# जिला जज ने किया बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

बस्ती। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने मंगलवार को बाल सम्प्रेक्षण गृह, पचपेड़िया मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार, एसडीएम शत्रुहन पाठक एवं सीओ रुधौली संजय सिंह उपस्थित रहे। समिति ने किशोर गृह में पाकशाला का निरीक्षण किया।

अधीक्षक बाल संप्रेक्षण गृह को भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए निर्देशित किया। किशोरों को कौशल विकास हेतु सभी अवसरों का लाभ लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

# सरिया बरामदगी में दो को कारावास

बस्ती। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकरन यादव की अदालत ने ट्रक व उसमें लदी सरिया की बरामदगी के मामले में दो आरोपितों को तीन वर्ष साधारण कारावास व प्रत्येक को पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतननी होगी।

गोंडा जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी दिनेश कुमार सिंह ने चार अक्तूबर 2014 को छावनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा था कि वह ट्रक चालक व मालिक है। तीन अक्तूबर को गीडा गोरखपुर से वह ट्रक में 15 टन सरिया लाद कर लखनऊ के लिए चला था। जैसे ही टोल प्लाजा छावनी को पार किया तो मेरे ट्रक को एक खाली ट्रक ने ओवरटेक किया।

## महराजगंज तेलियाडीह का एसडीएम ने किया मुआयना

# एसडीएम ने विवादित भूमि पर मांगी रिपोर्ट, होगी जब्त

**धर्मस्थल विवाद**

- धर्मस्थल निर्माण को लेकर सोमवार की रात हुआ था विवाद
- विवादित जमीन पर कोई निर्माण कार्य नहीं कराए जाने का निर्देश

कप्तानगंज (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के कप्तानगंज थानांतर्गत महाराजगंज तेलियाडीह में धर्मस्थल निर्माण को लेकर उपजे तनाव के बीच मंगलवार को एसडीएम हर्रैया विनोद पांडेय मौके का मुआयना करने पहुंचे। सख्त हिदायत देते हुए विवादित जमीन पर कोई निर्माण कार्य नहीं कराए जाने का निर्देश दिया। विवाद को देखते हुए विवादित जमीन पर पुलिस का पिकेट सोमवार रात से ही मुस्तैद है।

एसडीएम हर्रैया ने कप्तानगंज पुलिस से मौजूदा हालात और स्थिति को देखते हुए रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि पुलिस और प्रशासनिक अमला विवादित जमीन पर 145 की कार्रवाई करने में जुट गया है। इसके लिए पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि 145 की रिपोर्ट एसडीएम हर्रैया को भेज भी दी गई है। महाराजगंज तेलियाडीह कस्बे में रिटायर्ड लेखपाल स्तर से धर्मस्थल का निर्माण कराया जा रहा था।

इसकी सूचना पर सोमवार की देर रात्रि महराजगंज कस्बे के लोग उग्र हो गए और विरोध जताने लगे। पुलिस ने विवाद को शांत कराया। दो समुदायों के बीच विवाद की सूचना पर प्रशासनिक अमला भी अलर्ट हो गया। सीओ कलवारी प्रदीप तिवारी, तहसीलदार हर्रैया देर रात तक मौके पर डटे रहे। इसके बाद से पुलिस पिकेट विवादित स्थल पर मुस्तैद है। मंगलवार की सुबह एसडीएम हर्रैया ने निर्माण करा रहे व्यक्ति को स्पष्ट निर्देश दिया कि अब कोई निर्माण कार्य नहीं होगा। साथ जमीन की पैमाइश और स्थिति की रिपोर्ट तलब की है।



विवादित स्थल का मंगलवार को मुआयना करने पहुंचे एसडीएम हर्रैया।

### बिना पंजीकरण के मदरसा संचालन का आरोप

महाराजगंज तेलियाडीह में विवाद के बाद निर्माणधीन स्थल से सटकर संचालित हो रहे मदरसे को लेकर भी महराजगंज कस्बावासी लामबंद दिखे। उनका आरोप है कि बिना पंजीकरण और मान्यता के मदरसे का संचालन हो रहा है। मौके पर पहुंचे एसडीम हर्रैया विनोद कुमार पांडेय से इसकी शिकायत की। एसडीएम ने बताया कि इस प्रकरण की जानकारी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को दी गई है। अगर बिना पंजीकरण और मान्यता के मदरसा संचालित हो रहा होगा तो सम्बंधित संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।



कप्तानगंज के बड़ोखर गांव पहुंचा नीदरलैंड से परिवार। • हिन्दुस्तान

# नीदरलैंड से पूर्वजों की थाती खोजते बस्ती पहुंचे अप्रवासी

**कप्तानगंज (बस्ती)**। अपने पुरखों का जन्मस्थान खोजते हुए नीदरलैंड से एक परिवार बस्ती आया है। कप्तानगंज थानांतर्गत दुबौला चौकी के बडोखर गांव को यह परिवार अपने पुरखों का गांव बता रहा है। इस परिवार की दादी अम्मा सुभगिया देवी 11 जनवरी 1908 को नीदरलैंड गई थीं। इनका परिवार नीदरलैंड जाकर बस गया। तीसरी पीढ़ी के मनोरमा देवी अपने पूर्वजों का जन्मस्थान खोजने दो सप्ताह पूर्व दिल्ली आईं और वहां से बड़ोखर गांव पहुंचीं। यह परिवार पहले महाराजगंज जिले के कप्तानगंज और फिर बस्ती जिले के कप्तानगंज स्थित बड़ोखर गांव पहुंची। परिवार दो सप्ताह से भारत में है।

बड़ोखर गांव आई मोगरमा देजाई ने बताया कि वो लोग नीदरलैंड की निवासी हैं। उनके साथ परिवार के तीन सदस्य पुरखों का गांव खोजने भारत आए हैं। उनकी दादी अम्मा ने बताया था कि उनका जन्म अयोध्या के समीप बस्ती जिले के कप्तानगंज स्थित बड़ोखर गांव में हुआ था। 21 वर्ष की उम्र में ब्रिटिश शासन के दौरान उनकी दादी नीदरलैंड गई थीं। दादी की 1960 में मौत के बाद 1970 में उनका परिवार नीदरलैंड के हॉलैंड में जाकर बस गया। आज भी नीदरलैंड के सूरीनाम कॉलोनी में ये लोग पूरे परिवार के साथ रहते हैं। 55 वर्षीय मोगरमा देजाई ने बताया कि माता-पिता और उनका जन्म सूरीनाम में हुआ था। हम लोग हिन्दी भाषा का ज्ञान रखते हैं। प्रधान गोविंद चौहान के घर पहुंचकर बुजुर्गों से जानकारी लीं। दादी के पैतृक गांव पहुंचकर सभी भावुक हो उठे। ग्राम प्रधान ने बस्ती के सुभगिया देवी के परिवार की जानकारी कर उन्हें मिलवाने आश्वासन दिया है।

# चालक की सूझबूझ से बची युवती की जान

बस्ती। ऑटो चालक की होशियारी से एक युवती की जान बच गई। कलवारी थानाक्षेत्र के सरयू नदी पर बने टांडा पुल पर ऑटो में बैठकर पहुंची युवती की मंशा को भांपकर चालक ने उसे वहां उतारने के बजाय पुलिस चौकी पहुंचा दिया। पूछताछ में पता चला कि वह आत्महत्या करने की नीयत से पुल पर पहुंची थी। घरवालों को बुलाकर पुलिस ने युवती को समझा-बुझाकर घर भेज दिया। बताया जा रहा है कि लालगंज क्षेत्र की रहने वाली 24 वर्षीय युवती सोमवार की रात करीब आठ बजे टांडा जाने के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुई। टांडा पुल पर थोड़ी दूर आगे जाने के बाद उसने चालक से ऑटो रिक्शा रोकने को कहा। चालक को संदेह हुआ। उसने ऑटो नहीं रोका और युवती को माझा खुर्द चौकी पर पहुंचा दिया।

# बाइक छोड़ भागे चोर, मुकदमा दर्ज

बस्ती। कलवारी पुलिस ने गोविन्दापुर (दलहवा) में हुई घटना के मामले में केस दर्ज किया है। गांव के राम यादव का आरोप है कि 21 सितंबर की तीन चोर बाइक से आए। उनके घर के सामने बाइक खड़ी की और बरामदे में चार्जिंग पर लगे मोबाइल को ले लिया। चोरी की नीयत से ताकझांक करते हुए नींद खुल गई।

पकड़े जाने के डर से तीनों बाइक छोड़कर भाग गए। भागते समय अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी।

पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सरिया की बरामदगी में दोषी को तीन साल की सजा

जागरण संवाददाता, बस्ती: अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकरन यादव ने ट्रक व उसमें लदी सरिया की बरामदगी के मामले में दो आरोपितों को तीन वर्ष साधारण कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को पांच हजार रुपये अर्थदंड से भी दण्डित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर तीन माह की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी।

गोंडा जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी दिनेश कुमार सिंह ने चार अक्टूबर 2014 को छावनी थाना में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि वह ट्रक चालक व ट्रक मालिक भी है। तीन अक्टूबर को गैलेंट इस्पात गीडा गोरखपुर से वह ट्रक में 15 टन सरिया लाद कर लखनऊ के चला था। दो लोगों ने मिल कर ट्रक व उसमें लदे सामान को लूट लिया था। पुलिस ने भी मुकदमा दर्ज कर 10 अक्टूबर 2014 ट्रक व उसमें लदे 15 टन सरिया के साथ दिनेश कुमार पांडेय व सभाजीत पांडेय को गिरफ्तार किया था।

# बच्ची पर जंगली जानवर का हमला, घायल

जासं,दुबौलियाः दुबौलिया थाना क्षेत्र में घर के पीछे खेल रही पांच वर्षीय बच्ची पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

रानीपुर लाद गांव निवासी संतराम की बेटी सुमीर मंगलवार की शाम करीब पांच बजे अपने घर के पीछे खेल रही थी। इसी बीच पास की झाड़ी से निकल कर किसी जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। जानवर के हमले से बच्ची के सिर पर गहरा जख्म हो गया। स्वजन बालिका को सीएचसी हर्रैया ले गए। कप्तानगंज रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी राजू प्रसाद ने बताया कि मामला संज्ञान में है। वह वन विभाग की टीम के साथ खुद मौके पर हैं।



पिता के साथ घायल सुमीर • जागरण

# प्रशासन ने रुकवाया निर्माण, सात लोग पाबंद

## पुलिस छावनी में बदला महराजगंज कस्बा, रात में हुआ फ्लैग मार्च, निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

जागरण संवाददाता, बस्तीः धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर कप्तानगंज थानाक्षेत्र के महराजगंज कस्बे दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए हैं। सूचना पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों के लोगों से वार्ता की। बिना अनुमति के धार्मिक स्थल का निर्माण कार्य न करने की चेतावनी दी।

मौके पर मंगलवार को एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने वहां पर जाकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। प्रभारी निरीक्षक दीपक दुबे ने निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से एक तरफ से दो तथा दूसरे तरफ से पांच लोगों को शांतिभंग की आशंका में पाबंद कर दिया है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात है। पुलिस ने रात्रि में फ्लैगमार्च कर कस्बेवासियों में सुरक्षा का एहसास कराया।

सोमवार की रात में कस्बे में रिटायर्ड कानूनगो शब्बीर अहमद अपने मकान से सटे अपनी भूमिधरी में निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि वह बिना प्रशासन की अनुमति लिए ही मस्जिद निर्माण करा रहे थे। इसे लेकर दोनों पक्षों के लोग आपस में भीड़ गए थे। इसका पता चलते ही जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोनों पक्षों के लोगों के साथ बैठक कर वार्ता की। कहा कि बिना अनुमति के धार्मिक स्थल का निर्माण कार्य नहीं कराया जाएगा। एसडीएम हर्रैया विनोद पांडेय ने कहा कि भूमि विवाद की जांच-पड़ताल की जा रही है। फिलहाल निर्माण रोकवा दिया गया है। पहले निर्धारित कर लेंगे किस प्रकार की जमीन में कैसा निर्माण है। बिना अनुमति के मस्जिद का निर्माण किसी भी परिस्थिति में नहीं होने पाएगा। कस्बा वासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। एएसपी ओपी सिंह ने बताया कि मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। दोनों पक्षों के लोगों को शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से पाबंद करा दिया गया है।





निर्माण स्थल पर तैनात पुलिस फोर्स व महराजगंज बाजार में निर्माणाधीन स्थल का जायजा लेने पहुंचे उप जिलाधिकारी हर्रैया विनोद पांडेय • जागरण

# पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ केस दर्ज

छावनी। थानाक्षेत्र में पत्नी ने पति के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज का मुकदमा दर्ज कराया है। मामला थानाक्षेत्र के पूरेनाथु गांव की है। प्रभारी थानाध्यक्ष विजय कुमार दूबे ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। थानाक्षेत्र के पूरे नाथू गांव में पारिवारिक विवाद में अक्सर पति की पिटाई से आजिज महिला ने छावनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पुरखों की जन्मस्थली चूमकर हुए गदगद

## बड़ोखर पहुंचा हालैंड से एक परिवार, परंपराओं के पालन को मानते हैं अपना सौभाग्य

**1908** में पानी के जहाज से हालैंड मजदूरी करने गए थे पूर्वज

**10** दिन पहले हालैंड से दिल्ली पहुंचे और ली गांव की जानकारी

जागरण संवाददाता, दुबौला, बस्ती: पुरखों की जन्म स्थली को चूमने हालैंड से एक परिवार जिले में पहुंचा। कई दिनों से चल रही खोज उस समय पूरी हुई, जब वे अपने पूर्वजों की जन्म स्थली पर पहुंचे और उसे चूमकर गदगद हो गए। सोमवार को जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में यह लोग पहुंचते हैं। सूचना मिलते ही गांव के तमाम लोग उत्सुकता बस इकट्ठा हो गए।

जब लोगों से चर्चा शुरू हुई तो हालैंड से आई हुई मनोरमा देसाई ने बताया कि 1908 में उनके पूर्वज इसी गांव से हालैंड गए थे। जो जानकारी पूर्वजों के बारे में उनके पास उपलब्ध है। उसमें इसी गांव की सोहन उर्फ सुभगिया पहले कोलकाता गईं। इसके बाद कोलकाता से हालैंड पहुंचीं थीं। उन्हें वहां मजदूरी करने के लिए भेजा गया था।



हालैंड से पुरखों के गांव बड़ोखर पहुंचीं मनोरमा देसाई व उनके परिवार के सदस्य, साथ मे ग्रामीण और पुलिसकर्मी • जागरण

उनकी उम्र उस समय 21 वर्ष थी। जो कोलकाता से उनके हालैंड जाने का अभिलेख मिला है। उसमें वर्ष 11 जनवरी 1908 दर्ज है। उस समय 493 नंबर समुद्री जहाज से सोहन उर्फ सुभगिया कोलकाता से हालैंड गई थी। बताया कि इससे पहले वर्ष 1970 में उनके बाबा भी यहां अपने पूर्वजों की मिट्टी को नमन करने के लिए आए थे। बताया कि हम लोग 10 दिन पूर्व हालैंड से दिल्ली पहुंचे और इसके बाद उन्होंने इस गांव के बारे में जानकारी हासिल किया। मनोरमा ने बताया कि उनका पूरा परिवार अपने पूर्वजों की जन्म स्थली पर आकर बहुत खुश हैं।

आज भी वह अपने पूर्वजों के रीति रिवाज, परंपराओं का पूरा पालन करती हैं। सभी त्योहार मनाती हैं। बताया उनके पूर्वज मजदूर बनकर विदेश गए थे। धीरे-धीरे वहीं पर वहां नागरिकता प्राप्त किया। पूर्वजों की माटी को छूकर आत्मिक संतोष प्राप्त हुआ। कहा कि हम भविष्य में भी आने का प्रयास करेंगे, जिससे कि अपने पूर्वजों की माटी और जन्म स्थली से जुड़े रह सकें।

# दुर्गा पूजा को सफल बनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक

जागरण संवाददाता, वभनान, वस्ती: श्री दुर्गा पूजा के मद्देनजर गौर थाना पर शांति कमेटी की बैठक की गई। जिसमें त्योहार को भाईचारे से मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक और रामकुमार राजभर के अध्यक्षता में हुई बैठक में दुर्गा पूजा समारोह को सफल बनाने के लिए लोगों से सुझाव मांगे। डीजे संघ से अपील किया कि विसर्जन के दौरान नशे का सेवन न करें। विसर्जन यात्रा में शामिल डीजे संचालक डीजे की आवाज व बाइब्रेशन अधिक न रखें। साथ ही विसर्जन स्थल बेलवरिया घाट,शिवाघाट,अइलाघाट,बाराहक्षेत्र व गटरा पुल से लेकर यात्रा में आने वाली समस्या व उसके निदान के लिए सुझाव सुने। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार, राजू गौतम, रामकेश, सुभाष चौधरी,पारस नाथ यादव, अवधेश कुमार, एजाज खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिला जज ने किया बाल संप्रेषण गृह का निरीक्षण



बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर बाहर निकलते जनपद न्यायाधीश • सौ.विभाग

जासं,,बस्ती: जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया । जनपद न्यायाधीश ने किशोर गृह में पाकशाला का निरीक्षण किया गया। अधीक्षक बाल संप्रेक्षण गृह को भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। किशोरों को कौशल विकास हेतु प्रोत्साहित किया । कौशल विकास हेतु सभी अवसरों का लाभ लेने के लिए किशोरों को प्रोत्साहित किया गया। अधीक्षक बाल संप्रेक्षण गृह (किशोर) को परिसर के अंदर तथा गेट के आस पास साफ-सफाई का निर्देश दिया । अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार, मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ बरगोटी एसडीएम शत्रुघन पाठक , सीओ रुधौली संजय सिंह उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपित को बीस वर्ष की कठोर कैद

जागरण संवाददाता, बस्ती: विशेष सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार ने सात वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के आरोपित को 20 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया गया। जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष शासकीय अधिवक्ता वंदना चौधरी ने अदालत में घटनाक्रम की जानकारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि अमेठी जनपद के जामो थाने की एक महिला बस्ती शहर के एक कालोनी में रहती थी। उसका पति गैर जनपद में जेल कर्मी है। जिस मकान में वह किराए पर रहती थी। उसके मकान मालिक का साला प्रमोद कुमार निवासी ग्राम निगड़ी थाना हरपुर बुधहट जिला गोरखपुर बहन के घर आया हुआ था। यहां पर उसने मासूम के साथ दुष्कर्म की। पीड़िता की मां की शिकायत पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। अभियोजन की तरफ से नौ गवाह प्रस्तुत किए गए जिन्होंने घटना को साबित किया।

# गैंगस्टर के आरोपित को दो साल की सजा, पांच हजार जुर्माना

जागरण संवाददाता,बस्ती: अपर सत्र न्यायाधीश षष्टम व विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) मौसमी मद्देशिया की अदालत ने चोरी, जालसाजी, प्राणघातक हमले में आरोपित व गैंगस्टर एक्ट के मामले में दोषी को दो साल कारावास की सजा सुनाई और पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार पैडा वाल्टरगंज निवासी रामसूरत ने चोरी की मुकदमा दर्ज कराया था।

विवेचना में अभियुक्त नीरज पांडेय व उसके साथियों का नाम प्रकाश में आया था। रुधौली व गौर थाने में भी नीरज का नाम चोरी, जालसाजी, कातिलाना हमले में नाम आया था। पुलिस की ओर से अलग-अलग आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया।

वाद संख्या 1292/ 2024 व मुकदमा अपराध संख्या 217/ 2022 के ट्रायल के दौरान गैंगस्टर एक्ट का साक्ष्य मिलने पर अदालत ने अभियुक्त नीरज पांडेय को दोषी करार दिया।

# बच्चों ने जाना साइबर अपराध से कैसे करें बचाव

## रेलवे पुलिस ने थाना पुलिस से मिलकर शुरू की अच्छी पहल, बताया सफर करते समय कैसे बरतें सावधानी

**जागरण पब्लिक स्कूल**





जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व जागरण पब्लिक स्कूल में बच्चों को जानकारी देते रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक व मंचस्थ विद्यालय के निदेशक तथा थानाध्यक्ष • सौ.विद्यालय

जागरण संवाददाता, बस्ती: रेलवे पुलिस ने स्थानीय थाना पुलिस के साथ बच्चों को ट्रेन में होने वाले अपराध और साइबर क्राइम से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। बस्ती रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने जागरण पब्लिक स्कूल में एक-एक बच्चों से सुरक्षा के बारे में सवाल किए और उसके उत्तर भी प्राप्त किए। मिश्र ने कक्षा नौ से बारह तक के बच्चों को रेलवे में घटित होने वाली घटनाओं, अलार्म, चेन पुलिंग, ट्रैक पर लोहे अथवा कास्ट की वस्तु को न रखने, पत्थर बाजी न करने आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सफर में सतर्कता बरतने की बहुत जरूरत है। रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक ने रेलवे की सुरक्षा, लाइन ट्रैक पर किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि की स्थिति में तुरंत रेलवे को सूचना देने की सलाह दी। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज मोतीलाल राजभर ने साइबर क्राइम, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट, आनलाइन फ्राड के साथ रेलवे लाइन ट्रैक सुरक्षा से संबंधित बच्चों को जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए समाज में होने वाले इस प्रकार के साइबर अपराधों से दूर रहने को प्रेरित किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि आजकल समाज में बढ़ते हुए साइबर अपराधियों से कैसे बचें, इस पर आवश्यक टिप्स सुझाए। किसी प्रकार के साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत अपने संबंधित थानों एवं पुलिस विभाग के विभिन्न टोल फ्री नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्या पाण्डेय स्मृति शैक्षिक संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार पाण्डेय, शेखर पांडेय, प्रधानाचार्य अवनि कुमार मिश्र , समस्त शिक्षक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मारपीट का मुकदमा दर्ज

छावनी, बस्ती : थाना क्षेत्र पूरेनाथु गांव निवासी अंजनी ने अपने पति रामसुख के खिलाफ मारने-पिटने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# बिजली चोरी में छह पर मुकदमा

बस्ती : विद्युत विभाग ने छह उपभोक्ताओं पर विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। चेकिंग अभियान में 11 किलोवाट क्षमता वृद्धि भी की गई है। विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता इं .मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अभियान में 65 उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी बकाएदारी में काटे गए हैं।(जासं)

# मिश्रौलिया के पास मिला कुआनो में डूबे छात्र का शव

## शहर कोतवाली क्षेत्र के अमहट घाट पर सोमवार शाम हुआ था हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर से सटे अमहट घाट पर सोमवार की शाम को दोस्तों के साथ नहाते समय कुआनो नदी में डूबे किशोर का शव करीब एक किमी दूर मिश्रौलिया गांव के पास मंगलवार की शाम को मिला।

शव मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। कोतवाल राणा देवेंद्र सिंह ने बताया कि शव कोपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के छितही नरसिंह निवासी शिव सागर कृषि विभाग में कार्यरत हैं। इनका परिवार वर्तमान में शहर के शिवा कॉलोनी में रहता है। इनका बेटा आदर्श उर्फ ओम (17) ने इसी साल हाईस्कूल की परीक्षा पास कर 11वीं में पढ़ रहा था।

बताया जा रहा है कि सोमवार को ओम दोस्तों के साथ कुआनो नदी के अमहट घाट पर गया था। अचानक गहरे पानी में फंसकर डूब गया।

यह देख लोगों ने शोर मचाकर मदद मांगी। मगर, तब तक वह नदी में लापता हो चुका था। सोमवार की देर रात तक सर्च अभियान चला। मगर, उसका कुछ पता नहीं चल सका था। मंगलवार की सुबह सर्च अभियान फिर शुरू हुआ। शाम करीब 6:30 बजे मिश्रौलिया के पास से उसका शव बरामद किया गया।



अमहट घाट पर कुआनो में युवक को तलाशती एनडीआरएफ की टीम। संवाद

## सरोवर में स्नान करते समय डूबे युवक का मिला शव

**कलवारी।** बैजलपुर गांव में सोमवार की शाम सरोवर में स्नान करते समय डूबे 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसका शव देर रात सरोवर में मिला। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, बैजलपुर निवासी 28 वर्षीय दिलीप कुमार गांव के साथियों के साथ सोमवार की शाम गांव के दक्षिण स्थित सरोवर में स्नान करने गया था। गांव के और लोग स्नान कर चले आए। मगर, दिलीप ने कहा कि थोड़ी देर में आएंगे। इसी बीच नहाते समय वह गहरे पानी में डूबते हुए शोर मचाने लगा। खेत में काम कर रहे कुछ लोगों ने दिलीप को डूबते हुए देखा तो शोर मचाते हुए गांव में आकर इसकी जानकारी दी। ग्राम प्रधान डॉ. अरविंद कुमार दुबे की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने तत्काल एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर सरोवर में सर्च अभियान शुरू करवाया। करीब तीन घंटे के बाद दिलीप का शव पानी से बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। संवाद

# शिकायतों के निस्तारण में न करें लापरवाही

**बस्ती।** डीएम रवीश गुप्ता ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों के प्रगति की समीक्षा की। कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि सी, डी व ई रैंक वाले विभाग प्रगति में सुधार लाएं।

आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि डिफाल्टर व असंस्तुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाए।

शिकायतों का निस्तारण इस तरह से किया जाए कि असंतुष्ट श्रेणी की संख्या न के बराबर। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस के अंतर्गत प्राप्त होने वाले शिकायतों को समयबद्धता के साथ निस्तारित करें।

उन्होंने पुलिस, राजस्व, विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए आईजीआरएस के प्राप्त शिकायतों का मौका-ए-मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में पांच का चालान

**नगर बाजार (बस्ती)।** कुसमौर निवासी पांच लोगों को पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना प्रभारी नगर देवेंद्र सिंह ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के कुसमौर निवासी एक पक्ष को संतोष सिंह,दीपेंद्र सिंह व दूसरे पक्ष को आलोक, पवन व गौरव के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है। संवाद

# राहगीर को कुचलने के आरोपी चालक पर केस

**हर्रैया।** संसारीपुर और भदावल के बीच फोरलेन पर राहगीर को चपेट में लेने वाले वाहन के अज्ञात चालक पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में पास के कुचेला गांव के चौकीदार मनोज कुमार ने तहरीर देकर बताया कि तेज रफ्तार वाहन ने राहगीर को चपेट में ले लिया था। इससे राहगीर की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक, वाहन का पहिया राहगीर के सिर पर चढ़ने के कारण चेहरा क्षत-विक्षत हो गया है। इसलिए शिनाख्त नहीं हो पा रही है। संवाद

# खेत से पानी का मोटर चोरी

**कप्तानगंज (बस्ती)।** के बैहार गांव में बाइक सवार चोर खेत से मोटर खोल ले गए। लेकिन, बाइक की चाभी छोड़ गए। पीड़ित किसान ने चोरी की तहरीर थाने पर दी है। बैहार निवासी संतराम चौधरी खेत में लगा पानी का मोटर 22 सितंबर की रात बाइक सवार चोर खोल ले गए। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार दुबे ने बताया कि मामले में छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज

**मुंडेरवा।** बोदवल बाजार में सोमवार को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में दहेज के खातिर आत्महत्या के लिए उसकाने के आरोप में पुलिस ने छह ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। वाल्टरगंज की रहने वाली मृतका रंजू की मां कलावती देवी ने तहरीर दी है कि उनकी बेटी को उसके पति रामू, देवर सोनू, अमित, किशन, पिता प्रहलाद एवं शंभू उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसीलिए उसकी बेटी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर दी। थाना प्रभारी द्वारिका प्रसाद ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। संवाद

# मासूम से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

## गोरखपुर जिले का रहने वाला है प्रमोद, एक लाख का जुर्माना भी लगा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार सप्तम ने सात वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के मामले में गोरखपुर निवासी प्रमोद को 20 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाते हुए आदेश दिया कि इसे न अदा करने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

अदालत से

एडीजीसी वंदना चौधरी व अरुण कुमार ने न्यायाधीश को मामले से अवगत कराया। बताया कि शहर के भुवर निरंजन में किराये के मकान में रहने वाली अमेठी की महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 अक्तूबर 2018 को वह सहेली के साथ बाजार गई थीं।

सहेली के कमरे पर ही उन्होंने अपनी सात वर्षीय बेटी को छोड़ दिया था। जहां उस समय गोरखपुर जिले के थाना हरपुर बुदहट के भिगही निवासी सहेली का भाई प्रमोद आया हुआ था।

बाजार से वापस लौटने पर बेटी ने रोते हुए आपबीती बताई। बेटी के नाजुक अंग से खून भी निकल रहे थे। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। नौ गवाहों ने गवाही देकर घटना को साबित किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई।

न्यायाधीश ने आदेश में कहा है कि अर्थदंड में मिलने वाली धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। इसके अलावा विधिक सेवा प्राधिकरण को भी क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया।

## ट्रक से सरिया लूटने में दो को तीन साल की सजा

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ईसी एक्ट रामकरन यादव की अदालत ने ट्रक व उसमें लदी सरिया की बरामदगी के मामले में दो लोगों को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करना होगा। अर्थदंड न अदा करने पर तीन माह की अतिरिक्त कारावास भुगतनी पड़ेगी। गोंडा जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी दिनेश कुमार सिंह ने चार अक्तूबर 2014 को छावनी थाने में केस दर्ज कराते हुए कहा कि वह अपना ट्रक खुद चलाता है। तीन अक्तूबर को गैलैंट इस्पात गीडा गोरखपुर से ट्रक में 15 टन सरिया लाद कर लखनऊ जा रहा था था। टोल प्लाजा छावनी के आगे ट्रक को एक खाली ट्रक ने ओवरटेक कर आगे खड़ा कर दिया। उसकी केबिन में दो लोग घुस आए और ट्रक व उसमें लदा सामान लूट लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर 10 अक्तूबर 2014 को राम जानकी मार्ग से ट्रक व उसमें लदे 15 टन सरिया के साथ दिनेश कुमार पांडेय निवासी पगार खास थाना नगर व सभाजीत पांडेय निवासी प्रतापपुर थाना नगर को गिरफ्तार किया था। दोनों पक्ष का तर्क सुनने के बाद न्यायाधीश ने सजा सुनाई। संवाद

## गैंगस्टर एक्ट में दो साल का कारावास

**बस्ती।** हर्रैया थाने की पुलिस की पैरवी पर गिरोह बनाकर चोरी करने के दोषी को दो वर्ष के कारावास व पांच रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। पुलिस कार्यालय के अनुसार, गैंगस्टर नीरज पांडेय निवासी मड़हरकला थाना हर्रैया के खिलाफ विवेचक ने आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। अपर सत्र न्यायाधीश षष्टम/विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने दोष सिद्ध होने पर नीरज को सजा सुनाई। संवाद

# डीएम ने तस्करी रोकने के दिए निर्देश

बस्ती। डीएम रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में नारको-आर्डिनेशन सेंटर की बैठक मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें मादक पदार्थों की तस्करी, नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, ड्रग्स जांच उपकरण सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने मातहतो के तस्करी रोकने के निर्देश दिए। संवाद

# ऑटो चालक की समझदारी से बच गई युवती की जान

## सरयू में जान देने जा रही थी, ऑटो चालक ने पहुंचाया पुलिस चौकी

संवाद न्यूज़ एजेंसी

कलवारी। बस्ती-टांडा मार्ग पर सरयू नदी पर बने पुल से सरयू नदी में कूदने पहुंची युवती की ऑटो चालक की सूझबूझ से जान बच गई। ऑटो में बैठकर पुल पर पहुंची युवती के मंसूबे को भांपकर चालक ने उसे पुलिस चौकी पर पहुंचा दिया।

सोमवार की रात करीब आठ बजे लालगंज क्षेत्र की करीब 25 वर्षीय युवती टांडा जाने के लिए कहकर ऑटो में बैठी। पुल पर 100 मीटर जाने पर उसने चालक से ऑटो रोकने के लिए कहा। चूंकि वहां तीन दिन में डूबने की तीन घटनाएं हो चुकी थीं, इसलिए ऑटो चालक ने पुल पर ऑटो न रोक कर माझा खुर्द चौकी पर उसे लेकर पहुंच गया।

लालगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी दोनों आंखों में परेशानी है। वह सरयू में छलांग लगाने आई थी। मांझा खुर्द चौकी प्रभारी हरि प्रकाश तिवारी ने युवती के परिजनों को फोन कर सूचना दी। वह लोग कलवारी थाने पर पहुंचकर उसे साथ ले गए।

## दुर्गा पूजा के लिए वाल्टरगंज थाने में बैठक

वाल्टरगंज। स्थानीय थाने में मंगलवार को दुर्गा पूजा के लिए क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों, मूर्तिकारों तथा डीजे संचालकों के साथ थानाध्यक्ष मोती चंद ने बैठक की। थानाध्यक्ष ने दुर्गा पंडाल में डीजे बजाने में शासन से निर्धारित मानक पर एक ही साउंड बजाने के निर्देश दिए। दुर्गा पूजा पंडाल की सुरक्षा के लिए बीट अधिकारी के साथ संबंधित चौकीदार भी नजर बनाए रखेंगे। कहा कि पंडाल के आसपास कोई भी संदिग्ध दिखे तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। संवाद

# मदरसे की मान्यता की होगी जांच जमीन की पैमाइश भी कराई जाएगी

## सोमवार की रात धार्मिक स्थल का निर्माण कराने पर विवाद का मामला, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**कप्तानगंज/महराजगंज।** कस्बे के विवादित जमीन पर धार्मिक स्थल बनाने को लेकर सोमवार की रात हुए विवाद के बाद मंगलवार की सुबह हर्रैया तहसील प्रशासन ने मौका-ए-मुआयना किया।

एसडीएम हर्रैया विनोद पांडेय ने कहा कि मदरसे की मान्यता की जांच होगी। जमीन की पैमाइश कराकर पता किया जाएगा कि विवादित जमीन किसकी है। एसडीएम का तेवर देखकर सेवानिवृत्त कानूनगो शब्बीर अहमद ने चुप्पी साध ली।

एसडीएम, नायब तहसीलदार कमलेंद्र सिंह के पहुंचते ही कस्बे के लोगों की भीड़ जुट गई। एसडीएम ने सेवानिवृत्त कानूनगो शब्बीर अहमद से मदरसे और जमीन संबंधी दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दे पाए।

कस्बे के व्यापारी नेता विनोद कसौधन, सत्य प्रकाश, अयोध्या प्रसाद आदि लोगों ने एक सुर में कहा है कि यहां मस्जिद और मदरसे का निर्माण नहीं होने पाएगा। एसडीएम ने कहा कि विवादित जमीन पर कोई निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

कस्बे के लोगों ने वहां पर नमाज पढ़ने पर भी नाराजगी जताई। इधर घटना को लेकर कस्बे सहित हिंदूवादी संगठनों ने विरोध जताया है। एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

हर्रैया थाना क्षेत्र के कनघुसरा (शम्भूपुर) के रहने वाले सेवानिवृत्त कानूनगो शब्बीर अहमद कई सालों से महराजगंज कस्बे के फ्लाईओवर के पास अपना मकान बनवाकर रहते हैं। कस्बे के लोगों के मुताबिक, वह अपने घर के पीछे की विवादित जमीन को कब्जा करने की नीयत से धार्मिक स्थल और मदरसा बनवाने का काफी समय से प्रयास कर रहे है। वर्ष 2008 में पहली बार जब इस जमीन पर निर्माण कराने का प्रयास किया तो कस्बे के लोगों ने विरोध कर दिया था।

बताया जा रहा है कि उसी जमीन पर शब्बीर अहमद दो दिनों से गोपनीय तरीके से निर्माण कार्य करा रहे थे। सोमवार की देर शाम 7:30 बजे इसकी भनक कस्बे के लोगों को लगी तो वे उग्र हो गए। कुछ ही देर में काफी संख्या में लोग पहुंच गए। वहां हुए निर्माण को गिरा दिया और नारेबाजी करने लगे।

सूचना पर महराजगंज चौकी की पुलिस पहुंच गई। बताया जा रहा है कि पुलिस केस दर्ज करने की बात करने लगी तो लोगों का गुस्सा और भड़क गया और जमकर नारेबाजी करने लगे। दूसरे पक्ष के लोग भीड़ को देखते हुए भाग निकले। भीड़ ने आरोपी शब्बीर अहमद के घर को घेर लिया। बाद में नायब तहसीलदार व सीओ के पहुंचने पर लोगों को शांत कराया गया।



विवादित जमीन पर का मुआयना करते एसडीएम व अन्य। संवाद



निर्माण पर रोक, आक्रोशित लोग लौटे

24 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### दिन में पढ़ाई, रात में निर्माण

कस्बे के लोगों का कहना है कि वहां दिन में पढ़ाई होती थी और रात में पिलर खड़ा होता था। लोगों का कहना है कि वह रातों रात निर्माण कराकर धार्मिक स्थल को बना देना चाह था। मामला जब कस्बे के लोगों के संज्ञान में आया तो पोल खुल गई।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024



## खानपान की वस्तुओं में गंदी मिलावट पर योगी सख्त

# ढाबा, होटलों पर डिस्प्ले करना होगा नाम-पता



लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को खानपान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट मिलाने को वीभत्स करार देते हुए कहा कि यह सब स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट या गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्तरां आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए।

हाल में गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर जिलों में खान पान की वस्तुओं में कथित तौर पर मूत्र और थूक मिलाने की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद मुख्यमंत्री के इस निर्देश को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार देश के विभिन्न क्षेत्रों में सामने आई ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्तरां आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। सीएम ने कहा है कि ऐसे ढाबों और रेस्तरां आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की सघन जांच और हर कर्मचारी का पुलिस सत्यापन किया जाए तथा खान-पान की चीजों की शुद्धता-पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यक संशोधन भी किया जाए।

### दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी

- प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों रेस्तरां की सघन जांच के आदेश जारी
- प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों की जांच के साथ होगा सत्यापन
- शेफ, वेटर के लिए मास्क और गलव्स पहनना होगा जरूरी
- होटल/रेस्तरां में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा

सीएम ने यह भी निर्देश दिया है कि जांच के दौरान यह भी देखा जाए कि खान-पान के केंद्रों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि का नाम और पता लिखा होना अनिवार्य होगा। अब शेफ हो या वेटर, उनके लिए मास्क और ग्लव्स पहनना जरूरी होगा तथा होटल / रेस्तरां में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। योगी ने बैठक में कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य और गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं सामने आई हैं जो वीभत्स हैं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ढाबों, रेस्तरां आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है।

योगी ने प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। गाजियाबाद जिले की लोनी बॉर्डर पुलिस ने हाल ही में 29 वर्षीय एक जूस विक्रेता को जूस में कथित तौर पर मानव मूत्र मिलाने की लोगों की शिकायत के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुजफ्फरनगर में नान रोटी में थूक लगाये जाने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गयी।

# झुंड में सियारों ने किया ग्रामीणों पर हमला, आठ घायल

## भड़भड़वापुर व जैतापुर में एक घंटे तक मचाया आतंक, ग्रामीणों ने एक सियार को पीट कर मार डाला, तीन फरार

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: नगर पंचायत बढ़नी चाफा के भड़भड़वापुर व जैतापुर सोमवार की रात सियारों का झुंड आबादी में घुस गया। इन्होंने आठ लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। करीब एक घंटे तक चले आंतक के बाद आदमखोर हो चुके सियारों में से एक को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला, जबकि तीन फरार हो गये। अचानक हुए हमले से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण घटना की सूचना पुलिस व वन विभाग को दी। लेकिन दोनों विभाग से कोई भी कर्मचारी मौके पर पर नहीं पहुंचा। ग्रामीण पुनः हमला होने के डर से सहमे हुए हैं।

नपं क्षेत्र के अशोकनगर वार्ड चार भड़भड़वापुर के नाथनगर चौराहे पर बाहर खेल रही नौ वर्षीय नवनसी पुत्री तेज बहादुर के ऊपर अचानक आए चार सियारों ने हमला कर दिया। चाय की दुकान के अंदर बैठे तेज बहादुर जब तक कुछ समझ पाते उन पर भी एक सियार ने हमला कर दिया। शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीण 26 वर्षीय मेराज , 24 वर्षीय अकरम, 30 वर्षीय पुत्तन , 28 वर्षीय राजू को भी नोंच कर घायल कर दिया। भीड़ बढ़ने पर सभी मौके से भागकर पड़ोस के गांव जैतापुर में पहुंचे। गांव में अपने घर के बाहर चारपाई पर बैठे रामसूरत व रामजस पर भी सियारों ने हमला कर घायल कर दिया। इसे देखकर लाठी-डंडे के साथ मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सियारों पर हमला बोल दिया। उन्हें घेरकर डंडे से मारने लगे। इसे देखकर तीन सियार मौके से फरार हो गए। वहीं चोट लगने से एक की मृत्यु मौके पर ही गई। ग्रामीणों की माने तो चारों सियार लोगों पर कूद-कूदकर हमला कर रहे थे। मृत जानवर को कुछ लोग सियार तो कुछ भेड़िया बता रहे हैं। जानवरों के हमले के डर से ग्रामीण रात भर खिड़की दरवाजा बंद कर बच्चों की रखवाली करते रहे। जानवर के हमले में सभी घायलों का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नीचाफा में उपचार किया गया। स्थिति सामान्य देख चिकित्सकों ने सभी को उनके घर भेज दिया है।



ग्रामीणों के साथ घायल राम जी – जागरण



हमले में घायल तेज बहादुर वर्मा – जागरण

भ्रमण कर कराया सुरक्षा का एहसास: डुमरियागंज : जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज मय थाना प्रभारी भवानीगंज, ईओ बढ़नीचाफा, वन क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज, पीएचसी चिकित्सक डा. राजेश के साथ भड़भड़वापुर का भ्रमण किया। स्थानीय निवासियों तथा पीड़ित व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि नथुनिया मोड़ भड़भड़वापुर अंतर्गत नगर पंचायत बढ़नीचाफा में बीती रात 8:30 बजे तेज बहादुर के किराना की दुकान पर अचानक एक सियार आकर उसके हाथ को काटने के लिए पकड़ लिया पास खड़ी उसकी बेटी नैंसी उसको भी झपट दिया। उसके बाद ग्राम भड़भड़वापुर की तरफ भागा। नगरवासियों ने एक सियार को मारकर पास नहर मे फेंक दिया। एहतियात के तौर पर पुलिस व वन विभाग को निर्देशित किया गया की लगातार निगरानी बनाए रखें।

### ग्रामीण खौफजदा

सियार के हमले में हमें पांच लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। मौके पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी पहुंच चुके हैं। कुछ देर हम भी पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों को डरने की जरूरत नहीं है। हमला करने वाला जानवर भेड़िया नहीं सियार है।

पुष्प कुमार के
जिला वन अधिकारी सिद्धार्थनगर

# सात स्कूली बसों का चालान

सिद्धार्थनगर। अनाधिकृत रूप से चल रही स्कूल बसों के खिलाफ एआरटीओ सुरेश कुमार ने मंगलवार को अभियान चलाया। पकड़ में चार बसों को इटवा, डुमरियागंज व पथरा थाना में निरुद्ध कराया। इसके अलावा सात बसों को चालान किया। एआरटीओ ने बताया कि अनाधिकृत रूप से चलने वाली बसों के खिलाफ अभियान लगातार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर अनाधिकृत स्कूलों बसों को चलने नहीं दिया जाएगा।

# सुलह- समझौता से दो परिवार हुए एक

सिद्धार्थनगर। महिला थाना के परिवार परामर्श केंद्र पर मंगलवार को दो परिवारों के बीच सुलह समझौता कर उन्हें साथ रहने को राजी कर लिया गया। महिला थानाध्यक्ष साइस्ता ने बताया कि परामर्श केंद्र पर चार पत्रावली पेश की गई थी। दो का मौके पर ही समाधान हो गया। सुरंजनी पत्नी संजय निवासी मोहाना थाना मोहान व पूनम पत्नी मनोज निवासी तिलांग थाना शिवनगर डिड़ई के बीच विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को समझा बुझा दिया गया इससे वह लोग साथ में रहने को राजी हो गए।

## अपहरण का आरोपित बाल अपचारी पकड़ा गया

इटवा : इटवा पुलिस ने मंगलवार को अपहरण के आरोपित बाल अपचारी को पकड़ा है। उसके विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उप निरीक्षक नागेंद्र सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने आरोपित को उसके घर से पकड़कर बाल सुधार गृह बस्ती भेज दिया है। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने दी।

# अपहरण का बाल अपचारी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। इटवा थाना की पुलिस अहरण के एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाले एसआई नागेन्द्र सिंह ने बताया कि बाल अपचारी के खिलाफ केस दर्ज था। पुलिस उसकी तलाश में थी। मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# होटल, रेस्तरां और ढाबों में संचालक का नाम-पता लिखना अब अनिवार्य

## मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में संशोधन करने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, जागरण लखनऊ: खान-पान की वस्तुओं में लगातार मिलावट की घटनाओं पर कड़ाई से अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि शुद्धता व पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में संशोधन किया जाए। जूस, दाल-रोटी जैसे खाद्य-पेय पदार्थों में मानव अपशिष्ट मिलाने को वीभत्स बताते हुए योगी ने कहा कि होटलों, ढाबों और रेस्तरां आदि की गहन जांच की जाए। ढाबों व रेस्तरां पर उनके संचालक, मालिक, मैनेजर आदि के नाम-पते प्रदर्शित करना सुनिश्चित किया जाए और अपशिष्ट आदि मिलाने पर संचालक पर कड़ी कार्रवाई हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होटल व रेस्तरां में सीसीटीवी लगाने के साथ ही सभी कर्मियों का पुलिस सत्यापन कराया जाए। शेफ-वेटर के लिए मास्क व ग्लव्स पहनना अनिवार्य किया जाए। मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य व गंदी चीजों की मिलावट की वीभत्स घटनाएं देखने को मिल रही हैं। ऐसी घटनाएं आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। खान-पान की वस्तुओं में मिलावट की घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए योगी ने कहा कि कठोर कार्रवाई के लिए मौजूदा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए। खान-पान की बिक्री करने वाले सभी प्रतिष्ठानों व स्थानों की गहन जांच के साथ सत्यापन किया जाए। ग्राहकों के बैठने से लेकर किचन व अन्य सभी क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे से कवर किए जाएं।

उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने व अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को और सख्त किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किया जाना आवश्यक है। निर्देश दिया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस, स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीमें ढाबों, रेस्तरां और खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच कराकर इनके संचालक सहित वहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों का सत्यापन करें। हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी कैमरे के रिकार्ड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस व स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा।

- मुख्यमंत्री ने कहा, खाद्य और पेय पदार्थों में मानव अपशिष्ट मिलाना नहीं करेंगे स्वीकार
- अब खान-पान के प्रतिष्ठानों की होगी सघन जांच, सभी कर्मियों का पुलिस सत्यापन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● फाइल

### मुख्यमंत्री ने ये भी कहा

- खान-पान वस्तुओं की शुद्धता और पवित्रता सुनिश्चित की जाए
- शेफ और वेटर के लिए मास्क व ग्लव्स पहनना हो अनिवार्य
- होटल और रेस्तरां में सीसीटीवी कैमरे लगाना आवश्यक करें
- अपशिष्ट आदि मिलाने पर संचालक पर होगी कड़ी कार्रवाई

### ...इसलिए दिखाया कड़ा रुख

गाजियाबाद के लोनी में दुकानदार आमिर जूस में पेशाब मिलाकर बेच रहा था। शामली में एक ठेला दुकानदार का जूस में थूक मिलाते वीडियो प्रसारित हुआ था। गाजियाबाद के ही एक रेस्तरां में खाने में काकरोच मिलने की घटना सामने आई थी।

### पहले भी हो चुका है आदेश

सरकार ने सावन माह की शुरुआत में कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल रेस्तरां और ठेलों पर संचालकों का नाम लिखना अनिवार्य किया था। इस निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी थी। अब पूरे प्रदेश में यह आदेश लागू होगा।

# मेडिकोलीगल पर डॉक्टर व कोतवाल में तनातनी

## दो घंटे ठप रहा इलाज, लोटन कोतवाली क्षेत्र के भिटपरा गांव में मारपीट में घायलों का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**लोटन।** सीएचसी लोटन में मंगलवार को घायलों का मेडिकोलीगल बनाने पर डॉक्टर और कोतवाल में तनातनी होने से दो घंटे ओपीडी प्रभावित रही। हालांकि, दोनों पक्षों ने किसी तरह के विवाद से इन्कार किया है।

कोतवाली लोटन क्षेत्र के भिटपरा गांव में दो पक्षों में सोमवार देर शाम मारपीट हो गई। मारपीट में अजय कुमार, छोटक, कन्हैया, वासुदेव व छोटू को चोटें आई। पीड़ित पक्ष के लोग लोटन कोतवाली पहुंचे। उनका आरोप था कि पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। पीड़ित पक्ष ने सीएचसी पहुंचकर अपना इलाज कराया और नियमानुसार शुल्क जमाकर अधीक्षक को पत्र लिखकर मेडिकोलीगल बनवाया। उसने अपने पत्र में यह भी अंकित किया कि पुलिस ने उसकी सुनवाई नहीं की।

सीएचसी के डॉ. डीके राय ने चोटिलों का इलाज कर मेडिकोलीगल बनाया। पीड़ित पक्ष जब मेडिकोलीगल के साथ थाने पर पहुंचा तो कोतवाल भड़क गए, क्योंकि मेडिकोलीगल के पीछे प्रार्थना पत्र लिखा था कि पुलिस को पत्र दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कोतवाल मंगलवार दोपहर में अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर के ओपीडी चेंबर में बैठ गए और फाटक बंद कर वार्ता करने लगे, जिससे इलाज कराने आए मरीज परेशान हुए।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन। फाइल फोटो

### दोनों पक्षों ने किसी तरह के विवाद से किया इन्कार

कोतवाल आए थे और उन्होंने मेडिकोलीगल करने वाले डॉक्टर से कुछ बात किए हैं। डॉक्टर अपनी ओपीडी में मरीजों को देख रहे थे, कोई विशेष बात नहीं है।

**-डॉ. अमित चौधरी,** सीएचसी, अधीक्षक

रविवार शाम चोटिल आए, इनमें कुछ लोग इमरजेंसी में भर्ती भी थे। इलाज के बाद उनके आवेदन पर उनका मेडिकोलीगल किया गया। थाना प्रभारी आए और कहे फिर से मेडिकोलीगल कर दीजिए तो उन्होंने मेडिकोलीगल चैलेंज करने की बात कही। हालांकि, बाद में प्रमाणित करके दिया गया कि इस मामले में आवेदकों का मेडिकोलीगल कर दिया गया है। उनके जाने के बाद सभी मरीजों का उपचार किया गया।

**-डॉ. डीके राय,** चिकित्साधिकारी

मेडिकोलीगल को लेकर डॉक्टर से मिलने गया था और कुछ देर में वहां से चला आया। कोई बात नहीं है और न ही मेरे जाने से ओपीडी प्रभावित हुई है। मारपीट के मामले में पुलिस के समक्ष मेडिकोलीगल कराया जाता है। इस मामले में मुकदमा दर्ज करने से पहले पुलिस आवेदकों को अस्पताल ले गई तो पहले ही मेडिकोलीगल होने के कारण उन्होंने दोबारा मेडिकोलीगल करने से इनकार कर दिया। हालांकि, बाद में पुराने मेडिकोलीगल रिपोर्ट को डाक्टरों ने प्रमाणित किया।

**-राजेश कुमार गुप्ता,** प्रभारी निरीक्षक

# गांजा बिक्री का वीडियो वायरल, पुलिस ने की जांच

**शोहरतगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खुनुवा बाईपास स्थित एक दुकान पर अवैध गांजा की बिक्री करने का मामला चर्चा आया है, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक व्यक्ति पैसा देकर गाजे का पैकेट ले रहा है। हालांकि, इस वायरल वीडियो का पुष्टि अमर उजाला नहीं करता है।

### लगभग डेढ़ साल पहले का बताया जा रहा वीडियो

शोहरतगढ़ कस्बे के खुनुवा बाईपास स्थित एक दुकान से एक युवक जाता है और पैसा देकर गाजा पैकेट लेकर दुकान निकल जाता है। युवक दुकान में जाता है और पैसा देकर गाजा का पैकेट खरीदता है, इसका खुद वीडियो शूट किया। उसके बाद इस वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से वायरल हो रही है।

सीओ अरुण कांत सिंह ने बताया कि अवैध गाजे की हो रही बिक्री के मामले की वायरल वीडियो की जांच पुलिस टीम ने की है, जांच यह वीडियो लगभग डेढ़ साल पहले की है। पुलिस टीम मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए जुटी हुई है। संवाद

# जंगली जानवरों से बचाने के लिए पुलिस ने संभाला मोर्चा

■ अरविन्द कुमार राय

गोरखपुर। ...ये घटनाएं तो महज बानगी हैं। नेपाल के सीमाई जनपदों में जंगली जानवरों और कुत्तों ने हमला कर कई लोगों को मार डाला या घायल कर दिया। वन विभाग की टीम जंगली जानवरों को पकड़ने में जुटी है। बहराइच में तो अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी जवानों को तैनात किया है जो जंगली जानवरों के हमले से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए दिन-रात पसीना बहा रहे हैं।

नेपाल सीमा पर स्थित सिद्धार्थनगर जिले में कुत्तों का आतंक है। कुत्तों के झुंड बच्चों और महिलाओं पर हमला कर उनकी जान ले रहे हैं या गंभीर रूप से घायल कर दे रहे हैं। कुत्तों के झुंड ने दो बच्चों समेत तीन को मार डाला, जबकि 100 से अधिक लोगों को घायल कर दिया। सिद्धार्थनगर में जहां कुत्तों का आतंक है वहीं महराजगंज जिले में तेंदुए के लगातार हमले से लोग इस कदर डर गए हैं कि घर से नहीं निकल रहे हैं। तेंदुओं ने नौतनवां क्षेत्र में 4 लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सबसे खराब स्थिति बहराइच की है। बहराइच जिले में भेड़ियों के हमले में 3 पुरुषों और 5 महिलाओं की जान जा चुकी है। इतना ही नहीं भेड़ियों ने 5 पुरुषों और 15 महिलाओं को घायल भी कर दिया है।

जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम पसीना बहा रही है। बहराइच में कुछ भेड़ियों को वन विभाग के कर्मचारियों ने पकड़ा भी है। कुछ अभी भी घूम रहे हैं और हमले भी कर रहे हैं। इस कठिन घड़ी में जंगली जानवरों से जनहानि रोकने तथा लोगों को जागरूक करने का बीड़ा पुलिस ने उठा लिया है। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर बहराइच जिले के प्रभावित 60 गांवों में पुलिस और पीएसी जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

**पुलिस लाइन से रोज लग रही ड्यूटी :** जंगली जानवरों से जनहानि रोकने के लिए पुलिस लाइन से प्रतिदिन 7 मोबाइल वाहन दौड़ाए जा रहे हैं। 4 निरीक्षक, 11 उप निरीक्षक, 16 हेड कांस्टेबल और 11 कांस्टेबल ड्यूटी दे रहे हैं।

**केस 1** घटना 7 फरवरी 2024 की है। सिद्धार्थनगर जिले के इटवा थाना क्षेत्र स्थित बरगदवा पश्चिमी गांव निवासी आबिद की 10 वर्षीया पुत्री तरन्नुम बकरी चराने गई थी। कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्तों ने उसे नोचकर मार डाला।

**केस 2** घटना 26 अगस्त 2024 की है। महराजगंज जिले के नौतनवां थाना क्षेत्र स्थित रामनगर गांव के भवाई टोला निवासी वीरेंद्र पासवान पर तेंदुए ने हमला कर दिया। वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**केस 3** बहराइच जिले के महसी क्षेत्र में पिपरी मोहन गांव की घटना है। 16 सितंबर को भेड़िए ने छत पर सो रहे 13 साल के अरमान पर हमला कर दिया। भेड़िए के हमले में अरमान बुरी तरह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### थानों से लगाई जा रही है फोर्स

पुलिस लाइन से ही नहीं जिले के थानों से भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। प्रतिदिन 10 मोबाइल वाहन, एक निरीक्षक, 21 उप निरीक्षक, 27 हेड कांस्टेबल और 15 कांस्टेबल ड्यूटी दे रहे हैं।

### प्रभावित गांवों में होमगार्ड और चौकीदार भी तैनात

प्रभावित गांवों में 46 होमगार्ड और पीआरडी जवानों को तैनात किया गया है। इतना ही नहीं 25 चौकीदारों से भी सेवा ली जा रही है।

# प्रदेश में खानपान केंद्रों पर संचालक और मैनेजर का नाम लिखना होगा अनिवार्य

## खाने की चीजों में मिलाई गंदगी तो सख्त कार्रवाई, हर कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। खानपान केंद्रों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर का नाम और पता लिखना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन के निर्देश दिए। इसके अलावा जूस, दाल और रोटी जैसी खानपान की वस्तुओं में गंदगी मिलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। ढाबों, रेस्टोरेंट के हर कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा।

मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट की गहन जांच और सत्यापन के निर्देश दिए। लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसे काम स्वीकार नहीं किए जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं।

उन्होंने सघन अभियान चलाकर प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन करने का निर्देश देते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए।

>> 10 लाख युवाओं को पांच लाख रुपये का ऋण : पेज 10

### ढाबों, रेस्टोरेंट व होटलों में सीसीटीवी अनिवार्य



लखनऊ। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ढाबे, होटलों, रेस्टोरेंट में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। ग्राहकों के बैठने के स्थान के साथ ही प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान सीएम ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखे और आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन को उपलब्ध कराए। खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें। ब्यूरो

### मंडियों में सीएसआर फंड से जुटाई जाएंगी सुविधाएं

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गन्ना समिति व विद्यालयों के भवनों की मरम्मत गन्ना विभाग करवाए। ग्राम सचिवालयों की तर्ज पर गन्ना समिति के कार्यालयों का उन्नयन किया जाए। किसानों के लिए डिस्प्ले बोर्ड पर उपयोगी सूचनाएं प्रदर्शित की जाएं।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# पुलिस टीम को दंगा निरोधक उपकरणों का दिया प्रशिक्षण व अभ्यास कराया

**आगामी त्योहारों को सकुशल/भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को हुआ बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास**

**पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए सिखाये गए विभिन्न गुर**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आगामी त्योहारों को सकुशल/भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने एवं किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने हेतु पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर दंगा निरोधक/बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास हुआ। पुलिस टीम को दंगा निरोधक/बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। यह बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में हुआ।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आगामी त्योहारों नवरात्रि, दशहरा व मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत त्योहारों को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने व जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक/बल्वा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके/गुर सिखाये गये। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाइयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया गया। साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा सहित जनपद के सभी थानों से उ.नि., हे.कां., बीट आरक्षी व जनपद के सभी कार्यालय/शाखा पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास करती पुलिस टीम। फोटो : एसएनबी

# तीन महिलाओं समेत सात के विरूद्ध केस दर्ज

**नाथनगर।** महुली थाना क्षेत्र के तरैनी गांव में बीते 16 जून को हुए कथित विवाद में महुली पुलिस ने मंगलवार को घर में घुसकर मारपीट और लूट-पाट करने के आरोप में तीन महिलाओं समेत 7 लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पूरी की है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के तरैनी गांव निवासी देवप्रसाद पुत्र शिवपूजन ने बताया है कि बीते 16 जून 2024 की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी विपक्षी हरिशचन्द्र व रामचन्द्र पुत्रगण मोतीलाल, प्रेमा देवी पत्नी हरिशचन्द्र,मीना देवी पुत्री हरिशचन्द्र, रानी पुत्री हरिशचन्द्र, सुदामा पुत्र रामचन्द्र,दुर्गेश पुत्र हरिशचन्द्र लाठी-डंडा लेकर उसके दरवाजे पर पहुंच गए और गाली-गलौज़ और जान से मार देने की धमकी देते हुए परिवार के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया तथा तोड़-फोड़ करते हुए कीमती सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद उक्त विपक्षी पत्नी और बेटी के शरीर पर मौजूद जेवरात भी छीन ले गए। घटना के बाद थाने पहुंचकर लिखित सूचना दिया लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया तो वह न्यायालय की शरण में जाकर वाद दाखिल करते हुए न्यायालय से मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाया। वाद पर सुनवाई करने के बाद न्यायालय ने महुली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया था जिसके अनुपालन में तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त सभी हमलावरों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 147, 323, 395, 427, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चार दिन पूर्व लापता युवक का नहीं लगा सुराग

धनघटा । बीते 20 सितम्बर को धनघटा तहसील न्यायालय में चल रहे मुकदमे की तारीख देखने घर से निकले धनघटा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी लापता युवक का चार दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना के बाद लापता युवक के मां की तहरीर पर पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लापता युवक की तलाश करने में जुटी हुई है। घटना के बाद 20 सितम्बर की शाम को जब लापता युवक के परिजन उसकी खोजबीन करते हुए धनघटा तहसील पहुंचे तो युवक की बाइक तहसील गेट के सामने लावारिश हाल में मिली थी। मंगलवार को लापता युवक के परिजन ग्रामीणों के साथ धनघटा थाने पहुंचे और थानेदार अनिल कुमार से मुलाकात कर अतिशीघ्र युवक को बरामद करने की मांग की। विदित हो कि थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र सत्यनरायन बीते 20 सितम्बर को धनघटा तहसील में चल रहे मुकदमे की तारीख देखने के लिए सुबह 9 बजे घर से निकला था। देर शाम तक जब अनिल घर नही पहुंचा तो परिजन उसकी खोजबीन करते हुए धनघटा तहसील पहुंचे। काफी खोजबीन के बाद जब परिजनों को अनिल के बारे में कोई पता नहीं चला तो उसकी मां इसरावती देवी पत्नी सत्यनरायन ने धनघटा थाने पहुंचकर घटना के बारे में लिखित सूचना पुलिस को दे दी साथ ही आशंका जताते हुए बताया कि गांव निवासी शिवराम पुत्र रामधनी,दिलीप, रिशभ और संदीप पुत्रगण शिवराम से भूमि विवाद को लेकर पुरानी रंजिश और मुकदमेबाजी भी चल रही है। उक्त विपक्षी आए दिन जान-माल की धमकी दे रहे थे।

# अवैध खनन कर हो रही है मिट्टी की बिक्री, प्रति ट्राली भाव चढ़ा

धनघटा (एसएनबी)। अधिकांश खेतों में खरीफ की फसलें खड़ी हैं जिससे मिट्टी का अभाव होने के चलते धनघटा क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी की कीमतों में भारी उछाल आ गया है। बगैर प्रशासनिक अनुमति लिए और बगैर कोई रायल्टी जमा किए रात के अंधेरे में खाली पड़े खेतों एवं अन्य जमीनों में लोडर मशीन की मदद से मिट्टी कारोबारी गांव के सीवानों में अवैध खनन करने में जुटे हुए हैं। मिट्टी के अभाव के चलते अवैध खनन कर मिट्टी का व्यवसाय करने वाले लोगों की चांदी हो गयी है। धनघटा क्षेत्र के तमाम गांवों में अवैध मिट्टी खनन कर पूर्व में चल रहे मिट्टी के व्यवसाय में इन दिनों तेजी आ गयी है। हालत यह है कि बगैर प्रशासनिक अनुमति लिए और बगैर कोई रायल्टी जमा किए ही लोडर मशीन की मदद से गांवों के सीवान में अवैध मिट्टी खनन कर मिट्टी की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। अवैध मिट्टी खनन कर चल रहे मिट्टी के व्यवसाय के इस खेल के बारे में जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाई करने से कतरा रहे हैं। अवैध मिट्टी खनन होता देखकर भी जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से मौन बने हुए हैं। अधिकारियों के मौन बनने का नतीजा है कि किसानों से 400 से 500 रूपए प्रति ट्राली मिट्टी खरीद कर लोडर मशीन से खनन के बाद ट्राली पर लोड कर कारोबारियों द्वारा रात के अंधेरे में 1000 से 1200 रूपए प्रति ट्राली मिट्टी की बिक्री जरूरतमंदों के हाथ धड़ल्ले से की जा रही है।

विदित हो कि धनघटा क्षेत्र में अवैध खनन कर मिट्टी का व्यवसाय करने में काफी अरसे पूर्व से ही गांव गांव ट्रैक्टर-ट्राली के स्वामी जुटे हुए हैं। बीच में बारिश के मौसम में जब चारो तरफ कीचड़ और जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी जिसके चलते मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों के आवागमन में दिक्कतें हो रही थी तो मिट्टी के व्यवसाय में थोड़ी बाधा जरूर आ गयी थी लेकिन इस बीच बारिश थम गई और मौसम सूखा हो गया तो जैसे ही मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों के आने-जाने में थोड़ी सहूलियत दिखी तो अवैध मिट्टी खनन में फिर से तेजी आ गयी है।

धनघटा थाना क्षेत्र का मिटना-सिटना, मलौली, बगही, करमा, सिरसी, ठकुराडाढ़ी, मझौरा, मौरडीह, माधोपुर व निरंजनपुर आदि गांव अवैध मिट्टी खनन के गढ़ बन चुके हैं। इसके अलावा धनघटा थाना क्षेत्र के माझा क्षेत्र में भी गांव-गांव अवैध मिट्टी खनन के बाद उसकी बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इसी प्रकार महुली थाना क्षेत्र के दोकड़ा, मानपुर, झिंगुरापार, काली जगदीशपुर, नाथनगर, चन्द्रौटी, मोलनापुर, पिड़िया, कोदवट समेत कई अन्य गांव अवैध मिट्टी खनन के गढ़ बन चुके हैं। स्थिति यह है कि किसानों को मोटी रकम देकर उनके खाली पड़े खेतों एवं अन्य जमीनों पर मिट्टी खनन करने का मौखिक एग्रीमेन्ट कर मिट्टी कारोबारी रात के अंधेरे में लोडर मशीन से खनन कर मनमानी कीमत पर मिट्टी की बिक्री करने में जुटे हुए हैं। किसान जहां 400 से 500 रूपए मिट्टी कारोबारियों से वसूल कर प्रति ट्राली मिट्टी खनन कराने की मिट्टी कारोबारियों को इजाजत देकर खुद मोटी कमाई कर रहे हैं तो वहीं जरूरतमंदों के हाथ 1000 से 1200 रूपए प्रति ट्राली मिट्टी की बिक्री कर मिट्टी कारोबारी भी मालामाल हो रहे हैं।

> **बगैर रायल्टी जमा किए लोडर मशीन की मदद से क्षेत्र में तमाम गांवों के सीवान में अवैध मिट्टी खनन कर की जा रही है मिट्टी की विक्री**
>
> **धनघटा क्षेत्र में 1000 से 1200 रुपए प्रति ट्राली मिट्टी का भाव**
>
> **खेतों में अवैध खनन कराकर 400 से 500 रुपए प्रति ट्राली मिट्टी की बिक्री कर किसान भी कर रहे हैं मोटी कमाई**

बगैर रायल्टी जमा किए अवैध खनन के जरिए चल रहे मिट्टी के इस व्यवसाय से भूस्वामियों और मिट्टी का व्यवसाय करने वाले कारोबारी भले ही मोटी कमाई कर रहे हैं लेकिन इस खेल से सरकार को भारी राजस्व की हानि हो रही है। आश्चर्य की बात यह है कि तहसील और थाना गेट से होकर ही रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी खनन के बाद मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां धड़ल्ले से गुजर रही हैं और तहसील परिसर में निवास करने वाले तहसील के अधिकारी से लगायत स्थानीय पुलिस पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है। इतना ही नहीं बताया जाता है कि अवैध मिट्टी खनन के इन कारोबारियों की गांव-गांव तैनात राजस्वकर्मियों से भी अच्छी-खासी सांठ-गांठ है। अवैध मिट्टी के व्यवसाय से जिस गांव के सीवान में अवैध मिट्टी खनन होता है संबंधित गांव में तैनात राजस्वकर्मी की भी जेब मिट्टी कारोबारी गर्म कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मिट्टी खनन का पूरा कारोबार स्थानीय प्रशासन के संरक्षण में फल-फूल रहा है। बाकी जरूरमंदों की मजबूरी है कि मिट्टी का भाव कितना भी बढ़ जाय उन्हें मजबूर होकर मिट्टी को खरीद कर अपनी जरूरतों को पूरा करना ही होगा। इस संबंध में तहसील के अधिकारियों की माने तो तहसील क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध मिट्टी खनन का कारोबार नहीं हो रहा है लेकिन क्षेत्र के कस्बों-बाजारों समेत अन्य निर्माणाधीन भवनों के सामने जगह-जगह गिरे मिट्टी के ढेर एक तरफ जहां क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन होने की पुष्टि कर रहे हैं तो वहीं क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन कहीं न होने के तहसील के अधिकारियों के दावे की भी पोल खोल रहे हैं।

# अपहरण कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले दो वांछित गिरफ्तार

**धनघटा** । धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी का बीते दिसम्बर 2023 में घर पर अकेले रहने के दौरान उसको बहला-फुलसाकर उसका अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने के आरोप में वांछित दो युवकों को धनघटा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया करने के बाद दोनों युवकों को जेल भेज दिया। विदित हो कि धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी अपने घर पर रहती थी और उसका पिता अपने परिवार के साथ मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। बीते 6 दिसम्बर 2023 को किशोरी के गांव का निवासी पंचम पुत्र जवाहिर नामक युवक एक अन्य युवक के सहयोग से किशोरी का अपहरण कर लिया और उसे लेकर दोनों युवक कही दूर चले गए। घटना की जानकारी मिलने पर किशोरी के पिता ने जब आरोपी पंचम के घर पहुंचकर बेटी के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया तो आरोपी के पिता ने अपहृता के पिता को तरह-तरह की धमकी और गाली देते हुए घर से खदेड़ दिया तो परेशान अपहृता के पिता ने धनघटा थाने पहुंचकर 12 दिसम्बर 2023 को पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया तो पुलिस ने आरोपी पंचम समेत उसके एक अज्ञात सहयोगी समेत पिता जवाहिर के विरूद्ध आईपीसी की धारा 363, 366, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर अपहृता की तलाश शुरू कर दी थी। पूर्व में पुलिस ने अपहृता को बरामद किया और जब उसका बयान दर्ज कराया तो पता चला कि आरोपी पंचम गांव निवासी सोनू पुत्र बुद्धिराम उर्फ उदयराज निषाद के साथ मिलकर पहले किशोरी का अपहरण किया और उसके बाद दोनों ने मिलकर किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दिया। पुलिस अपहरण के दर्ज उक्त मुकदमे की धारा में आईपीसी की धारा 376 व 507 समेत 5/6 पाक्सो एक्ट तरमीम कर दिया और आरोपियो की तलाश करने में जुटी रही। मंगलवार की सुबह जरिए मुखबिर थाने के पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक रजनीश राय को सूचना मिली की दोनों वांछित आरोपी थाना क्षेत्र के दुलहापार से माझा-खड़कपुर जाने वाले मार्ग पर मौजूद है तो हमराही पुलिसकर्मी सोनू पटेल, धनन्जय कुमार और मेराज अली के साथ चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गए और दोनों वांछितों को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों को जेल भेज दिया।

# सागौन के कटान की जांच कर रेंजर ने लगाया जुर्माना, लकड़ी जप्त

मगहर (एसएनबी)। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर तथा आसपास क्षेत्रों में हरे पेड़ों की कटान की शिकायत का वन विभाग ने संज्ञान लिया। जिसकी सूचना मिलने पर मंगलवार को रेंजर राजेश कुमार कुशवाहा ने गांधी आश्रम पर पहुंच कर जांच की। पेड़ काटने वाले के विरूद्ध रेंजर ने जुर्माना की कारवाई की। जांच में मिली सागौन की लकड़ी को जप्त कर सुपुर्दगी में सौंपी गई।

नगर पंचायत मगहर तथा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों बेखौफ और निडर होकर हरे कीमती पेड़ काटे जा रहे हैं। जिसका वन विभाग के उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लिया। उसके बाद प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देश पर रेंजर राजेश कुमार कुशवाहा, वन दरोगा विनोद यादव दो अन्य कर्मचारियों के साथ गांधी आश्रम में स्थित आरा मशीन पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने परिसर में घूम कर गहन जांच की और आरा मशीन चलाने वाले से पूछताछ की। जांच के दौरान सागौन के छोटे बड़े बारह बोटों को पकड़ा। जिसकी लम्बाई और मोटाई को मापने के बाद उसके बारे में जानकारी प्राप्त किया।रेंजर राजेश कुशवाहा ने बताया कि जितने भी लकड़ी से सम्बंधित वैध कागजात मिलेंगे उन पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।उन्होंने आरा मशीन चलाने वाले खुर्शीद खां से काटे गए तीन पेड़ सागौन का जुर्माना तत्काल भर दें अन्यथा विधिक कार्रवाई की जाएगी।



जांच करते रेंजर। फोटो : एसएनबी

# सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव अंशिका पद मुक्त

संतकबीरनगर (एसएनबी)। सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव अंशिका पाण्डेय द्वारा माह अगस्त में समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव पर उनके साथ अश्लील हरकत करने, धमकाने व सोशल मीडिया पर कमेंट को लेकर आरोप लगाते हुए थाना मेंहदावल पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त मामले में

- **सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह ने सपा जिलाध्यक्ष की रिपोर्ट पर किया है पद से बर्खास्त**
- **युवजन सभा के नेता पर अश्लीलता के आरोप में सपा नेत्री की तहरीर पर मेंहदावल पुलिस ने दर्ज किया था केस**

सपा के जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम द्वारा अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ नेताओं को प्रेषित की गई थी। सपा जिलाध्यक्ष की रिपोर्ट पर सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह ने महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव अंशिका पाण्डेय को पद से हटा दिया है।

विदित हो कि थाना कोतवाली खलीलाबाद के एक वार्ड में रहने वाली समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव अंशिका पाण्डेय ने युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव दानिश अंसारी पर 22 अगस्त को लगभग 3:00 बजे एक कार्यक्रम के दौरान मेंहदावल थाना क्षेत्र के नई बाजार (शनिचरा बाबा धाम) पर उनके साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था जिसके संबंध में उन्होंने मेंहदावल थाने पर तहरीर देकर कहा था कि उक्त घटना से उनकी सामाजिक छवि को नुकसान हुआ है। साथ ही जान को खतरा बताते हुए कहा था कि आगे कोई भी घटना घट सकती है। बाद में फेसबुक पर पोस्ट पर राष्ट्रीय सचिव ने लिखा था कि मेरे और समाजवादी युवजन सभा के नेता दानिश अंसारी के बीच हुए विवाद को मैने पार्टी फोरम पर रखा गया। इस मामले में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के संज्ञान में लाया। सम्पूर्ण प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने त्वरित कार्रवाई की बात कही। यह मामला तब ठंडा हो चुका था लेकिन उक्त मामले में सपा जिलाध्यक्ष की रिपोर्ट के आधार पर महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह ने महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव अंशिका पाण्डेय को पद से हटा दिया।

**पार्टी की एक पक्षीय कार्रवाई : अंशिका** : इस मामले समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव रहीं अंशिका पाण्डेय ने कहा कि पार्टी द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई की गई है। इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं थी। कुछ लोगों के जरिये जानकारी प्राप्त हुई है कि सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह के द्वारा पद मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम के कहने पर मैं केस वापस ले रही थी लेकिन केस दर्ज वापस न लेने पर मुझ पर एक पक्षीय कार्रवाई की गई है और मेरा पक्ष नहीं सुना गया। इस संबंध में मैं स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष/ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराऊंगी।

# एमवी एक्ट में 82 वाहनों का पुलिस ने किया चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 82 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 85,000 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जनसहयोग से चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए

संतकबीरनगर। बेलहर पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत मंगलवार को जनसहयोग से चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। एसओ जितेंद्र यादव ने अपील किया कि लोग अपने- अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरूर लगवाएं। कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके।

# एएसपी ने पुलिस कर्मियों से लगवाई दौड़

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाइंस ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक किया। सभी अधिकारी, कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराया।

# चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

संतकबीरनगर। शहर के मीट मंडी रोड पर हादसे में घायल युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। घायल को अभी तक होश नहीं आया है। पीड़ित पत्नी ने मंगलवार देर शाम कोतवाली खलीलाबाद में चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया। पीड़ित ऊषा देवी पत्नी मुख्तार निवासी बरहटा थाना हरैया जनपद बस्ती हाल मुकाम मोहल्ला बंजरिया खलीलाबाद का आरोप है कि उसके पति 22 सितंबर की शाम करीब सात बजे बाल कटवा कर अपने साइड से पैदल ही कमरे में आ रहे थे।

# कोर्ट के आदेश पर सात पर केस दर्ज

नाथनगर। महुली क्षेत्र के तरैनी गांव में विगत 16 जून को हुए विवाद के मामले में कोर्ट के आदेश पर महुली पुलिस ने एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत सात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि तरैनी गांव निवासी देव प्रसाद पुत्र शिवपूजन ने अपने तहरीर में बताया कि विपक्षीगण उन्हे और उसके परिवार को मारा पीटा। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए विपक्षीगण हरिश्चंद्र, रामचंद्र पुत्रगण मोतीलाल, प्रेमा देवी पत्नी हरिश्चंद्र, मीना देवी, रानी पुत्रीगण हरिश्चंद्र, सुदामा पुत्र रामचंद्र व दुर्गेश पुत्र हरिश्चंद्र पर केस दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म का आरोपित भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने किशोरी को भगाने और दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को मंगलवार को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी युवक बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही थी। साक्ष्य संकलन करके आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी की गई। सूचना के आधार पर पौली चौकी इंचार्ज रजनीश राय ने अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# दुष्कर्म के आरोपित को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने मंगलवार को दुल्हापार माझा खड़गपुर मार्ग के पास दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी युवक बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। पीड़ित पिता ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ बेटी को बहला फुसला कर भगाने ,अपशब्द कहने ,जानमाल की धमकी देने और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। पीड़िता के बयान और साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई।

सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# जवानों ने बलवा ड्रिल का किया अभ्यास

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाइंस ग्राउंड में आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास कराया। इसके पीछे मंशा है कि आगामी त्योहारों को सकुशल ,भयमुक्त वातावरण में संपंन कराने व किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित करना है।

एएसपी ने पुलिस टीम को दंगा निरोधक , बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रक उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिलाया। इसके साथ ही पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके, गुर सिखाए गए। अभ्यास के दौरान भीड़ को



बलवा ड्रिल का अभ्यास करते पुलिस कर्मी।

तितर- बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड , मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चलवा कर पूर्वाभ्यास कराया। इस दौरान आरआई रजनीकांत ओझा और सभी थानों से दरोगा, मुख्य आरक्षी, बीट आरक्षी व जनपद के सभी कार्यालय शाखा पर नियुक्त अधिकारी ,कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# परेड का एएसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर । रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन में बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार, निरीक्षक को निर्देशित किया। एएसपी ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# एमवी एक्ट में 82 वाहनों का पुलिस ने किया चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 82 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 85,000 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जनसहयोग से चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए

संतकबीरनगर। बेलहर पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत मंगलवार को जनसहयोग से चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। एसओ जितेंद्र यादव ने अपील किया कि लोग अपने- अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरूर लगवाएं। कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके।

# एएसपी ने पुलिस कर्मियों से लगवाई दौड़

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाइंस ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक किया। सभी अधिकारी , कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराया।

# चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

संतकबीरनगर। शहर के मीट मंडी रोड पर हादसे में घायल युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। घायल को अभी तक होश नहीं आया है। पीड़ित पत्नी ने मंगलवार देर शाम कोतवाली खलीलाबाद में चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया। पीड़ित ऊषा देवी पत्नी मुख्तार निवासी बरहटा थाना हरैया जनपद बस्ती हाल मुकाम मोहल्ला बंजरिया खलीलाबाद का आरोप है कि उसके पति 22 सितंबर की शाम करीब सात बजे बाल कटवा कर अपने साइड से पैदल ही कमरे में आ रहे थे।

# दुष्कर्म के आरोपित की जमानत अर्जी निरस्त

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोपी अभिषेक उर्फ बिन्देश दुसाध पर वादी की 13 वर्षीय अवयस्क पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। आरोपी अभिषेक गोरखपुर जनपद के थाना बेलघाट ग्राम बरपरवा बाबू का रहने वाला है।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट सत्येन्द्र शुक्ल ने बताया कि मामला जनपद के महुली थानाक्षेत्र के एक गांव का है। प्रकरण में पीड़िता के पिता ने अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप है कि 14 जून 2024 को लगभग दो बजे दिन में उसकी 13 वर्षीय अवयस्क पुत्री को अभिषेक उर्फ बिन्देश दुसाध पुत्र श्यामलाल दुसाध ग्राम बरपरवा बाबू थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर बहला-फुसलाकर तथा शादी का झांसा देकर भगा ले गया। इस कार्य में उसके बहनोई रामकुमार पुत्र फूलचन्द्र ने सहायता किया। पुलिस ने अपहरण का अभियोग पंजीकृत किया विवेचना के दौरान दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी की गई।

# बच्ची को ढूंढ कर परिजनों को सौंपा

संतकबीरनगर। बखिरा क्षेत्र के लेडुआ-महुआ में अपनी मौसी के घर आई तीन साल की बच्ची मंगलवार को टहलने निकली और अचानक लापता हो गई। सूचना पर पुलिस ने दो घंटे के भीतर ही बच्ची को ढूंढ लिया और परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

एसओ श्याम मोहन ने बताया कि मंगलवार को पूर्वाहन 11 बजे लेडुआ-महुआ निवासी नजरुल हसन पुत्र मोहम्मद जुबेर ने चौकी बखिरा पर सूचना दिया कि उसकी पत्नी की बहन निवासी सिककोटवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थ नगर रिश्तेदारी में उसके घर आई थी। साढ़ू की तीन वर्ष की बेटी अदीबा उसके घर से टहलते हुए कहीं गायब हो गई। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी बखिरा विनोद कुमार यादव ने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ बच्ची की खोजबीन शुरू की। सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया। गायब उक्त बच्ची बखिरा कस्बे के तुरहा टोला के पास पुलिस को मिली। सूचना देकर नजरूल हसन को बुलाया गया और बच्ची को सुपुर्द कर दिया गया।

# बोलेरो चालक पर दर्ज हुआ मुकदमा

सेमरियावां। दुधारा क्षेत्र के पचदेवरा निवासिनी मीना देवी पत्नी परमात्मा वर्मा ने बोलेरो चालक के विरूद्ध तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मारने का आरोप लगाया है। मुकामी पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

थाना दुधारा क्षेत्र के गांव पचदेवरा निवासिनी मीना देवी पत्नी परमात्मा वर्मा ने मुकामी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि प्रार्थिनी के पति परमात्मा प्रसाद पुत्र रामदेव 23 की शाम बाजार से पैदल अपने घर आ रहे थे, उसी समय नौवागांव की तरफ से बोलेरो सामने से धक्का मार दिया।

# जिला जज ने खड़ी बाइक को हटाने को दिया निर्देश



दीवानी न्यायालय परिसर व अधिवक्ता चैम्बर के साफ-सफाई का निरीक्षण करते जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम।

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता । जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने दीवानी न्यायालय परिसर व अधिवक्ता चैम्बर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाथवे में खड़ी बाइक को हटाने के साथ बाइक न खड़ा करने का निर्देश दिया।

परिसर में बने स्टैंड के पास बेतरतीब खड़े वाहनों को रास्ते से हटकर खड़ा करने तथा दुकानों के पास साफ-सफाई रखने तथा गन्दगी मिलने पर कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिए। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने मंगलवार को न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया । पूरे परिसर की सफाई के लिए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिया। तत्काल ही नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सफाई कार्य में जुट गए । न्यायालय परिसर का निरीक्षण करते जिला जज स्टेडियम गेट के पश्चात अधिवक्ता चैम्बर के पास पहुंचे।

# कोर्ट के आदेश पर छह के खिलाफ केस

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। चिट्ठापार गांव में एक व्यक्ति ने उपनाम से बुलाने पर नाराज होकर वादी के घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। बाइक को भी तोड़ दिए। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

शिवचन्द्र यादव पुत्र प्रेमचंद निवासी चिट्ठापार ने बताया कि आठ माह पूर्व 20 जनवरी की शाम को सात बजे धर्मेन्द्र को उसके उपनाम से बुलाना नागवार लगा। नाराज होकर धर्मेन्द्र, संदीप, पंकज, मनोज, राजेश व विशम्भर एक राय होकर दरवाजे पर चढ़कर गाली देने लगे। मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। जान बचाने के लिए घर में भागने पर आरोपीगण भी घर में घुस आए व मारने पीटने लगे। बीच बचाव में आई उसकी पत्नी वंदना व अन्य लोगों के आने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। संदीप ने उसकी पत्नी के गले से मंगल सूत्र छीनकर लेते गए। उसकी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिए। इस मामले से बखिरा थाने में तहरीर देने पर भी उल्टे उसी पर केस दर्ज कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने भी कोई कार्रवाई नही की। मजबूर होकर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। पुलिस ने चिट्ठापार निवासीगण धर्मेन्द्र, संदीप, पंकज, मनोज, राजेश व विशम्भर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# दो आरोपियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस

संतकबीनगर, निज संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को दो लोगों पर आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में केस दर्ज किया। पीड़ित डीघा निवासी बबिता जायसवाल पत्नी जगदीश जायसवाल का आरोप है कि उसके बेटे विशाल को आरोपी विजय यादव व राजू ने शराब के नशे में फर्जी बैनामा करा लिया था।

आरोप है कि बैनामे के बाद कब्जा नहीं मिलने पर उसके बेटे का अपहरण करके तीन माह तक बंधक बना कर मारपीट कर अपने पास रखे थे। ये लोग उसके बेटे को प्रताड़ित करते थे और पैसा भी मांगते थे और न मिलने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। आरोप है कि 20 सितंबर को दिन में 12 बजे विशाल जायसवाल उक्त आरोपियों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर लिया। उसके और विजय यादव व राजू जायसवाल की सास राधा के बीच तहसील व दीवानी न्यायालय में सिविल केस विचाराधीन है। वह कई महीने से तहसील, थाना व उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दी थी। मृतक विशाल ने भी उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। एसएसआई राजेश दूबे ने बताया कि दो लोगों पर आत्म हत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया गया है।

# चारागाह की जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा तहसील में बड़े पैमाने पर हुए सरकारी भूमि पर दबंगों के कब्जे का एक मामला चकिया बाजार में सामने आया है। यहां 14 बीघा चारागाह की भूमि पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। तमाम लोगों ने पक्के मकानों का भी निर्माण कर लिया है। दो वर्ष पूर्व उच्च न्यस्यालय का आदेश भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। अवैध कब्जा मुक्त कराने में तहसील प्रशासन निष्क्रिय बना हुआ है। मंगलवार को एक शिकायती पत्र पर एसडीएम ने हल्का लेखपाल को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार चकिया में अराजी नम्बर 175/6 में 14 बीघा चारागाह दर्ज है। चारागाह की जमीन पर लगभग 70 लोगों का अवैध कब्जा है। चारागाह से अवैध कब्जा हटाने के लिए ग्राम चकिया निवासी दाऊद खान ने वर्ष 2022 में उच्च न्यायालय में अपील किया। उच्च न्यायालय ने मामले में सुनवाई करते हुए तत्कालीन तहसीलदार को अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। निर्देश के क्रम में तत्कालीन तहसीलदार ने अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ नोटिस जारी किया। लेकिन यह कार्रवाई सिर्फ नोटिस जारी होने तक सिमट कर रह गई।

# विद्यार्थियों को विधि के बारे में होनी चाहिए जानकारी



मौलाना आजाद इंटर कालेज खलीलाबाद में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ( बाएं से दूसरे) ● फोटो सूचना विभाग

**जासं, संतकबीर नगर** : अपर जिला जज (एडीजे) व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विधि के महत्वपूर्ण बिंदु के बारे में जानकारी होनी चाहिए। कानून की जानकारी के अभाव में अपराध की सजा से मुक्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित कई छात्र, छात्राओं के सवालों का जवाब दिया। उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

एडीजे ने यह बातें मंगलवार को मौलाना आजाद इंटर कालेज-खलीलाबाद में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में कही। डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने एफआइआर व जीरो एफआईआर के प्रविधानों के बारे में जानकारी दी। परिवाद पर दर्ज होने वाले मामलों के बारे में बताया। डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार पांडेय ने प्राधिकरण के द्वारा संचालित विभिन्न सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। उन्हें निश्शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य युनुस अख्तर खान, प्रवक्ता गिरिजानंद यादव, अब्दुल मुद्दसिर खान, अतिकुल्लाह खान, सहायक अध्यापक जय प्रकाश, विजय कुमार यादव, रीता द्विवेदी, विवेकानंद यादव, सदरे आलम, रूबीना बानो, गुलाम हुसैन के अलावा छात्र ,छात्राएं उपस्थित रहे।

# धान की फसल की सिंचाई कर रहे किसान की मृत्यु

जासं,धनघटा: धान फसल की सिंचाई कर रहे किसान की मंगलवार को मृत्यु हो गयी। किसान पूर्व में अपने गांव के प्रधान थे। उनकी मृत्यु से घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



धर्मेंद्र सिंह की फाइल फोटो

धनघटा गांव निवासी 40 वर्षीय पूर्व प्रधान धर्मेंद्र सिंह मंगलवार को खेत में पंपिंग सेट से धान की फसल की सिंचाई कर रहे थे। दोपहर के करीब एक बजे वह गर्मी से परेशान हो गए। इस पर वह निकट में धनघटा-उमरिया बाजार मार्ग पर स्थित एक पेड़ के नीचे आकर बैठ गए। पेड़ की छांव में बैठने पर भी जब उन्हें आराम नहीं मिला तो वह किसी तरह अपने घर पहुंचे। इसके बाद वह अपने चार पहिया वाहन में बैठ गए। हालत बिगड़ने पर परिवार के सदस्य उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी)-हैंसर बाजार ले गए। चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के चिकित्सक ने उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज-गोरखपुर भेज दिया। यहां पर पहुंचने पर चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर शाम उनका शव धनघटा स्थित उनके घर पहुंचा। इससे घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी, बुजुर्ग मां, दो मासूम बच्चियों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।



मृत्यु की सूचना पर घर पर पहुंचे ग्रामीण • जागरण

# गायब बच्ची को स्वजन को किया सुपुर्द

**जासं, बखिरा :** बखिरा थाना क्षेत्र के लेड़आ महुआ में मां के साथ रिश्तेदार के यहां आई एक तीन वर्षीय बालिका मंगलवार की सुबह खेलने के दौरान गायब हो गई थी। मामले को लेकर नजमुल हसन ने बखिरा पुलिस चौकी पर सूचना दिया। पुलिस कर्मियों ने सक्रियता करते हुए वाट्एस एप ग्रुप समेत इंटरनेट मीडिया पर सूचना प्रसारित किया। दोपहर में पुलिस कर्मियों ने बालिका को बरामद करके उसके स्वजन को सौंप दिया।

# दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों पर मुकदमा

जासं, सांथा : नगर पंचायत बेलहर के एक मोहल्ले में शराब के नशे में पूरे परिवार के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक और मामले में पुलिस ने दो आरोपितों पर केस दर्ज किया है।

तहरीर में रीता देवी ने लिखा है कि रविवार की देर शाम हमारे पति जयराम शराब के नशे में आए और पूरे परिवार को गाली देने लगे। मना करने पर रिया, रितिका और मुझे पीटने लगे। जिसमें मेरा सिर फूट गया तथा दोनों बच्चियों को भी चोट लगी। आए दिन इस तरह का कृत्य करते रहते हैं। जिससे पूरे परिवार के लोग परेशान हैं। इस मामले में बेलहर पुलिस ने जयराम के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

इसी प्रकार बेलहर थाना क्षेत्र के निबिहा में मारपीट की घटना सामने आई है। जिसमें लक्ष्मी देवी पत्नी रूदल ने तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। तहरीर में पीड़िता ने लिखा है कि उसके घर के बगल में एक अमरूद का पेंड़ है।

सोमवार को उनकी पुत्री निशा का हाथ अमरूद की डाल पर लग गया। इसे लेकर राजू और उसकी पत्नी मंजू अपशब्द कहने लगी। विरोध करने पर सभी ने दोनों को पीटकर घायल कर दिया।

इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपितों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस कर्मियों ने किया दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास



रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास करती पुलिस • फोटो पुलिस मीडिया सेल

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में मंगलवार को पुलिस कर्मियों ने दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। नव चयनित पुलिस कर्मियों को आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ ही पानी की तेज धार से भीड़ को नियंत्रित करने का तरीका बताया गया। पूर्व से कार्यरत पुलिस कर्मियों ने साथियों के बीच अपने अनुभव भी साझा किए। पुलिस लाइन परिसर में एसपी के निर्देश पर त्योहारों के मद्देनजर बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोलों का प्रयोग, एंटी राइट गन, मिर्ची बम, रबर बुलेट आदि का प्रयोग करके

- **आंसू गैस, मिर्ची बम, रबर बुलेट आदि के प्रयोग का हुआ अभ्यास**
- **पुलिस कर्मियों को दंगाइयों से निपटने के लिए किया गया तैयार**

पुलिस कर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित और तितर बितर करने का अभ्यास किया। दंगे की छद्म परिस्थिति पैदा करने के बाद सायरन बजते ही पुलिस कर्मी सक्रिय हो गए। पुलिस कर्मियों को अनेक शस्त्रों को चलाने का अभ्यास करवाया गया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा समेत जनपद के सभी थानों से चिह्नित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मुकदमे से तंग आकर एसपी से लगाई न्याय की गुहार

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : शहर के मोतीनगर निवासी एक व्यक्ति ने अपने दूर के रिश्तेदारों पर बार-बार फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पत्र भेजकर पीड़ित ने पूरे मामले की जांच करवाए जाने की मांग की है।

एसपी को भेजे गए पत्र में कोतवाली क्षेत्र के मोतीनगर निवासी तौसीफ रजा पुत्र शमसुल हुदा खान ने लिखा है कि उनकी बहन का विवाह कुछ दिन पूर्व हुआ था जिससे दो बच्चे भी हैं। बाद में बहन व बहनोई के बीच संबंध खराब हो जाने पर बहन द्वारा दुबई के न्यायालय में भरण पोषण का वाद दायर किया था। वहां के न्यायालय द्वारा भरण पोषण की धनराशि अदा करने का आदेश पारित किया गया। इसी से खार खाकर बहनोई व उसके चाचा मिलकर बार-बार फर्जी मुकदमा दर्ज करवा रहे हैं। बार-बार मुकदमे से वह तंग आ चुके हैं। दो दिन पूर्व दूसरे पक्ष के लोगों ने एक विवादित मकान पर लगे सरकारी ताले को तोड़ दिया गया है। उन्हें आशंका है कि ताला तोड़ने का आरोप उनके ऊपर मढ़ते हुए विपक्षी फर्जी मुकदमे का प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने एसपी से उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमों की जांच करवाकर षडयंत्र करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

## यह और अन्य खबरें देखें-

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# कोर्ट के आदेश पर सात आरोपितों पर बलवा का केस

जासं, महुली : महुली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को सात आरोपितों के खिलाफ बलवा, मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट में दायर किए गए प्रार्थना पत्र में इस थाना के तरैनी गांव निवासी देव प्रसाद पुत्र शिवपूजन ने उल्लेख किया है कि गत 16 जून को सुबह करीब आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर उनके गांव के छह से अधिक विपक्षी उन्हें व उनके परिवार के सदस्यों को मारने लगे।

# निजी अस्पताल में नवजात की मृत्यु के मामले में जांच शुरू

जागरण संवाददाता, मेंहदावल : मेंहदावल कस्बे में स्थित दिव्य देव हास्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात बच्चे की मृत्यु के मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रामानुज कन्नौजिया के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू किया है। अस्पताल संचालक से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही पीड़ित की तहरीर पर मेंहदावल पुलिस भी मामले की जांच में जुटी हुई है। मंगलवार को अस्पताल का सीसीटीवी फुटेज आदि पुलिस के द्वारा निकाला गया। जांच के बाद इस मामले में कार्रवाई हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग व पुलिस दोनों इस मामले में अलग-अलग जांच में जुटी है।

मेंहदावल नगर पंचायत के टेडूआ निवासी आशीष मिश्र ने तहरीर में उल्लेख किया है कि उनकी पत्नी मंजुला गर्भवती थी। 21 सितंबर की रात 11 बजे उन्हें अचानक से दर्द शुरू हुआ। अस्पताल के जिम्मेदार चिकित्सक को मामले से अवगत कराया गया। उन्होंने निजी कर्मी को भेजकर घर पर ही इंजेक्शन लगावाया। जिसके बाद से दर्द बढ़ गया। साथ ही रक्तस्राव होने लगा। आनन-फानन में मैं पत्नी को लेकर अस्पताल पर पहुंचा। वहां पर मैं चिकित्सक दंपती से फोन पर मनुहार करता रहा, लेकिन चिकित्सक मौके पर नहीं आए। सुबह तीन बजे मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उपचार के लिए 20 हजार रुपये की मांग की गई। पैसे नहीं देने के कारण मरे हुए बच्चे को देने में भी आनाकानी की गई। इस मामले में पीड़ित ने चिकित्सक और कर्मियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। मीडिया में यह मामला आने के बाद उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया और मामले की जांच का निर्देश दिया।

मेंहदावल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. आइडी गौरव ने कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर मामले की जांच कराई जा रही है। निजी अस्पताल संचालक से जवाब मांगा गया है। पीड़ित का बयान भी कराया जा रहा है। पूरी रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजी जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने कहा कि तहरीर प्राप्त होने के बाद मामले की जांच कराई जा रही है। अस्पताल का सीसीटीवी फुटेज आदि निकाला गया है। मामला सही मिलने पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# 82 वाहन चालकों से वसूला शमन शुल्क

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 82 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन और संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की। इस दौरान समस्त एसओ और प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम के उल्लंघन करने के मामले में 82 वाहनों चालकों से 85 हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थाना आरोपी अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित है। किशारी की मां ने थाना धनघटा पर आरोपी के खिलाफ पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लेने, गाली और धमकी देने के संबंध में प्रार्थनापत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने धाराओं बढ़ोतरी करते हुए आरोपी सोनू पुत्र बुधिराम उर्फ उदयराज निषाद निवासी ग्राम नकहा को दुल्हापार माझा-खड़गपुर मार्ग के पास से गिरफ्तार किया है। संवाद

# प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने का पूर्वाभ्यास

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह के देखरेख में रिजर्व पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड पर आगामी त्योहारों नवरात्रि, दशहरा व मूर्ति विसर्जन को देखते हुए एवं त्यौहारों को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने व जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया।

इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक, बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके व गुर सिखाये गए।

**रिजर्व पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में हुआ आयोजन**

अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आँसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड़, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास कराया गया। साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण के लिए अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास हुआ। संवाद

# अपराध संक्षेप

## पंचायत में कहासुनी पर मारपीट, केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के मलेन गांव में पंचायत होने के दौरान हुए विवाद में प्रतिवादी पक्ष ने वादी की पिटाई कर दी। पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। हरिशंकर निवासी मलेन ने बताया कि 21 सितंबर को गांव में किसी बात को लेकर पंचायत चल रही थी। पंचायत के दौरान ही गांव निवासी राधेश्याम व अन्य तीन लोगों के साथ उसकी कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर प्रतिवादी पक्ष ने उसे, दीपक व सत्यनारायन को गाली देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी गण अभी भी जान से मारने की धमकी दे रहे है। संवाद

## विवाद में मारपीट का आरोप, केस दर्ज

बेलहर। बेलहरकला क्षेत्र के निबिहा में मामूली विवाद में मारपीट की घटना पुलिस के सामने आई। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।लक्ष्मी देवी पत्नी रुदल ने शिकायत में बताया कि उनके घर के बगल में एक अमरूद का पेड़ है। जहां से आते समय उसका डाल लग जाता है। सोमवार को बेटी निशा आ रही थी, जिसका हाथ अमरूद के डाल पर लग गया। इस मामले को लेकर विपक्षी राजू पुत्र साधू, मंजू पत्नी राजू गाली देने लगे। संवाद

## दहेज उत्पीड़न में ससुरालियों पर केस

संतकबीरनगर। धनघटा क्षेत्र निवासी विवाहिता ने महिला थाने में तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। पुलिस ने इस मामले में पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी और ननद के खिलाफ केस दर्ज किया है। विवाहिता ने बताया कि चार दिसंबर 2022 को उसकी शादी दिनेश पुत्र बजरंगी निवासी नई दुनिया थाना नबाबगंज जनपद गोंड़ा के साथ हुई थी। ससुराली कम दहेज लाने का ताना मारते हुए मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिए। पति व जेठ ने कई बार करंट का झटका देकर जान से मारने का प्रयास किया। संवाद

## तीन महिलाओं समेत सात पर दर्ज

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के तरैनी गांव में 16 जून को हुए विवाद के मामले में कोर्ट के आदेश पर महुली पुलिस ने एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत सात के खिलाफ बलवा, मारपीट समेत अन्य धारा में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि तरैनी गांव निवासी देव प्रसाद पुत्र शिवपूजन ने कोर्ट को दिए अपने प्रत्यावेदन में बताया है कि 16 जून 2024 की सुबह आठ बजे विपक्षीगण गोलबंद होकर उन्हें और उसके परिवार को मारना-पीटनां शुरू कर दिएं। घर में रखा सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। गाली देते हुए जान माल की धमकी दी। संवाद

## महिला से मारपीट के मामले में केस

संतकबीरनगर। बेलहरकला क्षेत्र के कुशहरा गांव में एक महिला और बच्चे से मारपीट का मामला पुलिस के सामने आया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर मिलने पर केस दर्जकिया है। ममता निवासी कुशहरा ने बताया कि 22 सितंबर शाम 04:30 बजे के करीब बेटा दोस्त के यहां खेल रहा था। घर लौटते समय रास्ते में विपक्षी नितिन, उर्मिला, अनू उसे गाली दे रहे थे। विरोध करने पर घर पर चढ़ आए और गाली देते हुए काफी मारे-पीटे और जानमाल की धमकी दी। उन्होंने पेट का ऑपरेशन कराया हुआ है। विपक्षी लाठी से पेट पर प्रहार कर दिए। पुलिस ने मामले में ममता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## दुर्घटना के मामले में केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक दिन पूर्व शहर के मीट मंडी मार्ग पर देर रात को हुए हादसे के मामले में घायल के पत्नी की तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया है। उषा देवी पत्नी मुख्तार निवासी ग्राम बरहटा थाना हरैया जनपद बस्ती ने बताया कि उनके के पति मुख्तार पुत्र कोदानी 22 सितंबर को देर रात दाढ़ी बनवाकर पैदल ही कमरे पर वापस आ रहे थे। मीट मंडी रोड पर पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन के चालक ने बिना हॉर्न बजाए गाड़ी चलाते हुए लाकर पति मुख्तार को ठोकर मार दी। जिससे वह गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। संवाद

# उच्च कोटि की वर्दी पहनने के दिए निर्देश

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड पर मंगलवार को परेड की सलामी लेकर उसका निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए बताया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाया गया। परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस लाइंस में बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को बताया। संवाद

# एक लाख बीस हजार की हुई राजस्व वसूली

संतबीरनगर। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को पौली चौराहे पर बिजली निगम ने समाधान कैंप का आयोजन किया। इस दौरानएसडीओ ने उपभोक्ताओं के बिल सुधारने, लोड वृद्धि एवं अन्य समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया। एसडीओ कौशल किशोर ने बताया कि उपभोक्ताओं के हित को देखते हुए विद्युत कैंप का आयोजन किया गया। जिससे उपभोक्ताओं को दफ्तर का चक्कर न लगाना पड़े। कैंप में कुल 40 मामले आए। सभी मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। इस दौरान 25 उपभोक्ताओं से कुल एक लाख बीस हजार रुपये विद्युत बिल की वसूली भी की गई। संवाद

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। किशोरी के पिता ने थाना धनघटा पर आरोपी के खिलाफ नाबालिग पुत्री का अपहरण करने, गाली और धमकी देने के संबंध में प्रार्थनापत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। धनघटा पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित पंचम पुत्र जवाहिर निवासी ग्राम नकहा को दुल्हापार-माझा खड़गपुर मार्ग के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल से भेज दिया गया। संवाद

# एक वारंटी समेत दो गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जनपद में वांछितों और न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना महुली पुलिस ने वारंटी राजमन पुत्र रामनरायन निवासी अगया उर्फ सिदाही को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया। इसके अलावा थाना दुधारा पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया। संवाद

b

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# छात्रा को अगवा करने का केस दर्ज

मनकापुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर शादी के लिए बहन का अपहरण करने का केस दर्ज कराया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसकी 20 वर्षीय बहन बीते शुक्रवार को सुबह नौ बजे घर से मनकापुर बाजार कोचिंग पढ़ने गई थी। देर शाम तक घर वापस न आने पर चार दिनों तक काफी खोजबीन करता रहा लेकिन पता नहीं चला।

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई

- भाजपा विधायक के बहनोई से शनिवार रात हुई थी मारपीट
- मामले की जांच में जुटी है पुलिस, दो आरोपियों का चालान किया

गोंडा, हिटी। माध्यमिक शिक्षक संघ ने सीओ सिटी सौरभ वर्मा से शिक्षक साथी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कराने की मांग की है। इसमें कहा गया कि माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार पांडे पर सोमवार की रात करीब नौ बजे घर जाते समय विपक्षियों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमे फॉर्च्यूनर गाड़ी से कुचलने की कोशिश की गई।

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष के साथ हुई इस घटना से जिले के शिक्षकों ने सीओ सिटी को पत्र देकर आरोपियों के गिरफ्तारी करने की मांग की है। इस दौरान जिला मंत्री अखंड प्रताप सिंह, उत्तम चंद नागेश, राज कुमार मौर्या, सुभाष चंद्र यादव, देव प्रताप सिंह, देव नरायन मिश्रा, ज्ञान चंद आर्य, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, शिव चंद्र यादव, अरुण सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

**दो लोगों का पुलिस ने किया चालान:** जिले के मेहनौन सीट से भाजपा विधायक विनय कुमार द्विवेदी के बहनोई व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश पांडेय व उनके बेटे आयुष की पिटाई करने और एसयूवी से कुचलने के प्रयास के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों का चालान किया है। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर दो लोगों का चालान किया गया है। अन्य फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि रविवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे टॉमसन चौराहे पर राजेश पांडेय खड़े थे। इसी दौरान उनके गांव के भाजपा नेता उदय पांडेय, अपने बेटे नितिन पांडेय और निजी गनर के साथ पहुंचे। आरोप है कि नाला निर्माण के विवाद में रंजिशन अभद्रता करते हुए मारपीट की गई। इसके बाद पीड़ित राजेश पाण्डेय की शिकायत पर नगर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद और चार अज्ञात पर केस दर्ज किया था।

# भाई-बहन को पीटने में तीन पर केस

वजीरगंज। मोतीगंज दलपतपुर निवासी त्रिभुवन सोनकर ने थाने पर तहरीर दिया है कि वह अपनी बहन के यहां मझगवां गया था। वहां दरवाजे पर बकरी चली जाने के विवाद को लेकर आरती पत्नी पहाड़ी सोनकर, बिट्टू, सिपाही लाल सोनकर ने बहन और उसे अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मुक्का-थप्पड़ व डंडे से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है। तीन पर केस दर्ज किया गया।

# छुट्टा जानवर हांकने के विवाद में थप्पड़ व डंडे से पीटा, मुकदमा दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के बेलभरिया बनकटवा निवासी सुनील सिंह ने थाने पर तहरीर दी है कि सोमवार रात 9 बजे छुट्टा जानवर हांकने के विवाद को लेकर विपक्षी पवन सिंह निवासी बेलभरिया ने वादी को अपशब्दों का प्रयोग करते मुक्का थप्पड़ व डंडे से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# युवती से रेप के आरोपी को दबोचा

**नवाबगंज, संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो बनाने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष रिमांड के लिए प्रस्तुत किया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया की दुल्लापुर गांव का रहने वाला आरोपी हनुमान पुत्र ननकऊ के खिलाफ दूसरे गांव की युवती ने तहरीर दी थी। आरोप है कि युवक हनुमान ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना ली।

युवती ने जब उसे शादी करने को कहा तो जातिसूचक अपशब्द का प्रयोग करते हुए शादी करने से मना कर दिया। यही नहीं जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को मगंलवार को बालापुर रेलवे क्रांसिग के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# दुष्कर्म के दो दोषियों को दस वर्ष की सजा

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश सूर्य प्रकाश सिंह ने अलग-अलग मामलों में दुष्कर्म के दो दोषियों को दस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर दोनों को अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

थाना करनैलगंज अंतर्गत खुशाली पुरवा निवासी वीरेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र मोहनलाल व थाना इटियाथोक अंतर्गत ग्राम लक्ष्मनपुर लाल नगर निवासी सहज राम पुत्र राम दयाल के विरुद्ध दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया।

अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपियों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को दस-दस वर्ष की कैद व 22-22 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# जिलाध्यक्ष की पिटाई को लेकर शिक्षकों में आक्रोश



सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपते माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री व अन्य • जागरण

संसू, जागरण • गोंडा : माध्यमिक शिक्षक संघ (चेत नरायन गुट) के जिलाध्यक्ष व जानकीनगर रानीपुरवा निवासी राजेश कुमार पांडेय की पिटाई किए जाने से शिक्षकों में आक्रोश है।

मंगलवार को माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने एसपी को संबोधित ज्ञापन सीओ सिटी सौरभ वर्मा को ज्ञापन देकर आरोपितों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है। संघ के जिला मंत्री अखंड प्रताप सिंह ने कहर कि रविवार की रात साढ़े नौ बजे शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज तिराहा पर जानकीनगर रानीपुरवा के उदय कुमार पांडेय, उनके पुत्र नितिन पांडेय, प्राइवेट गनर व अन्य साथियों के साथ मिलकर जिलाध्यक्ष की पिटाई की। बंदूक के बट से भी मारा। जिलाध्यक्ष ने फोन करके बेटे आयुष को बुलाया तो उनके पैर पर भी आरोपितों ने गाड़ी चढ़ा दी। उनके बेटे को कुचलने का प्रयास किया गया। उत्तम चंद नागेश ने कहा कि जिलाध्यक्ष से मारपीट किए जाने से शिक्षकों में आक्रोश है। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने कहा कि दो आरोपितों का चालान किया गया है। विवेचना चल रही है। राजकुमार मौर्य, सुभाष चंद्र, देव नरायन व धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने आक्रोश व्यक्त किया।

# नवनिवाहिता की मौत में पति समेत चार के विरुद्ध मुकदमा

संसू, जागरण • नवावगंज (गोंडा) : महंगूपुर गांव की रहने वाली पूजा का घर के कमरे में संदिग्ध हालात में बेड पर शव पड़ा मिला है। मृतका के मां की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया है। वजीरगंज थाना के चंदापुर गड़ौवा निवासी सुमिता ने कहा कि बेटी पूजा की शादी 26 अप्रैल को महंगूपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के लिए बेटी से मारपीट कर करते थे। मंगलवार की सुबह दामाद के पड़ोसी ने उसके बेटी के मौत की सूचना दी। जब वह बेटी के ससुराल पहुंची तो उसका शव बेड पर पड़ा था और टूटी चूड़ियां कमरे में बिखरी थी। कहा कि बेटी पूजा की हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि आरोपित पति अभिषेक कुमार, सास, ससुर जगप्रसाद व जेठानी के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

## महिला से छेड़खानी, केस

वेलसर : महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि गांव के ही युवक 25 मई को नशे घर में घुस आए। कपड़े फाड़ दिया और छेड़छाड़ की। प्रभारी निरीक्षक तरबगंज राजेश सिंह ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा किया गया है।

# ग्रामीणों ने पुलिस को समझा चोर, की बहस

संसू, जागरण • खरगूपुर (गोंडा) : लक्ष्मनपुर स्थित पुल के पास का कुछ लोग शराब पी रहे थे। ग्रामीणों ने चोर समझकर घेराव किया। पूछताछ में उन्होंने पुलिस कर्मी होने की जानकारी दी और ग्रामीणों को मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी। इसको लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया।

प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने थाने बुलाकर सभी को शांत कराया। बताया जाता है कि लक्ष्मनपुर गांव से पहले पुल के पास डायल 112 के पुलिस कर्मी अजनबियों के साथ मिलकर शराब पी रहे थे। लक्ष्मनपुर गांव निवासी बच्चन बाबू तिवारी के घर एक सप्ताह पूर्व चोरी हुई थी।इसी को लेकर ग्रामीण अजनबियों व संदिग्धों पर नजर रख रहे थे। पुल पर लोगों के एकत्र होने की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने घेराव किया। पुलिस कर्मी भड़क गए। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने एसपी को रिपोर्ट भेजने की बात कहकर लोगों को शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जांच के लिए कमेटी गठित की गई है।

# सिपाही को धमकाने पर केस

गोंडा : देहात कोतवाल डीके श्रीवास्तव ने कहा कि 23 सितंबर की रात में मुख्य आरक्षी संजीत सिंह ठकुरापुर में दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद शांति सुरक्षा व्यवस्था के लिए ड्यूटी पर गए थे। सुरेश गोस्वामी ने आठ-दस साथियों के साथ पीड़ित के घर में घुसकर मारपीट की। सिपाही ने बीच बचाव किया तो जान मारने की धमकी दी। सरकारी कार्य बाधित किया। आरोपितों पर मुकदमा किया गया है। धर्मेंद्र कुमार की गिरफ्तारी की गई है। (संसू)

# दुष्कर्म के दोषियों को दस वर्ष का कारावास

संसू, जागरण • गोंडा : दुष्कर्म के दो अलग- अलग मामलों में न्यायालय ने दो दोषितों को सजा सुनाई है। एफटीसी प्रथम/अपर सत्र न्यायाधीश सूर्य प्रकाश सिंह ने ग्राम नकार खुशलीपुरवा कोतवाली कर्नलगंज निवासी वीरेंद्र कुमार व ग्राम लक्ष्मणपुर लालनगर थाना इटियाथोक निवासी सहजराम को दस-दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषितों को दुष्कर्म समेत अन्य दोष में 22-22 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की अदायगी पर पचास फीसद राशि दोनों घटनाओं की पीड़िताओं को प्रतिकर के रूप में देने का आदेश दिया है।

# सियासी कद बढ़ाने की कवायद में चौराहे पर छिड़ी थी जंग

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। मिशन-2027 की तैयारियों के साथ तनातनी बढ़ती दिख रही है। टॉमसन चौराहे पर मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी के बहनोई राजेश पांडेय पर जानलेवा हमले के पीछे की कहानी भी सियासी धरातल से ही जुड़ी है।

अमर उजाला फॉलोअप

जानलेवा हमले में आरोपी उदय पांडेय करीब एक दशक से अपना कद बढ़ाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। बीते त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वह जिला पंचायत का चुनाव लड़ने से चूक गए और राजेश पांडेय की मां जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीत गईं। इससे शहर से सटे गांव में राजेश पांडेय के सियासी कदम को रफ्तार मिली। विधायक से रिश्तेदारी के चलते भी उनका दबदबा है। लेकिन उदय भी कहां पीछे रहते और लखनऊ में ठिकाना बना सियासी गलियारों में ताल्लुक कायम किया।

लग्जरी वाहनों का काफिला तैयार करने के साथ ही निजी गनर से रुतबा बढ़ाया और भाजपा की सदस्यता हासिल कर मिशन-2027 मेहनौन विधानसभा क्षेत्र का पोस्टर से ऐलान कर राजेश पांडेय को चिढ़ा दिया। फिर क्या था चौराहे पर ही विवाद शुरू हो गया। यह भले ही अभी एक दिन का विवाद था, लेकिन आशंका ऐसी है कि यह विवादों के दौर का आगाज है। सियासत के शकुनी भी मामले को तूल देने के लिए पासा फेंक रहे हैं।

## पुलिस ने साधी चुप्पी, जांच का दावा

सियासत से जुड़ी घटना के बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चुप्पी साध ली। एएसपी (पूर्वी) मनोज रावत ने जांच की बात कही है। वहीं, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अखंड प्रताप सिंह ने पदाधिकारियों के साथ एसपी से भेंटकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, आरोपी भाजपा नेता उदय पांडेय ने विवाद से जुड़े वीडियो के जरिए राजेश पांडेय पर ही विवाद करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चौराहे पर राजेश ही गाली दे रहे थे, एफआईआर विधायक के दबाव में हुई है।

# पुलिसकर्मियों के शराब पीने के मामले की होगी जांच

**खरगूपुर।** चार दिन पहले यूपी 112 के पुलिसकर्मियों को अजनबियों के साथ रात को ग्रामीणों ने शराब पीते हुए पाया था। अब एसपी ने जांच के लिए कमेटी गठित की है। मामला लक्ष्मनपुर का है। जहां सुनसान पुल पर पीआरवी 0882 के उपनिरीक्षक लक्ष्मन प्रसाद, आरक्षी सुशील व चालक होमगार्ड दो अजनबियों के साथ 20 सितंबर की रात देर शराब पी रहे थे। दो अजनबी लोगों को देखकर ग्रामीणों ने जानकारी मांगी तो पुलिसकर्मी भड़क गए थे। हंगामा हुआ था। इंस्पेक्टर कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि रिपोर्ट एसपी को भेजी गई थी। उन्होंने जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी। (संवाद)

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज (गोंडा)।** कोतवाल नवाबगंज निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि युवती से दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोपी कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के धुसवा गांव निवासी हनुमान को मंगलवार सुबह बालापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि बीते 11 जून को थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने डाक से तहरीर भेजकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमे आरोप था कि हनुमान ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके साथी ने अश्लील वीडियो बना लिया था। जब शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इन्कार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। (संवाद)

## कोचिंग पढ़ने गई छात्रा का अपहरण, केस

**मनकापुर (गोंडा)।** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती (20) के भाई ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी बहन बीते शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे घर से मनकापुर बाजार कोचिंग में पढ़ने गई थी। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की गई। बाद में पता चला कि उनकी बहन को अपहरण कर लिया गया है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# मुकदमा वापस न लेने पर पीटा, केस

**मनकापुर(गोंडा)।** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के जिगना बाजार निवासी अंकित कसौंधन ने सोमवार को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पालपुरवा निवासी सोनू लाल शर्मा ने पांच मई को उनके परिवार वालों के मोबाइल पर कॉल की थी। उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे में सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दी। अंकित के मुताबिक सोमवार की सुबह करीबन 09 बजे वह घर से मनकापुर बाजार जा रहा था। इस बीच रास्ते में सोनू ने उसको रोक लिया और अभद्रता करते हुए मारापीटा और धमकी दी। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# अवैध शराब के साथ पांच गिरफ्तार

**वजीरगंज (गोंडा)।** आबकारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार को ग्राम गढ़ी के मजरा खटिकनवां गढ़ी में छापा मारकर रामदरश सोनकर, राजकुमार, राहुल सोनकर, बबलू सोनकर व राजकुमार सोनकर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से छह पतीला, तीन चुवानी, 40 लीटर अवैध शराब व दो किलो यूरिया बरामद हुई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम व भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया। (संवाद)

# ट्रक पलटा, सड़क पर बिखरा सामान

**करनैलगंज।** दिल्ली से माल लेकर बिहार जा रहा एक ट्रक मंगलवार को करनैलगंज-परसपुर मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक की शीशामऊ शाखा के सामने अनियंत्रित होकर पलट गया। आसपास के लोगों ने चालक व परिचालक को बाहर निकाला। ट्रक चालक संदीप और परिचालक सचिन को मामूली चोटें आई हैं। (संवाद)

# तीन लोगों पर धोखाधड़ी का केस

**नवाबगंज।** महेशपुर निवासी लुटावन ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि पट्टे में मिली जमीन की खतौनी बनते समय गलती से लुटावन पुत्र राम आसरे के स्थान पर राम आसरे पुत्र रामराज लुटावन अंकित हो गया था। आरोप है कि गांव के ही दरोगा ने उनकी जमीन को हड़पने की नीयत से अपने परिवार रजिस्टर में राम आसरे पुत्र लुटावन के साथ गोरखपुर जिले के निवासी राजकुमार व कातिल पुत्र रामआसरे का नाम भी अंकित करवा दिया। आरोपी दरोगा 10 अप्रैल 2023 को अपने कई साथियों के साथ आए और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। मना करने पर अभद्रता करते हुए लाठी डंडों से मारापीटा। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। (संवाद)

# हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एसपी से गुहार

करनैलगंज (गोंडा)। कटरा बाजार के ग्राम छतौरा निवासी सुषमा देवी ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनके देवर रोहित की पत्नी पड़ोस के गांव में रहती है। उसके दो बच्चे हैं जो उसी के साथ रह रहे हैं।

बीते एक सितंबर को रोहित अपने बच्चों से मिलने गया था। वहां दो लोगों ने मिलकर रोहित को पीटा और रात 12 बजे बाइक पर लादकर बेहोशी की हालत में घर पर छोड़कर भाग गए थे। दूसरे दिन रोहित की मौत हो गई। जिसकी तहरीर थाना कटरा बाजार में दी गई, मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सुषमा का कहना है कि रोहित की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर कई चोटें पाई गई हैं। इसके बावजूद पुलिस रिपोर्ट नहीं दर्ज कर रही है। कटरा बाजार इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक की मौत संदिग्ध हालात में हुई थी। कोई तहरीर नहीं मिली है। (संवाद)

# दुष्कर्मी को 10 साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी के मामले में दोषी को कोर्ट ने 10 साल कारावास और 22 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार इटियाथोक क्षेत्र की निवासी महिला ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि पति मुंबई में मजदूरी करता है। 21 मार्च 2018 की रात ग्राम लक्ष्मनपुर लालनगर के सहजराम घर में जबरन घुसकर दुष्कर्म किया। मोबाइल से आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और वायरल करने व बच्चों को मारने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म कर रहा। धमकी देकर उसने एक लाख 88 हजार रुपये भी ले लिए। विवेचना के दौरान अपराध के साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

ट्रायल के दौरान कोर्ट ने सहजराम को दोषसिद्ध किया। मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) सूर्यप्रकाश सिंह ने सहजराम को 10 साल के सश्रम कारावास और 22 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की आधी रकम पीड़िता को दी जाएगी।

## दुष्कर्म के दोषी को सश्रम कारावास

गोंडा। दुष्कर्म के मामले में दोषी को अदालत ने सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार करनैलगंज क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय अविवाहित युवती ने कोतवाली में केस दर्ज कराया था। इसमें कहा कि दो साल पूर्व ग्राम नकार खुशलीपुरवा के रहने वाले वीरेंद्र कुमार ने पहले उसे बहलाया-फुसलाया और अब उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। 28 मार्च 2020 को सुबह जब वह घर में अकेली थी तो वीरेंद्र कुमार ने दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। विवेचना के दौरान अपराध का पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया। ट्रायल के दौरान साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने अभियुक्त को दोषसिद्ध किया। मंगलवार को निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) सूर्यप्रकाश सिंह ने वीरेंद्र कुमार को 10 साल के सश्रम कारावास और 22 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। (संवाद)

अदालत से

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# पूर्व सपा विधायक की सवा आठ करोड़ की संपत्ति जब्त

- लखनऊ, बलरामपुर और गोण्डा में ईडी की कार्रवाई
- गैंगस्टर एक्ट, जमीन कब्जाने के मुकदमे दर्ज

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बलरामपुर जिले के उतरौला से पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी की आठ करोड़ 24 लाख की चल-अचल सम्पत्ति मंगलवार को जब्त कर ली है। ये सम्पत्तियां लखनऊ, बलरामपुर और गोण्डा में है।

बलरामपुर पुलिस ने पूर्व विधायक पर गैंगस्टर एक्ट, जमीन पर कब्जा करने, फर्जीवाड़ा, आपराधिक साजिश रचने के कई केस दर्ज किए थे। ईडी ने बलरामपुर एसपी के पत्र पर अप्रैल में आरिफ अनवर पर मनी लॉड्रिंग का केस दर्ज किया था। सादुल्लाहनगर थाने के अहिरौली गांव के आरिफ पर 32 केस दर्ज हैं। वह 2007 से 2012 तक सादुल्लाहनगर से सपा विधायक रहे थे। ईडी ने कार्रवाई के तहत अनवर और उनकी पत्नी के नाम फ्लैट, भूमि समेत 21 अचल सम्पत्तियां जब्त की हैं।

# नाबालिग को भगाने में सश्रम कारावास

बलरामपुर, संवाददाता। नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में आरोपी को विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीप नरायन तिवारी ने सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 13 हजार रुपए अर्थदंड भी अदा करना होगा।

शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि थाना पचपेड़वा क्षेत्र निवासी रामदास गुप्ता ने 21 जून 2016 को प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि उनकी नाबालिग पुत्री को गांव के ही बड़कन उर्फ इरफान 19 जून को बहला फुसलाकर भाग ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस ने 17 मार्च 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया, जिस पर सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश की। न्यायाधीश ने मामले में बड़कन उर्फ इरफान को दोषी मानते हुए सात साल सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# पूर्व सपा विधायक आरिफ की 8.24 करोड़ की संपत्ति जब्त

## बलरामपुर, लखनऊ और गोंडा की 21 संपत्तियां ईडी ने कीं अटैच

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। बलरामपुर के उतरौला से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी की 8.24 करोड़ रुपये की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को जब्त कर लिया। लखनऊ, बलरामपुर और गोंडा में जब्त की गईं 21 संपत्तियां आरिफ और उनकी पत्नी रोजी सलमा के नाम पर दर्ज हैं।

आरिफ के खिलाफ बलरामपुर में गैंगस्टर एक्ट समेत तमाम मुकदमे दर्ज हैं। बीते अप्रैल माह में बलरामपुर पुलिस ने आरिफ पर दर्ज मुकदमों की जानकारी ईडी के साथ



साझा करते हुए मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करने का अनुरोध किया था। इसके बाद ईडी ने आरिफ और उनके कुनबे के कई सदस्यों के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

जांच में सामने आया कि आरिफ अनवर हाशमी वर्ष 1984 से अवैध अतिक्रमण और जमीन हड़पने के अपराधों में शामिल है। उन्होंने बेशकीमती संपत्तियों पर कब्जा करने के बाद उससे संबंधित सरकारी दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की। कब्जा की गईं संपत्तियों पर व्यवसाय, कॉलेज का संचालन आदि के जरिए अवैध कमाई अर्जित करने के आरोप भी सही मिले।

आरिफ और उनकी पत्नी की आय के सभी वैध स्रोतों के मुकाबले कई गुना अधिक कीमत की चल-अचल संपत्तियां अर्जित करने का भी पता चला। इससे साफ हुआ कि ये संपत्ति अपराध के जरिए अर्जित काली कमाई से जुटाई गई है। इसके बाद ईडी ने संपत्तियों को जब्त कर लिया है। ईडी आरिफ हाशमी, उनके भाइयों और अन्य सहयोगियों के खिलाफ आगे जांच कर रही है।

# 15 वर्ष पुराने सरकारी वाहनों के नंबर होंगे सरेंडर

बलरामपुर :विभिन्न विभागों के 40 सरकारी वाहनों को कबाड़ घोषित किया जाएगा। 15 वर्ष पुराने सरकारी वाहनों के नंबर सरेंडर कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश यादव ने बताया कि स्क्रैप पालिसी योजना के तहत पुराने वाहनों को कबाड़ घोषित किया जाएगा। इनके मूल्यांकन व नीलामी की प्रक्रिया तय कर दी गई है। निजी वाहनों को 15 वर्ष के बाद फिटनेस टेस्ट से पास करने के बाद ही पंजीकरण पांच साल के लिए नवीनीकरण किया जाएगा। (जासं)

# पास्को और दुष्कर्म के दोषी को सात वर्ष का कारावास

संसू, जागरण • बलरामपुर: विशेष सत्र न्यायाधीश देवनारायण तिवारी ने पास्को व दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है।

शासकीय अधिवक्ता पवन शुक्ल ने बताया कि 21 जून 2016 को थाना पचपेड़वा में प्राथमिकी दर्ज कराई कि क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को बड़कन बहला फुसलाकर भगा ले गए और दुष्कर्म भी किया। अभियोजन की ओर से पीड़िता सहित गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि घटना झूठी है। लड़की बालिग है। गवाहों के बयान में विरोधाभास है।

न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तरक सुनने के बाद अभियुक्त को सात साल कारावास की सजा सुनाते हुए। 13 हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि में से दस हजार रुपये पीड़िता को देने का निर्देश दिया।

# पूर्व सपा विधायक की 8.24 करोड़ की संपत्ति कुर्क

जासं● बलरामपुर: पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी की मुश्किलें बढ़ती जा रहीं हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व सपा विधायक व उनकी पत्नी रोजी सलमा के नाम दर्ज 8.24 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी है। इसकी पुष्टि ईडी ने अपने एक्स हैंडल पर किए पोस्ट में की है। एक्स हैंडल पोस्ट के अनुसार पूर्व सपा विधायक की लखनऊ, गोंडा व बलरामपुर में 21 आवासीय, कृषि व व्यावसायिक संपत्ति कुर्क की गई है। इन संपत्ति की अनुमानित कीमत आठ करोड़ 24 लाख है।

# टैक्सी व ई-रिक्शा चालकों का रहेगा विवरण, 84 सीसी कैमरे रखेंगे नजर

**03** अक्टूबर से शुरू होगा शारदीय नवरात्र, 400 पुलिस जवान संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था की कमान

संसू, जागरण ● तुलसीपुर (बलरामपुर): शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र मेला शुरू हो रहा है। नौ दिन मंदिर पर दर्शन-पूजन के लिए भक्त जुटते हैं। नवरात्र से मार्गों के गड्ढे भरने समेत बिजली और पेयजल की समस्या दूर करने को लेकर प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

नवरात्र मेला को लेकर देवीपाटन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और दर्शनार्थियों की सुविधा को लेकर की गई तैयारी की शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर सभागार में मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील व पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने समीक्षा की।

पिछली बैठक में तुलसीपुर-गौरा चौराहा मार्ग पर गौरा से उतरौला तक की सड़क को गड्ढामुक्त करने का निर्देश जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने दिया था। जिस पर अभी तक काम नहीं शुरू किया गया है।



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर सभागार में बैठक में मौजूद मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील, महंत मिथिलेश नाथ योगी व पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन अमरेंद्र प्रसाद सिंह ( मध्य में बाएं से दाएं) ● जागरण

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बुधवार से काम शुरू करने की बात कही।

मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि तुलसीपुर क्षेत्र में जितने भी टैक्सी और ई-रिक्शा चल रहे हैं, उन सभी का नाम, पता व मोबाइल नंबर थाने में एक रजिस्टर में अंकित किया जाए, ताकि कोई भी घटना होने पर उन्हें ट्रैक किया जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआइजी ने कहा कि पुलिस श्रद्धालुओं के साथ मित्रवत व्यवहार अपनाएं। किसी भी प्रकार से श्रद्धालुओं के साथ पुलिस प्रताड़ना सामने न आए। कहा कि मुंडन स्थल पर चेन स्नेचिंग की सबसे ज्यादा घटना होने की संभावना रहती है।

वहां पर अतिरिक्त महिला पुलिस की तैनाती की जाए। समूचे मेले क्षेत्र में 84 सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति रहेगी। सभी पेट्रोल पंप भी 24 घंटे खुले रहेंगे। मेले में 400 पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। इसमें 50 महिला तथा 50 पुरुष इंस्पेक्टर शामिल होंगे। एक जोड़ी अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाएगी। 58 अतिरिक्त रोडवेज बस का संचालन होगा। 200 से अधिक सफाईकर्मी मेले की सफाई व्यवस्था देखेंगे। मोबाइल टायलेट की व्यवस्था जगह-जगह की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता महंत मिथिलेश नाथ योगी ने की। बैठक में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

# हाशमी की कुर्क हो चुकी है 115 करोड़ की संपत्ति

## सादुल्लाहनगर व उतरौला से सपा के पूर्व विधायक पर अब ईडी ने कसा शिकंजा

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। सादुल्लाहनगर व उतरौला से सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी पर ईडी का शिकंजा कस गया है। मंगलवार को हुई ईडी की कार्रवाई से पहले ही प्रशासन पूर्व विधायक की 115 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर चुका है।



आरिफ फाइल फोटो

अहिरौली निवासी आरिफ अनवर हाशमी जिले के माफिया की सूची में शामिल है। सादुल्लाहनगर थाने में उसकी हिस्ट्रीशीट भी है। वर्ष 2018 में उतरौला तहसील के तत्कालीन एसडीएम जेबी सिंह ने रेहरा थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और हेराफेरी कर सरकारी जमीन पर कब्जा करने के आरोप में एक मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी को पांच सितंबर 2020 को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

आरिफ के खिलाफ 14 अक्तूबर 2019 को गोंडा की खोड़ारे थाने में भी सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीन कब्जाने का केस दर्ज हुआ था। रेहरा व सादुल्लाहनगर थाने में सरकारी और निजी जमीनों पर कब्जा करने के छह से अधिक मामले दर्ज हैं। तत्कालीन एसपी देवरंजन वर्मा ने आरिफ अनवर हाशमी व उसके भाइयों की हिस्ट्रीशीट खोली थी। इसके बाद कई मामलों में प्रशासन ने अलग से कार्रवाई करके 115 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली थी।

एसओ सादुल्लाहनगर मनोज कुमार ने बताया कि थाने की जमीन कब्जा करने के मामले में पूर्व विधायक पर दर्ज केस में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जा चुकी है।

### पुलिस ने ईडी जांच के लिए भेजी थी रिपोर्ट

तत्कालीन एसपी केशव कुमार ने पूर्व विधायक की संपत्तियों की जांच ईडी से कराने के लिए रिपोर्ट भेजी थी। इसके बाद ईडी ने आरिफ, उसके परिजनों और करीबियों के खिलाफ जुलाई में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। आठ अगस्त को आरिफ की पत्नी और परिजनों से पूछताछ हुई थी। फिर आरिफ को लखनऊ तलब किया गया था। यही नहीं, ईडी की टीम ने उतरौला आकर रजिस्ट्री दफ्तर से अभिलेख भी खंगाले थे।

# ठगी करने वालों से रहें सावधान

**बलरामपुर।** लकी ड्रा के नाम पर ठगी करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी गई। एसपी विकास कुमार के निर्देश पर छात्राओं, बेटियों व महिलाओं को जागरूक करने के उद्‌देश्य से मंगलवार को अभियान चलाया गया। एंटी रोमियो टीम, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल की संयुक्त टीम ने सर्व यूपी ग्रामीण बैंक भगवतीगंज में महिला खाताधारकों को ठगी से बचाव के बारे में जानकारी दी। बताया कि साइबर अपराधों से सावधान रहें। मोबाइल पर आने वाली ओटीपी किसी से साझा न करें। लकी ड्रॉ व फ्रॉड कॉल से सावधान रहें। स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल व बैंकिंग फ्रॉड के बारे में भी उन्हें जानकारी दी। (संवाद)

# घायल को पहुंचाया अस्पताल

**बलरामपुर।** डायल 112 की मदद से घायल को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया गया, इससे उसे समय रहते इलाज मिल सका। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि 23 सितंबर शाम 6.53 बजे श्रीदत्तगंज थाना के कांधभारी चौराहा के पास से एक व्यक्ति ने डायल 112 पर फोन किया कि सड़क पर खड़े जानवर से बाइक सवार की भिड़ंत हो गई है, इसमें व्यक्ति घायल हो गया है। तत्काल एंबुलेंस व पुलिस सहायता चाहिए। पीआरवी 5452 को सूचना मिलते ही कमांडर मुकेश पटेल, सब कमांडर रीता राणा, पूज देवी व चालक गुरुचरण प्रजापति तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को सीएचसी उतरौला में भर्ती कराया। (संवाद)

# गैंगस्टर एक्ट का वारंटी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** देहात कोतवाली की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वारंटी को गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी बृज नंदन राय ने मंगलवार को बताया कि हसुवाडोल निवासी विजरी उर्फ विजय कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# आरोपी को भेजा न्यायालय

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम के आरोपी को ललिया थाना का पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि ग्राम पकरैला के मजरा मध्यनगर निवासी कपिल के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया था, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की है। (संवाद)

# मारपीट के आरोप में तीन के खिलाफ मुकदमा

**बलरामपुर।** देहात थाना क्षेत्र के भकचहिया बेलहा गांव में बीते दिनों हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम भकचहिया बेलहा निवासी दुर्गेश प्रजापति की तहरीर पर गांव के मोहम्मद अबू वैदा समेत तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। (संवाद)

# घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी

**बलरामपुर।** कोतवाली नगर क्षेत्र के धर्मपुर विशुनीपुर निवासी अमरजीत ने पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया कि 22 सितंबर की भोर में उसके घर के सामने खड़ा ई-रिक्शा चोरों ने पार कर दिया। काफी तलाश के बाद भी कोई पता नहीं चला। अमरजीत की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि ई रिक्शा की तलाश कराई जा रही है। (संवाद)

# मारपीट के मामले में दो पर केस

**बलरामपुर।** कोतवाली नगर क्षेत्र के भगवतीगंज में बीते दिनों हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि काली माई मंदिर भगवतीगंज निवासी रोहित शर्मा की तहरीर पर पवन समेत दो के खिलाफ मारपीट के आरोप में मुकदमा लिखा गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# दो पर केस दर्ज

**बलरामपुर।** प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि एक पंचायत कर्मी ने प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें खुली बैठक के दौरान उसके व पिता के साथ अभद्रता का आरोप लगाया गया था। इस मामले में रोजगार सेवक व उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# थाने के सामने ई-रिक्शा की अवैध पार्किंग

रुपईडीहा, संवाददाता। सीमा से लगे रुपईडीहा थाने के सामने ही अवैध ई-रिक्शा की पार्किंग हो रही है। इससे हर समय जाम की गंभीर स्थिति बनी रहती है। वाहन तो दूर पैदल चलना भी लोगों के लिए दूभर हो रहा है। शिकायतों के बावजूद पुलिस की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

भारत-नेपाल बॉर्डर से रुपईडीहा कस्बा लगा हुआ है। दोनों देशों के लोगों का हर समय आवागमन बना रहता है। बॉर्डर पर अवैध ई-रिक्शा स्टैंड की वजह से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। यह रिक्शा ठीक थाने के सामने ही लगे रहते हैं। राहगीरों को वाहन लेकर निकल पाना तो दूर पैदल गुजरने पर ही पसीना छूट जाता है। कभी- कभी तो जाम की स्थिति इतना गंभीर हो जाती है कि आधे घंटे तक बॉर्डर तक लोग फंसे रहते हैं। समस्या को देखते हुए आईसीपी निर्माण के बाद भारी वाहनों का प्रवेश इस रास्ते से बंदकर दिया गया है। बावजूद पुलिस की कार्यशैली की वजह से जाम से निजात नहीं मिल पा रही है।



रुपईडीहा थाने के सामने खड़े ई रिक्शा।

> ई-रिक्शा के बेतरतीब खड़े रहने से जाम की समस्या पैदा हो रही है। इस समस्या से निजात को लेकर जल्द ही अभियान शुरू करेंगे। -**शमशेर बहादुर सिंह**, एसएचओ, रुपईडीहा

# पांच किलोग्राम चरस बरामद, महिला तस्कर गिरफ्तार

संसू, जागरण● रुपईडीहा(बहराइच) : सीमा पर तैनात एसएसबी व रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने नेपाली महिला तस्कर को गिरफ्तार कर पांच किलोग्राम चरस भी बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

थानाध्यक्ष शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि एसएसबी की 42वी वाहिनी के रुपईडीहा बीओपी पर इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार सिंह के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। बुजुर्ग महिला आती दिखाई दी। महिला आरक्षियों की मदद से उसे रोककर उसकी तलाशी ली गई। उसके कमर में बंधी हुई पांच किलोग्राम चरस बरामद की गई। आरोपित की पहचान रेखा बूढ़ा निवासिनी ग्रामसभा काक्री जिला रुकुम के रूप में की गई।

# चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

रुपईडीहा। सोमवार की शाम 6:15 बजे नेपाली महिला रेखा बूढ़ा पुत्री दिल बहादुर बूढ़ा निवासिनी गांव सभा काक्री जिला रुकुम की एसएसबी व पुलिस की टीम ने तलाशी ली। उसकी कमर में बंधी पांच किलो चरस बरामद हुई। जिसकी कीमत 1 करोड़ 50 लाख रुपये आंकी गई है।

एसएसबी की 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि रुपईडीहा बीओपी पर इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार सिंह, एएसआई सदानन्द कालीता महिला कांस्टेबल सुप्रिया भारती, सुप्रिया जायसवाल, पूजा सिंह व आंचल रागी डॉग हैंडलर तथा थाने के दरोगा जितेश कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी मुलायम यादव व धीरेंद्र प्रताप सिंह व महिला कांस्टेबल प्रिया पांडेय ने तलाशी के दौरान महिला के पास से पांच किलो चरस बरामद की। थाने में केस दर्ज कर महिला को कोर्ट भेज दिया गया है।

# दस दिन राहत भरे, थमे भेड़िये के हमले

## चौकन्ना वन विभाग, वन्यजीव की खामोशी से पटरी पर लौट रहा जनजीवन

संसू, जागरण● महसी(बहराइच) : घाघरा के कछार में आतंक का पर्याय बने भेड़िये की खामोशी से लोगों को राहत मिली है। बीते 10 दिनों से कोई हमला सामने नहीं आया है। बावजूद इसके वन विभाग पूरी मुस्तैदी दिखा रहा है। अधिकारी रात्रि गश्त कर गांव की निगरानी में जुटे हुए हैं। अब तक पांच भेड़िये पकड़े जा चुके हैं। आखिरी बचे भेड़िये की लोकेशन नहीं मिल रही है।

10 दिन पूर्व हरदी थाना के सिसैया में आखिरी बार भेड़िये की लोकेशन मिली थी। जब वह गांव के रामकिशन की बकरी उठाकर गन्ने में छिप गया था। घेराबंदी के बाद वह भाग निकला। इसके बाद उसका कोई अता-पता नहीं चल रहा है। प्रभावित गांवों में लगातार ड्रोन से निगरानी चल रही है, लेकिन कोई लोकेशन नहीं मिल रही है।

मंगलवार को क्षेत्र के बहदुरिया, सिसैया, गंगापुरवा, पचदेवरी, नथुवापुर, हरिबख्शपुरवा, मैकूपुरवा समेत आसपास के गांवों में थर्मल ड्रोन से सर्च आपरेशन चलाया गया,




महसी के गंगापुरवा में ड्रोन से भेड़िए की लोकेशन की जानकारी लेते वनकर्मी व महसी के नकवा में रात के समय कर्मियों के साथ निगरानी करते बीडीओ हेमंत कुमार यादव ● जागरण

लेकिन भेड़िये का कोई सुराग नहीं लग सका है। फिलहाल हमले थमने से ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है। लोगों में भय कम हो रहा है। खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि लगातार निगरानी की जा रही है। रात्रि गश्त में कोई कटौती नहीं की जाएगी।

> प्रभावित क्षेत्र को तीन सेक्टर में बांटा गया है। सेक्टर प्रभारी लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वन्यजीवों से सुरक्षा को लेकर गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। लोकेशन मिलते ही छठवें भेड़िये को पकड़ लिया जाएगा। सोमवार की रात भेड़िये का हमला सामने नहीं आया है।
>
> – अजीत प्रताप सिंह, डीएफओ बहराइच

**सीसी कैमरे में चहलकदमी करते कैद वन्यजीव की तस्वीर** : नानपारा : वन रेंज नानपारा के रामपुर बरई में वन्यजीव की चहलकदमी सीसी कैमरे में कैद हो गई। मंगलवार भोर ठाकुर प्रसाद के घर के बाहर बंधी गाय की पीठ पर वन्यजीव ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर वह भाग गया। ग्रामीणों ने बताया कि विक्रम वर्मा के घर पर लगे सीसी कैमरे में वन्यजीव टहलते दिखा। रेंजर हरिओम श्रीवास्तव टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। रेंजर ने बताया कि मौके पर हल्के पदचिह्न मिले हैं और वीडियो में भी साफ नहीं है। सुरक्षा के मद्देनजर गांव में गश्ती के लिए टीम लगाई गई है। ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

# डेढ़ करोड़ की चरस के साथ पकड़ी गई नेपाली महिला तस्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

रुपईडीहा (बहराइच)। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। नेपाल से बड़े स्तर पर मादक पदार्थों को भारत पहुंचाया जा रहा है। सोमवार की शाम नेपाली महिला रेखा बूढ़ा (35) को एसएसबी व पुलिस के संयुक्त गस्ती दल ने गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी के दौरान कमर में बंधी पांच किलो चरस बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड़ बताई जा रही है।



पुलिस द्वारा पकड़ी गई नेपाली महिला। स्रोत एसएसबी

एसएसबी 42 वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि सोमवार की शाम मिली सूचना के आधार पर एसएसबी व पुलिस का संयुक्त गस्ती दल जांच कर रहा था।

इस दौरान रुपईडीहा बीओपी के पिलर संख्या 651/7 के पास नेपालगंज की ओर से एक संदिग्ध महिला आती दिखी। उसका बैग देख डॉग स्क्वॉड के खोजी कुत्ते भौंकने लगे, इसके बाद जब बैग चेक किया तो उसके पास से कमर में बंधा पांच किलो नेपाली चरस बरामद हुआ। एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा है। महिला की पहचान नेपाल के रुकुम निवासी रेखा बूढ़ा (35) के रूप में हुई है। महिला पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक बरामद मादक पदार्थ नेपाल से तस्करी कर हिमाचल प्रदेश) ले जाया जा रहा था।

**पिछले दो सप्ताह में पकड़ी गई महिला तस्कर**

- 18 सितंबर को 1200 ग्राम चरस के साथ नेपाली महिला पकड़ी गई थी।
- 17 सितंबर को एक किलो चरस के साथ नेपाली महिला पकड़ी गई थी।
- 15 सितंबर को पांच सौ ग्राम चरस के साथ नेपाली महिला पकड़ी गई।
- 12 सितंबर को दो किलो दो सौ ग्राम चरस व 11 सितंबर को नेपाली दंपती 160 ग्राम अफीम के साथ पकड़ी गई।

# छात्रा प्रियंका ने संभाली थानाध्यक्ष की कुर्सी, सुनीं फरियादें

संसू, जागरण • गंभीरवाबाजार (वहराइच) : रामगांव थाने का नजारा मंगलवार को बदला-बदला रहा। यहां महिला सशक्तिकरण की साफ झलक दिखी। रोज की तरह कुर्सी पर बैठकर फरियाद सुनने वाला अधिकारी नहीं, बल्कि छात्रा प्रियंका सिंह थीं। अपने अंदाज में छात्रा ने यहां आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनी। पुलिस कर्मियों को शिकायत पत्रों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

महिलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर आदर्श विद्यालय रामगांव की 11वीं की छात्रा प्रियंका सिंह को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। थानेदार



रामगांव में थानाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठकर समस्या सुनती छात्रा प्रियंका सिंह • जागरण

बनी प्रियंका ने कहा कि पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली को समझना एक अनोखा अनुभव है। थानाध्यक्ष आलोक सिंह, उपनिरीक्षक पुनीत सिंह, महिला आरक्षी पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

# सात वांछित पकड़े

बहराइच। मोतीपुर थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित मंझाव कालोनी निवासी शिवबचन, रामसुधर, गुजरहना निवासी चांदू, विशेश्वरगंज पुलिस ने अमकोलवा निवासी कमलेश, माफीदार पुरवा मौजा खरगौरा जनूब निवासी अच्छनी, हुजूरपुर पुलिस ने वांछित ननकू, सत्य नारायन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। (संवाद)

याद)

# दुष्कर्मी की जमानत याचिका खारिज

बहराइच। थाना मोतीपुर की पुलिस ने थाना क्षेत्र निवासी अरशद के खिलाफ जनवरी 2014 में नाबालिग बेटी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। अभियुक्त मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। अभी हाल ही में थाने की पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मंगलवार को अभियुक्त के अधिवक्ता की ओर से विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट पर जमानत याचिका प्रस्तुत की गई थी। जमानत याचिका पर अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक की ओर से कोर्ट पर विरोध जताया गया था। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। (संवाद)

दिया। (संवाद)

# कच्ची शराब सहित दो गिरफ्तार

बहराइच। सुजौली थाना पुलिस ने बद्री पुरवा मोड़ से धनिया बेली जंगल गुलरिहा निवासी संजय कुमार और मातदीन को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि अन्य लोगों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्त में

बहराइच। हुजूरपुर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित बाराबंकी जनपद के रामसनेहीघाट थोरथिया निवासी अभिषेक कुमार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के शाहपुर से पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि पिछले काफी दिनों से आरोपी की तलाश थी। (संवाद)

# दंपती पर धारदार हथियार से किया हमला, घायल

बहराइच। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के जंगलपुरवा मटिहा निवासी अरविंद जायसवाल, पत्नी माधुरी मंगलवार को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज पहुंचे। आरोप लगाते हुए बताया कि घर के बाहर गंदगी को लेकर हुए विवाद में गांव निवासी दो लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। वहीं बेटे को भी चोटें आई है। पुलिस को तहरीर देने की बात बताई है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-09-2024

# डूब रही दो किशोरियों को बचाया, बालक की तलाश



मौके पर मौजूद गोताखोर व पुलिस तथा ग्रामीण।

**इकौना।** नाले में डूब रही दो किशोरियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। जबकि एक किशोर पानी में डूबकर लापता हो गया।

नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के फत्तूपुर तनाजा निवासी अनीता यादव (14) पुत्री जिला जीत यादव, उसका भाई अंकित यादव (9) व राजरानी (11) पुत्री चेतराम सोमवार शाम को मवेशी चराकर घर लौट रहे थे। इस दौरान तीनों गांव से कुछ दूर स्थित खुरपिहवा नाले में नहाने के लिए उतर गए। नाले में पानी अधिक होने के कारण तीनों डूबने लगे। जिन्हें डूबता देख पास में मौजूद कुछ युवकों ने नाले में छलांग लगा दी और अनीता तथा राजरानी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लेकिन अंकित नाले में डूबकर लापता हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इस पर नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती के थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों से तलाश कराई लेकिन अंकित का सुराग नहीं लगा। इस पर तलाश के लिए एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया। मंगलवार पूरे दिन एनडीआरएफ की टीम मोटर बोट से नाले में तलाश करती रही। लेकिन खबर लिखे जाने तक अंकित का पता नहीं चला था।

# बोलेरो से टकराकर बाइक सवार घायल

श्रावस्ती। सिरसिया थाना क्षेत्र के चिल्हरिया गांव निवासी ओम प्रकाश गिरि (35) पुत्र मुंशी गिरि सोमवार देर शाम को बाइक से सिरसिया से वापस घर आ रहे थे। इस दौरान चिल्हरिया मोड़ से आगे भिनगा रोड पर सामने से आ रही बोलेरो से टक्कर हो गई। जिसमें ओम प्रकाश घायल हो गया। वहीं चालक बोलेरों लेकर मौके से फरार हो गया।

# गुटखा खाने से बेहोश हुआ युवक

इकौना। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहनीपुर के मजरा जमुनहा निवासी धर्मेन्द्र कुमार यादव (18) पुत्र अयोध्या प्रसाद यादव मंगलवार को मवेशियों के लिए खेत से चारा काटने गया था। इस दौरान उसने आशिकी नामक गुटखा तम्बाकू के साथ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर गया। आनन फानन में परिजनों ने सीएचसी इकौना पहुंचाया।

# एसपी ने की लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा

श्रावस्ती। एसपी घनश्याम चौरसिया ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में छह माहीने से लम्बित विवेचनाओ की समीक्षा की। इस दौरान लम्बित विवेचनाओं का फीडबैक लिया तथा लम्बित होने के कारणों को भी जाना। उन्होंने सभी अभियोगो का शीघ्र साक्ष्य संकलन कर निस्तारण के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# झड़प के तीसरे दिन खुल गईं दुकानें

फॉलोअप

**हरिहरपुररानी, संवाददाता।** भंगहा बाजार में दो समुदायों में हुई झड़प के बाद तीसरे दिन बाजार में चहल पहल लौटने लगी। बाजार में दुकानें खुलनें लगीं। मंगलवार को अधिकांश दुकानें खुलीं और आवागमन सामान्य हो गया। सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती रही।

कोतवाली क्षेत्र भिनगा के भंगहा बाजार में शनिवार देर रात को धामिक झंडा लगाने को लेकर विवाद हो गया था। नवरात्र को लेकर एक समुदाय के कुछ बच्चे धार्मिक झंडा लगा रहे थे। इस दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने विरोध करते हुए विवाद शुरू कर दिया। जिसमें मारपीट होने लगी तो दूसरे समुदाय के लोगों ने घर व छतों से पथराव कर दिया। जिसमें एक पक्ष से शकुंतला व प्रीतम तथा दूसरे पक्ष से इमरान समेत तीन लोग घायल हो गए। दो समुदाय से जुड़े इस मामले की गंभीरता को देखते हुए रात में ही भारी संख्या में पुलिस व पीएससी को तैनात कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मौके से 23 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार सुबह पूरा बाजार पुलिस छावनी में तब्दील रहा। मंगलवार को भंगहा बाजार में दुकानें खुल गईं। ठेले पर सामान बेचते लोग देखते गए। पुलिस कर्मी निगरानी करते रहे। बाजार में आवागमन सामान्य हो गया। कुछ घरों में ताले पड़े रहे और कुछ घरों के लोग लौट कर घर आने लगे। पुलिस कर्मी आरोपियों की खोज में लगी रही।



भंगहा बाजार में मंगलवार को खुली दुकानें।

# पंपिंग सेट चोरों को देना होगा जुर्माना

अदालत से

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने 22 वर्ष पूर्व पुरैनिया निवासी विद्यासागर, जीवन कुम्हार व भुसौली यादव को पंपिंग सेट चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। जिस पर मंगलवार दोष सिद्ध करते हुए सिविल जज प्रवर खंड गौरव द्विवेदी ने जेल में बिताई अवधि की कैद व प्रत्येक को डेढ़-डेढ़ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। (संवाद)

# इलाज कराने आए वृद्ध की मौत

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लखहिया निवासी रामरूप (65) सोमवार को जिला अस्पताल भिनगा इलाज कराने आया था। जहां अस्पताल गेट पर टैंपो से उतरते समय वह गिरकर घायल हो गया था। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम इलाज के बाद वह घर चले गए। मंगलवार को परिजन उसे इलाज के लिए दोबारा जिला अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। (संवाद)

# किशोरी को भगाने वाला गिरफ्तार

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के इकौना बाईपास निवासी शमशाद पुत्र आबिद अली एक गांव निवासी एक किशोरी को भगा ले गया था। मंगलवार को इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार दुबे टीम के साथ आरोपी शमशाद को इकौना बाईपास कस्बा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक दीपक सिंह आदि थे।

# दोषियों को मिली सजा

श्रावस्ती : अभियोजन अधिकारी अतुल कुमार द्विवेदी ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव द्विवेदी ने पुरैनी निवासी विद्यासागर, जीवन व भुसौली यादव को खेत से इंजन चोरी करने के आरोप में दंडित किया है। साथ ही 1500-1500 रुपये का अर्थदंड लगाया है। (संसू)

# खेतों में फसल अवशेष जलाने से रोकने को टीम गठित

श्रावस्ती। फसल की मड़ाई कराने के बाद लोग खेतों में पराली व अन्य फसल के अवशेष जला देते हैं। इससे प्रर्यावरण प्रदूषण बढ़ा है जो गई बीमारियों का कारण बनता है। अवशेष जलाने से रोकने को टीम का गठन किया गया है।

पराली जलाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम किए जनपद स्तर पर अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अनुश्रवण सेल का गठन किया गया है। इसके साथ ही तहसील स्तरीय, विकास खण्ड स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर सेल व उड़न दस्ता टीम का गठन किया गया है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि तहसील स्तर पर गठित टीम में एसडीएम को अध्यक्ष नामित किया गया है तथा ब्लाक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सचल दस्ता टीम में तहसील स्तर पर नामित नोडल अधिकारी तहसीलदार, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी व संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष होंगे। वहीं विकास खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कानूनगो व सहायक विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने तहसील स्तर पर गठित सचल दस्तो को निर्देशित किया है कि किसी भी स्थिति में धान की पराली व अन्य कृषि अपशिष्ट न जलाएं जायं।

# राप्ती में नहाने गया भाई डूबा बहन को ग्रामीणों ने बचाया

संवाद न्यूज एजेंसी

## नदी पार फत्तूपुर तनाजा गांव में देर शाम की घटना, बुलाई गई एनडीआरएफ टीम

**इकौना (श्रावस्ती)।** डिंगुराजोत के मजरा फत्तूपुर तनाजा निवासी भाई-बहन गांव के बच्चों के साथ सोमवार देर शाम गांव के निकट पुरानी राप्ती नदी में नहाने गए थे। तेज बहाव होने से भाई-बहन पानी में डूबने लगे। बच्चों के शोर पर ग्रामीणों संग पहुंचे परिजनों ने बालिका को डूबने से बचा लिया, जबकि उसका भाई गहरे पानी में चला गया। परिजन पूरी रात बालक की नदी में तलाश कराते रहे। पता न चलने पर मंगलवार को एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई है।

क्यूआर कोड स्कैन कर देखें वीडियो।

सोमवार देर शाम फत्तूपुर तनाजा निवासी जिलाजीत यादव का बेटा अंकित यादव (9) अपनी बहन अनीता यादव (8) सहित गांव के कुछ बच्चों के साथ पुरानी राप्ती नदी में नहाने गया था। जहां पानी अधिक होने के कारण अंकित व अनीता पानी में डूबने लगे। साथ में मौजूद बच्चों के शोर पर ग्रामीणों संग पहुंचे परिवार के लोगों ने अनीता को डूबने से बचा लिया, जबकि अंकित गहरे पानी में डूब गया। परिजन के साथ ग्रामीण पूरी रात अंकित को नदी में तलाशते रहे, लेकिन अंकित का पता नहीं चल सका है। इस बारे में कटरा थाना प्रभारी गणनायक प्रसाद ने बताया कि अंकित की तलाश के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। बालक की तलाश कराई जा रही है।

## नदी में डूबकर महिला की मौत

**तेजवापुर(बहराइच)।** कोतवाली देहात के बेड़नापुर चौकी क्षेत्र निवासी फूलमती (58) की मंगलवार सुबह सरयू नदी में डूब कर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पति बेड़नापुर निवासी बाबूराम ने बताया कि मृतका फूलमती मानसिक रूप से कमजोर थी। सोमवार की रात वह घर पर थी और देर रात कहीं चली गई थी। इसके बाद उनकी तलाश की जा रही थी। इस दौरान सुबह डूबने की सूचना मिली। बेडनापुर चौकी प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि सुबह निकले ग्रामीणों ने सरयू नदी में शव दिखने की सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया गया और पहचान करवाई गई। पहचान होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है। साथ ही जांच की जा रही है। (संवाद)

# भंगहा बाजार में दुकानें खुलीं, कम पहुंच रहे ग्राहक

संवाद न्यूज एजेंसी

## दो समुदायों में विवाद के तीन दिन बाद भी बाजार में सन्नाटा

**श्रावस्ती।** धार्मिक झंडा लगाने को लेकर शनिवार रात भंगहा बाजार में दो समुदाय आमने सामने आ गए थे। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। जहां मंगलवार तीसरे दिन भी बाजार में सन्नाटा दिखा। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस तैनात रही।

भंगहा बाजार में रविवार रात घटी घटना को सांप्रदायिक रंग देने के प्रयास को अधिकारियों ने विफल कर दिया। मामले में पुलिस ने नामजद 44 आरोपियों में से 23 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापा जारी है। वहीं शेष लोग घर छोड़कर फरार है। मंगलवार को तीसरे दिन भंगहा बाजार में ज्यादातर दुकानें तो खुलीं, लेकिन ग्राहक कम ही पहुंचे। इससे बाजार में सन्नाटा दिखा। वहीं सुरक्षा को लेकर तीसरे दिन भी पुलिस तैनात रही।



भंगहा बाजार स्थित मुख्य मार्ग पर पसरा सन्नाटा। -संवाद

वहीं मामले में एसपी घनश्याम चौरसिया ने भंगहा चौकी प्रभारी संदीप कुमार को हटा दिया है। उनके स्थान पर सिरसिया के धर्मतापुर चौकी प्रभारी रहे गुरुसेन सिंह को भंगहा चौकी प्रभारी बनाया गया है।

जबकि भंगहा चौकी प्रभारी को पुलिस लाइन भेजा गया है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक भिनगा भानु प्रताप सिंह का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। फिलहाल भंगहा में स्थिति अब पूरी तरह से सामान्य हो चुकी है।

# पराली और फसल अवशेषों जलाने से रोकने के लिए टीमों का गठन

**श्रावस्ती।** खेतों में पराली जलाने से हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के लिए मंगलवार एडीएम की अध्यक्षता में जिला, तहसील व ब्लॉक स्तरीय टीम का गठन किया गया। साथ ही आदेश के अनुपालन के लिए जिला, तहसील, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर सेल व उड़नदस्ते का गठन किया गया है।

यह जानकारी देते हुए एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि तहसील स्तर पर गठित सेल में एसडीएम अध्यक्ष नामित किए गए हैं। जबकि ब्लॉक स्तर पर बीडीओ नोडल अधिकारी होंगे। सचल दस्ता टीम में तहसील स्तर पर तहसीलदार, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, संबंधित थानाध्यक्ष नोडल होंगे। ब्लॉक स्तर पर नायब तहसीलदार, कानूनगो व सहायक विकास अधिकारी नोडल होंगे।

पराली, कृषि अपशिष्ट जलाए जाने की घटना मिलने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। धान की कटाई से लेकर रबी में गेहूं की बुआई तक निगरानी व अनुश्रवण कर प्रत्येक कार्य दिवस की सूचना निर्धारित प्रारूप पर देना होगा। सचल दस्तों को सूचित न करने पर संबंधित लेखपाल जिम्मेदार होंगे। साथ ही किसानों को इसके दुष्परिणामों की जानकारी भी दी जाएगी। (संवाद)

# विवेचकों की हुई बैठक

श्रावस्ती। पुलिस कार्यालय में मंगलवार एसपी ने विवेचकों के साथ बैठक की। इस दौरान एसपी घनश्याम चौरसिया ने छह माह से अधिक लंबित विवेचनाओं की समीक्षा किया। साथ ही उन्होंने लंबित विवेचनाओं का फीडबैक लेते हुए उसका कारण भी जाना। इस दौरान साक्ष्य संकलन कर सभी विवेचनाओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। बैठक में एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा संतोष कुमार, आलोक कुमार सिंह सहित सभी थानों के विवेचक मौजूद रहे। (संवाद)

# 13 वारंटी गिरफ्तार

श्रावस्ती। थाना क्षेत्र सिरसिया, हरदत्त नगर गिरंट व इकौना पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान 13 वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सिरसिया के चौबेपुर निवासी शरीफ, नंदनगर भेला निवासी नानबाबू, बडरहवा निवासी फकीरे, लोनियनपुरवा निवासी लोनिया उर्फ शिवप्रसाद, गैंडीह निवासी भानु प्रकाश, हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के गलगलकोटिया निवासी पुत्तीलाल आदि व इकौना थाना क्षेत्र के बेचूबाबा निवासी बसंतलाल का नाम शामिल है। स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# मार्ग दुर्घटना में युवक घायल

श्रावस्ती। थाना क्षेत्र सिरसिया के ग्राम चिल्हरिया निवासी ओम प्रकाश गिरी (35) सोमवार बाइक से कहीं गया था। देर रात वह बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर चिल्हरिया मोड़ के पास पहुंचा। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। (संवाद)